खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26° C
न्यूनतम : 16° C

लखनऊ, मंगलवार 7 अप्रैल 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 150 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2083 18 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सत्ता नहीं, संस्कार की है भाजपा की विकास यात्राः योगी पेज 2



ऑरेंज कैप की दौड़ में समीर रिजवी सबसे आगे खेल टाइम्स



राजनीति का नया भूगोल लोकसभा विस्तार व नारी शक्ति का नया उदय सम्पादकीय



युद्ध कई साल चला, तो भी नहीं होगी मिसाइलों की कमीः ईरान पेज 12

# ईरान ने ठुकराया युद्धविराम का प्रस्ताव, हमले जारी रहने तक नहीं होगी सीधी बातचीत

**तेहरान, वार्ता**

**पश्चिम एशिया** में जारी संघर्ष थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक तरफ अमेरिका की ओर से सैन्य कार्रवाई की चेतावनियां मिल रही हैं, तो दूसरी ओर ईरान खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी संपत्तियों को निशाना बना रहा है।

इस बीच, ईरान ने सोमवार को कहा कि उसने मध्यस्थों की ओर से पेश किए गए प्रस्तावों पर अपना जवाब तैयार कर लिया है। हालांकि, उसने यह भी कहा कि जब तक अमेरिका व इजरायल हमले तेज करते रहेंगे, वह सीधी वार्ता में शामिल नहीं होगा। ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका का 15 सूत्रीय प्रस्ताव अत्यधिक मांगों वाला है। हमने अपनी मांगों का एक अलग सेट तैयार कर लिया है और उसे औपचारिक रूप दे दिया है। इस संभावना को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है कि इस्फहान में पायलट बचाव अभियान केवल एक छल-कपट था, जिसका मकसद ईरान के संवर्धित यूरेनियम को जब्त करना था। यह युद्धविराम विरोधी पक्ष को फिर से संगठित होने और अपनी कार्रवाई जारी रखने का मौका दे सकता है। मंत्रालय ने कहा कि ओमान के साथ बातचीत का फोकस होर्मुज स्ट्रेट के जरिये जहाजों के सुरक्षित मार्ग के लिए एक प्रोटोकॉल बनाने पर है। तेहरान में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने कहा कि जरूरत पड़ने पर तेहरान 'अपनी पूरी ताकत' से अपने देश की रक्षा करेगा।



■ **अस्थायी युद्धविराम के बदले होर्मुज स्ट्रेट खोलने से किया इन्कार**

## ईरान की सबसे बड़ी गैस फील्ड पर इजरायल का हमला

**तेल अवीव/तेहरान।** इजरायल ने सोमवार को ईरान की साउथ पार्स गैस फील्ड पर फिर से मिसाइल हमला किया। यह दुनिया की सबसे बड़ी गैस फील्ड है, जो ईरान और कतर के बीच फैली हुई है।

इससे पहले इजरायल ने 18 मार्च को भी इस गैस फील्ड पर हमला किया था। तब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा था कि उन्हें इस हमले की कोई जानकारी नहीं थी। तब ट्रम्प ने ये भी कहा था कि इस तरह के और हमले नहीं होने चाहिए। वहीं सोमवार को जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकाने के पास भी धमाकों की आवाज सुनी गई। न्यूज एजेंसी के मुताबिक यह हमला अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाकर किया गया। ईरान ने धमकी दी है कि अगर अमेरिका और इजरायल के हमले बढ़े, तो वह ग्लोबल सप्लाई चेन को ठप कर देगा।

■ **ट्रम्प ने यहां अटैक करने से मना किया था, जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकाने के पास धमाका**

## हमले में IRGC के खुफिया एजेंसी के प्रमुख की मौत

**तेहरान।** आईआरजीसी के खुफिया संगठन के प्रमुख मेजर जनरल मजीद खादमी की अमेरिका-इजरायल के हमले में मौत हो गई है। आईआरजीसी ने सोमवार को एक बयान में इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि आईआरजीसी के खुफिया संगठन के प्रमुख मजीद खादमी की सोमवार सुबह अमेरिकी-इजरायली हमले में मौत हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली विस की सुरक्षा में चूक, बैरियर तोड़कर घुसी कार

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा कैंपस में सोमवार दोपहर को सुरक्षा में चूक हुई। दोपहर करीब 2 बजे यूपी नंबर की कार वीआईपी एंट्री वाला गेट नंबर-2 की बैरिकेडिंग तोड़कर अंदर घुसी। कार ड्राइवर ने नकाब पहना हुआ था। अधिकारियों के मुताबिक ड्राइवर सीधे विधानसभा स्पीकर विजेंद्र गुप्ता के कार्यालय की ओर गया और पोर्च के पास गुलदस्ता रखकर कार समेत मौके से फरार हो गया। हालांकि बम जैसी कोई चीज नहीं मिली। घटना के बाद दिल्ली पुलिस मौके पर पहुंची है। गेट नंबर 2 पर अब सीआरपीएफ की तैनाती की गई है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक दिल्ली पुलिस ने आरोपी समेत 3 लोगों को हिरासत में लिया। हिरासत में लिए गए लोगों में से एक उत्तर प्रदेश के पीलीभीत का रहने वाला सरबजीत है।

### दो जहाज जल्द 60 हजार टन एलपीजी लेकर पहुंचेंगे भारत

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बावजूद भारत के लिए राहत की खबर है। सरकार ने बताया कि एलपीजी (रसोई गैस) लेकर आ रहे भारत के दो जहाज सुरक्षित रूप से होर्मुज स्ट्रेट पार कर चुके हैं और जल्द भारत पहुंचेंगे। इन जहाजों के नाम ग्रीन सान्वी और ग्रीन आशा हैं। इनमें कुल मिलाकर 60 हजार टन से ज्यादा गैस है। ग्रीन सान्वी 7 अप्रैल और ग्रीन आशा 9 अप्रैल तक भारत पहुंच सकते हैं। सरकार के मुताबिक, दोनों जहाज पूरी तरह सुरक्षित हैं और इनमें भारतीय नाविक भी सवार हैं। एक जहाज में करीब 46 हजार टन और दूसरे में लगभग 15 हजार टन गैस है।

### ब्रह्मोस प्रोजेक्ट से जुड़े अलेक्जेंडर लियोनोव की मौत

**मास्को।** ब्रह्मोस मिसाइल प्रोजेक्ट से जुड़े रूस के प्रमुख वैज्ञानिक अलेक्जेंडर लियोनोव का 74 साल की उम्र में निधन हो गया है। वे रूस के प्रमुख मिसाइल डिजाइनरों में शामिल थे। लियोनोव एनपीओ माशिनोस्ट्रोएनिया के सीईओ और चीफ डिजाइनर थे, जो भारत-रूस की ब्रह्मोस एयरोस्पेस का प्रमुख साझेदार है। उन्हें उन्नत मिसाइल तकनीक के विकास के लिए जाना जाता था। उन्होंने जिरकान हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल समेत कई अहम प्रोजेक्ट्स में योगदान दिया। उन्होंने ग्रेनिट, वल्कन और बास्टियन जैसे मिसाइल और कोस्टल डिफेंस सिस्टम्स के विकास में भी भूमिका निभाई थी।

# बंगाल SIR: सुप्रीम कोर्ट गंभीर

## मतदाता सूची अपडेट करने के लिए तय की एक दिन की समयसीमा

### ट्रिब्यूनल को भी निर्देश जारी किए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची अपडेट के लिए एक दिन की समयसीमा तय की है।

शीर्ष कोर्ट ने विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) न्यायाधिकरणों को दस्तावेजों को फिर से देखने का आदेश दिया है। शीर्ष कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि हमने न्यायाधिकरणों से अनुरोध किया है कि वे पूरी दस्तावेजी प्रक्रिया को फिर से देखें, जिसमें न्यायिक अधिकारियों की ओर से दिए गए कारण भी शामिल हैं, ताकि किसी भी तरह के संदेह को दूर किया जा सके। कोर्ट ने यह भी कहा कि हमने उनसे अनुरोध किया है कि पक्षों की निष्पक्ष सुनवाई की जाए। निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से हटाए गए लोगों के दावों और आपत्तियों पर न्यायिक अधिकारियों ने अब तक 59 लाख से अधिक मामलों का निपटारा कर दिया है। आयोग ने कोर्ट को बताया कि बाकी बचे दावों और आपत्तियों पर दिन में फैसला किया जाएगा, ताकि सभी मामलों का निपटारा समय पर हो सके। आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि शेष मतदाताओं की पूरक सूची आज रात प्रकाशित की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने उस पत्र का हवाला दिया, जो कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने भेजा था। इस पत्र में बताया गया कि हटाए गए 60 लाख मतदाताओं के दावों पर लगातार काम चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि मालदा जिले में लगभग आठ लाख दावों का निपटारा कर दिया गया है। कोर्ट ने इस प्रगति पर संतोष जताया और कहा कि शेष मामलों का निपटारा भी जल्द पूरा होना चाहिए।

### मालदा घटना: हाईकोर्ट सीजे का फोन न उठाने पर मुख्य सचिव को लगाई फटकार, कहा- माफी मांगो

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में न्यायिक अधिकारियों के घेराव की घटना को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव को कड़ी फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल पुलिस को मालदा के मामले से जुड़े दस्तावेज एनआईए को सौंपने का निर्देश दिया और कहा कि स्थानीय पुलिस पर भरोसा नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने अपने विशेष अधिकार अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल करते हुए मालदा की घटना से जुड़े सभी मामलों की जांच एनआईए को सौंप दी है।

### राजमार्ग पर आवारा पशु सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार और अन्य को सुप्रीम नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर आवारा पशुओं को नियंत्रित करने की एक याचिका पर केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी किए हैं। न्यायालय ने देश के राजमार्गों पर आवारा पशुओं के प्रबंधन से जुड़े विषयों में संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने की मांग वाली एक याचिका पर जवाब मांगा है। 'लॉयर्स फॉर ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल' द्वारा दायर इस याचिका में राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर विशेष रूप से दुर्घटना-संभावित हिस्सों पर अनिवार्य रूप से बाड़ लगाने की मांग की गई थी।



# सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव खारिज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्षी दलों द्वारा लाया गया महाभियोग प्रस्ताव खारिज कर दिया गया है। 190 से अधिक सांसदों के हस्ताक्षर वाले इस प्रस्ताव को 6 अप्रैल 2026 को राज्यसभा के सभापति द्वारा खारिज किया गया। विपक्ष ने उन पर मतदाता सूची में हेरफेर और पक्षपातपूर्ण व्यवहार के आरोप लगाए थे।

टीएमसी के नेतृत्व में विपक्ष ने लोकसभा और राज्यसभा में नोटिस दिया था, लेकिन यह बजट सत्र में आगे नहीं बढ़ पाया। विपक्ष ने ज्ञानेश कुमार पर मतदाता सूची से नाम हटाने, चुनावी प्रक्रिया में पक्षपात और सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया था। सीईसी को हटाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के समान महाभियोग की कठिन प्रक्रिया (विशेष बहुमत) की आवश्यकता होती है, जो भारत में अब तक किसी सीईसी के खिलाफ नहीं हुई। यह भारत के संसदीय इतिहास में किसी सेवारत मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग की पहली कोशिश थी। सूत्रों के मुताबिक इस पहल की शुरुआत टीएमसी ने की थी। पार्टी ने अन्य विपक्षी दलों को मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए सहमत किया। इससे पहले टीएमसी के वरिष्ठ सांसद सौगत राय ने कहा था कि उनकी पार्टी संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत मुख्य निर्वाचन आयुक्त को हटाने का प्रस्ताव लाएगी। उन्होंने आरोप लगाया था कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में मतदाताओं को संदेह के दायरे में डाल दिया गया है। राय का दावा था कि करीब 59 लाख मतदाताओं को एडजुडिकेशन लिस्ट में रखा गया है जो बेहद बड़ी संख्या है और इससे चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठते हैं।एक वरिष्ठ सांसद के अनुसार हस्ताक्षर करने वालों में इंडिया गठबंधन के लगभग सभी घटक दलों के सांसद शामिल रहे। आम आदमी पार्टी के सांसदों ने भी इस पर हस्ताक्षर किए थे। हालांकि पार्टी अब औपचारिक रूप से विपक्षी गठबंधन का हिस्सा नहीं है, फिर भी उसने इस पहल का समर्थन किया है। कुछ निर्दलीय सांसदों के भी नोटिस पर हस्ताक्षर करने की जानकारी मिली थी।



■ **190 से अधिक सांसदों ने किए थे हस्ताक्षर**

■ **इतिहास में पहली बार आया था सीईसी को हटाने का प्रस्ताव**

### उप्र में RO व ARO परीक्षा का परिणाम घोषित, 419 सफल

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने समीक्षा अधिकारी (आरओ) एवं सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) परीक्षा-2023 का परिणाम रविवार देर रात घोषित कर दिया। आयोग के सचिव अशोक कुमार ने बताया कि परीक्षा में कुल 419 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है, जिनमें 338 समीक्षा अधिकारी तथा 81 सहायक समीक्षा अधिकारी शामिल हैं। परिणाम के अनुसार अनिल पांडेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जबकि आदित्य प्रताप सिंह दूसरे तथा लक्ष्मी वर्मा तीसरे स्थान पर रहीं।

# बागपत में तोतों के तीन तस्कर अरेस्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुलिस और एनिमल वेलफेयर एसोसिएशन की टीम ने ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के पास से 170 दुर्लभ प्रजाति के तोते बरामद किए हैं। इस मामले में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि उनके दो साथी मौके से फरार हो गए।

यह कार्रवाई मवीकला टोल के निकट एक संदिग्ध गाड़ी को रोकने के बाद की गई। गाड़ी की तलाशी के दौरान उसमें सात प्लास्टिक के बक्से मिले, जिनमें तोतों को तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। पुलिस और एनिमल वेलफेयर एसोसिएशन की टीम पूरे मामले की जांच में जुटी है। एनिमल वेलफेयर ऑफिसर गौरव गुप्ता ने बताया कि उन्हें तोतों की तस्करी के संबंध में सूचना मिली थी। इसके बाद एक जाल बिछाया गया और बागपत पुलिस से संपर्क किया गया। गिरफ्तार किए गए तस्करों की पहचान कन्नौज निवासी खुर्शीद, मोहसिन और राजा के रूप में हुई है। फरार हुए दो साथियों के नाम शमीम और सोहराब बताए गए हैं, जिनकी तलाश जारी है। गुप्ता ने यह भी जानकारी दी कि ये तोते राजस्थान से गाजियाबाद के लोनी ले जाए जा रहे थे। तस्कर एक निजी गाड़ी का इस्तेमाल कर रहे थे। सूचना के आधार पर ही इन आरोपियों को पकड़ा गया। फिलहाल, बागपत पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार तस्करों की तलाश में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही फरार आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



■ **आरोपियों से 170 दुर्लभ तोते बरामद**

# मुजफ्फरनगर में तीन को फांसी की सजा सुनाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर के सनसनीखेज कांड अधिवक्ता समीर सैफी अपहरण हत्या और लाश को छुपाने के मामले में अदालत ने एक एतिहासिक फैसला सुनाते हुए तीन दोषियों को फांसी की सजा सुनाई है, जबकि इस कांड के सहयोगी नौकर को सात वर्ष की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने इसमें दस लाख रुपये का आर्थिक दण्ड भी लगाया है। इस फैसले के बाद पीडित परिवार ने कोर्ट का शुक्रिया ही नहीं किया, राहत की सांस भी ली है।

बता दे कि 15 अक्टूबर 2019 को अधिवक्ता समीर सैफी अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए थे। काफी समय बाद भी जब समीर सैफी घर नहीं लौटे, तो परिवार की चिंता ने उन्हें थाने तक पहुंचा दिया था। अधिवक्ता के संबंध में नगर कोतवाली पुलिस को जानकारी दी गई, जहां परिवार के लोग पुलिस समीर सैफी की तलाश में जुट गए थे। 19 अक्टूबर को अधिवक्ता समीर सैफी का शव भोपा थाना क्षेत्र के गांव सीकरी के जंगल में दबा हुआ मिला था। अधिवक्ता का शव मिलने के बाद यह मामला पूरी तरह सनसनीखेज बन गया था और इस मामले की छानबीन के दौरान पुलिस ने पाया था कि यह मामला 45 लाख रुपये के लेनदेन का विवाद था। पुलिस ने गहनता से छानबीन की, तो सामने आया कि पहले समीर का अपहरण किया गया और कार में बैठाकर उनको सीकरी स्थित एक फार्म हाउस पर ले जाया गया, जहां गला दबाकर हत्या करने के बाद शव को मिट्टी में दबा दिया था, यानी कि मुल्जिमों ने साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से यह वारदात की थी, लेकिन आरोपी ज्यादा दिन तक कानून के शिकंजे से नहीं बच सके। पुलिस ने इस मामले में सोनू उर्फ रिजवान पुत्र अजहर खान निवासी गढ़ी गौरवान बकरा मार्किट, सिंगौर अल्वी पुत्र मुंतकी अल्वी व शालू उर्फ अरबाज पुत्र मशकूर खान निवासीगण गढ़ीगौरवान बकरा मार्किट थाना शहर कोतवाली आदि को जेल भेज दिया था। यह मामला अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट तृतीय के यहां विचाराधीन था। इस मामले में नौकर दिनेश पुत्र कमल सिंह निवासी ग्राम सीकरी थाना भोपा का रोल लाश छिपाने में दिखा गया था। यह गिरफ्तारी 20 अक्टूबर 2019 में की गई थी।

■ **कोर्ट ने अधिवक्ता के दोषियों पर 10-10 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया**

# भाजपा के स्थापना दिवस पर राष्ट्र प्रथम का संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भाजपा के 47वें स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ कई वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं और 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प को दोहराया।

श्री नवीन ने इस मौके पर भाजपा मुख्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए 'राष्ट्र सर्वोपरि' के संकल्प को दोहराया और 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनसंघ से लेकर दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनने तक का यह सफर कार्यकर्ताओं के त्याग और समर्पण का परिणाम है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो और असम में एक चुनावी रैली के माध्यम से कार्यकर्ताओं को बधाई दी और राष्ट्र प्रथम का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा 'राष्ट्र प्रथम' के सिद्धांत पर चलते हुए समाज सेवा में अग्रणी रही है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं की निस्वार्थ सेवा, समर्पण और सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों ने पार्टी को आज इस मुकाम तक पहुंचाया है। उन्होंने उन अनगिनत कार्यकर्ताओं को भी याद किया, जिनके त्याग और बलिदान ने पार्टी के विकास को आकार दिया। श्री मोदी ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी के रूप में खड़ी है, जो लोगों की भलाई को अपने दृष्टिकोण के केंद्र में रखती है। यह केंद्र और विभिन्न राज्यों में हमारे काम में भी झलकता है। भाजपा एक 'विकसित भारत' बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमारा सामूहिक संकल्प इस दृष्टिकोण को आगे बढ़ाता रहे और भारत को प्रगति और समृद्धि की नई ऊंचाइयों पर ले जाए। गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संदेश में कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा से प्रेरित भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र पुनर्निर्माण का संकल्प है।





■ **'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एकजुट होने की जरूरत: पीएम मोदी**

## संक्षिप्त समाचार

### भारी भूस्खलन से श्रीनगर-जम्मू नेशनल हाईवे बंद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में बारिश के कारण भूस्खलन और चटानों से पत्थर गिरने के बाद जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-44) पर सोमवार तड़के यातायात रोक दिया गया। इससे सैकड़ों गाड़ियां फंस जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ट्रैफिक अधिकारियों के अनुसार आज सुबह करीब 3 बजे रामबन जिले में करोल ब्रिज और चंदरकोट के बीच सुरंगों में भूस्खलन और भारी पत्थर की घटना हुई, जिसकी वजह से हाईवे के दोनों तरफ का रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया। ट्रैफिक अधिकारियों ने बताया कि जम्मू से श्रीनगर और श्रीनगर से जम्मू आने वाली सभी गाड़ियों को रास्ते में ही रोक दिया गया है और फिलहाल किसी भी तरह की आवाजाही की अनुमति नहीं थी। संबंधित विभाग की टीमें सड़क को ठीक करने के लिए मौके पर हैं, लेकिन लगातार पत्थर गिरने के कारण काम पर असर पड़ रहा है। ट्रैफिक अधिकारियों ने यात्रियों से अपील की है कि जब तक स्थिति सामान्य नहीं हो जाती, वे गैर-जरूरी यात्रा न करें।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दोहराया राष्ट्र प्रथम का संकल्प

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने 'राष्ट्र प्रथम' के मूल मंत्र को दोहराते हुए सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने पार्टी से जुड़े नेताओं ने अपने विचार साझा करते हुए संगठन की यात्रा, संघर्ष और उपलब्धियों को याद किया। अपने संदेश में चौधरी ने कहा कि एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में शुरू हुई उनकी राजनीतिक यात्रा का उद्देश्य हमेशा राष्ट्रसेवा रहा है।

### कोविड जैसी अव्यवस्था अब एलपीजी संकट में भी है: राहुल

# श्रमिकों के लिए रसोई गैस हो गई पहुंच से बाहर

नई दिल्ली, वार्ता



- रात को घर लौटते मजदूर के पास चूल्हा जलाने के लिए पैसे नहीं
- कूटनीति की मेज पर हुई चूक को स्वीकार नहीं कर रही सरकार

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास रसोई गैस (एलपीजी) संकट से निपटने की कोई नीति नहीं है और इस समय भी वही अवस्था देखने को मिल रही है जो देश के लोगों ने कोविड के समय देखी थी।

गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- मोदी जी ने कहा था - एलपीजी संकट को कोविड की तरह हैंडल करेंगे और सच में वही किया। बिल्कुल कोविड के जैसे ही नीति शून्य, घोषणा बड़ी और बोझ गरीबों पर। हर रोज 500-800 की दिहाड़ी कमाने वाले प्रवासी श्रमिकों के लिए रसोई गैस पहुंच से बाहर हो गई है। रात को घर लौटते मजदूर के पास चूल्हे जलाने तक के पैसे नहीं। नतीजा शहर छोड़ो, गांव भागो। उन्होंने कहा कि जो मजदूर कपघ मिल्स और फैक्टरियों की रीढ़ हैं, आज वही टूट रहे हैं। कपड़ा क्षेत्र पहले से ही गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में है। विनिर्माण क्षेत्र दम तोड़ रहा है। गांधी ने इस संकट की वजह बताते हुए कहा और यह संकट आया कहां से। कूटनीति की मेज पर हुई उस चूक से जिसे सरकार आज तक स्वीकार नहीं करती। जब अहंकार नीति बन जाए तो अर्थव्यवस्था चरमराती है, मजदूर पलायन करते हैं, उद्योग बर्बाद होते हैं और देश दशकों पीछे धकेल दिया जाता है। उन्होंने संकट के समय लोगों को चुप नहीं रहने का आह्वान करते हुए कहा कि सवाल एक ही है कि हर संकट में सबसे पहले गरीब क्यों मरता है। चुप मत रहो। यह सिर्फ़ गरीब का नहीं, हम सबका सवाल है।

### पुड्डुचेरी के बेरोजगार युवकों को मिलेंगे दो हजार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को पुडुचेरी में एक जनसभा को संबोधित किया और पार्टी का घोषणापत्र जारी किया। गांधी ने अपने संबोधन में प्रदेश के विकास, युवाओं, महिलाओं और आम नागरिकों के हित में कई अहम वादों का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर बेरोजगार युवाओं को हर महीने 2 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी, जिससे उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने में मदद मिलेगी। इसके साथ उन्होंने निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों में 30 हजार नए रोजगार सृजित करने और महिलाओं को राहत के तौर पर पुड्डुचेरी की बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा देने का वादा किया। वहीं सरकारी नौकरियों के लिए अधिकतम आयु सीमा को बढ़ाकर 40 वर्ष करने की भी घोषणा की गई है।

### पुड्डुचेरी का शासन स्थानीय लोग चलाएं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पुड्डुचेरी को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के लिए जरूरी कदम उठाने का वादा करते हुए कहा है कि वहां जनहित का शासन होना जरूरी है और इसके लिए शासन स्थानीय जनता द्वारा ही चलाया जाना चाहिए। गांधी ने सोमवार को एक पोस्ट में कहा कि पुड्डुचेरी का शासन वहां की जनता द्वारा चलाया जाना चाहिए। उनका कहना था कि पुड्डुचेरी में अगर कांग्रेस गठबंधन सरकार बनती है, तो वह जनहितकारी होने के वादों पर आधारित होगी।

# सत्ता नहीं, संस्कार की है भाजपा की विकास यात्रा

गोरखपुर, वार्ता



- बीजेपी के 47वें स्थापना दिवस पर बोले योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित हिंदू सेवाश्रम भवन की छत पर पार्टी का झंडा फहराया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर झडे के सम्मुख पार्टी पदाधिकारियों के साथ सेल्फी ली और सभी को स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए एक सोशल मीडिया संदेश में कहा कि भाजपा की विकास यात्रा सत्ता की नहीं, संस्कार की है। विस्तार की नहीं, विचार की है। अंत्योदय से राष्ट्रोद के संकल्प की सिद्धि की है। भाजपा के स्थापना दिवस पर सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए योगी ने कहा कि विश्व के सबसे विशाल राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की सभी समर्पित कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई। भाजपा इंडिया मात्र एक राजनीतिक संरचना नहीं, बल्कि श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी, डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी और भारत रत्न श्रद्धेय अटल जी के उदात्त लोकतांत्रिक आदर्शों एवं सात्विक सनातनी जीवन मूल्यों से अभिसिचित एक जीवंत विचार परंपरा है। उन्होंने लिखा- राष्ट्र प्रथम की भावना से ओतप्रोत यह राष्ट्रवादी परिवार आज एक विशाल वटवृक्ष बन चुका है, जो सेवा, संस्कार और समर्पण के संकल्प के साथ 145 करोड़ देश वासियों की आशाओं और आकांक्षाओं को निरंतर शक्ति दे रहा है। भाजपा की यह विकास यात्रा सत्ता की नहीं, संस्कार की है।

# यूपी में आज से नौ अप्रैल तक आंधी, बारिश व ओलों का अलर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** पिछले दो दिन आंधी बारिश की मार झेलने के बाद सोमवार को फौरी राहत महसूस कर रहे उत्तर प्रदेश के लोगों को एक बार फिर मौसम की बेरुखी का सामना करना पड़ सकता है।

मौसम विभाग ने प्रदेश में सात से नौ अप्रैल के बीच तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि की संभावना को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। 7 अप्रैल से पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बारिश का दौर शुरू होकर 9 अप्रैल तक पूर्वी हिस्सों में भी असर दिखेगा। इस दौरान कई जिलों में 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने, गरज-चमक और ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने बताया कि आठ अप्रैल को तापमान में 6 से 8 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है, जबकि इसके बाद फिर बढ़ोतरी होने की संभावना है। विशेष रूप से पश्चिमी और मध्य उत्तर प्रदेश के कई जिलों में ओलावृष्टि और तेज हवाओं का ज्यादा प्रभाव देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने, अनावश्यक यात्रा से बचने और किसानों को फसलों की सुरक्षा के लिए जरूरी उपाय करने की सलाह दी है।

# शराब नीति केस: अब 13 अप्रैल को सुनवाई

नई दिल्ली, वार्ता



- केजरीवाल समेत 23 बरी के खिलाफ हाई कोर्ट में है याचिका

दिल्ली हाई कोर्ट में दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मामले में सुनवाई के दौरान आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वो खुद अपनी दलील पेश करेंगे। कोर्ट ने केजरीवाल की उस अर्जी को रिकॉर्ड पर लिया, जिसमें उन्होंने जस्टिस स्वर्ण कांता को सुनवाई से हटाने की मांग की है। अब अगली सुनवाई 13 अप्रैल को 2.30 बजे होगी।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जस्टिस स्वर्णकांता से मामले की सुनवाई से हटने की अपील की है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट में दलील रखी। उन्होंने केजरीवाल की एप्लिकेशन का विरोध किया। केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने जज को हटाने के लिए कोर्ट में रिक्यूजल (सुनवाई से हटने) एप्लिकेशन फाइल की हैं। सॉलिसीटर जनरल ने उन्हें टोका और कहा कि ये हमारी एप्लिकेशन है। तुषार मेहता ने कहा कि कुछ लोगों ने आरोप लगाना अपना कैरियर बना लिया है। उन्होंने कहा कि इनके वकील मौजूद हैं, अगर खुद ही बात रखनी है, तो वकील क्यों हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक 7 लोगों ने इस तरह की एप्लिकेशन दायर की है। धीरे-धीरे सभी आएंगे। उनको कोर्ट पर भरोसा नहीं है? उन्होंने एप्लिकेशन को रिजेक्ट किया जाए। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने नियमों के तहत एप्लिकेशन फाइल की है और वो जिरह के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि वो इस आवेदन पर खुद जिरह करेंगे। उन्होंने कहा कि इस मामले में मैंने किसी को वकालतनामा नहीं दिया है। कोर्ट ने केजरीवाल से पूछा कि क्या आप अपने केस की जिरह खुद करेंगे, इस पर उन्होंने कहा कि वो खुद बहस करेंगे। तुषार मेहता ने कहा कि यह बहुत गंभीर मामला है। देश की राजधानी में न्यायपालिका पर आरोप लगाया जा रहा है। कोर्ट ने कहा कि जो लोग इस मामले में जज को सुनवाई से हटने के लिए अर्जी दाखिल करना चाहते हैं, उन्हें ऐसा करने दें। कोर्ट ने कहा कि ये मामला कोर्ट के सामने नहीं आया था। तुषार मेहता ने कहा कि हम अपना जवाब मंगलवार को पेश करेंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह के आरोप कोर्ट की अवहेलना है। केजरीवाल की जज बदलने की याचिका पर कोर्ट सोमवार को दोपहर 2:30 बजे सुनवाई करेगी।

### इलाज खर्च में सरकार करेगी भरपूर मदद

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे लोगों को आश्वस्त किया कि वे उच्चीकृत अस्पताल से इस्टीमेट मंगवा लें और इलाज खर्च में सरकार भरपूर आर्थिक मदद करेगी। मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात की।

मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों से एक-एक करके समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। योगी ने इसे लेकर अफसरों को निर्देशित भी किया और कहा कि जिन लोगों को उपचार में आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से पूरा कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी परेशान होने या घबराने होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का प्रभावी समाधान कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 74106.85
निफ्टी 22968.25



सोना 148000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 231000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन तेजी

मुंबई, वार्ता

**एक प्रतिशत से अधिक चढ़े प्रमुख सूचकांक**



विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी देखने को मिली और प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में करीब 591अंक लुढ़कने के बाद दोपहर बाद हुई लिवाली से 787.30 अंक (1.07 प्रतिशत) चढ़कर 74,106.85 अंक पर रहा। यह 25 मार्च के बाद पहली बार 74 हजार अंक से ऊपर बंद हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी- 50 सूचकांक भी 255.15 अंक यानी 1.12 प्रतिशत की बढ़त में 22,968.25 अंक पर बंद हुआ। यह इसका भी 25 मार्च के बाद का उच्चतम बंद स्तर है। रुपये में जारी तेजी और सेवा क्षेत्र के पीएमआई के सकारात्मक आंकड़े आने से घरेलू शेयर बाजारों में निवेश धारणा मजबूत हुई है। मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.55 फीसदी और स्मॉलकैप- 100 सूचकांक 1.29 फीसदी ऊपर रहा। तेल एवं गैस और मीडिया समूहों को छोड़कर सभी सेक्टरों में लिवाली हावी रही। बैंकिंग, वित्त, रियलटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक दो प्रतिशत से ज्यादा चढ़े। ऑटो, धातु, एफएमसीजी और आईटी समूहों में भी अच्छी तेजी रही। एनएसई में कुल 3,346 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 2,511 के शेयर बढ़त में और 746 के नुकसान में बंद हुए। अन्य 89 कंपनियों के शेयर अंत में अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 28 के शेयर हरे निशान में बंद हुए। ट्रेंट में सबसे अधिक 7.89 प्रतिशत की तेजी रही। एक्सिस बैंक का शेयर 3.94 फीसदी, टाइटन का 3.58, एलएंडटी का 3.19, अल्ट्राटेक सीमेंट का 3.06, बजाज फाइनेंस का 2.93, इंडिगो का 2.75, एचडीएफसी बैंक का 2.68 और बजाज फिनसर्व का दो प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। पावरग्रिड का शेयर 1.83 प्रतिशत, एनटीपीसी का 1.71, बीईएल का 1.35, भारतीय स्टेट बैंक का 1.29, आईसीआईसीआई बैंक का 1.25 और टाटा स्टील का 1.06 प्रतिशत मजबूत हुआ।

### सोना 1.48 लाख पर पहुंचा, चांदी 2.31 लाख प्रति किलो

**नई दिल्ली।** सोमवार को सोना-चांदी के दाम में तेजी दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,283 रुपए बढ़कर 1.48 लाख रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले 3 अप्रैल को इसकी कीमत 1.47 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी। एक किलो चांदी 3,215 रुपए बढ़कर 2.31 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले शुक्रवार को इसकी कीमत 2.28 लाख रुपए प्रति किलो थी। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 14,696 रुपए और चांदी 608 रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.48 लाख रुपए पर पहुंच गया है।

# चावल मजबूत, चीनी नरम, दालों और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को जहां चावल की औसत कीमतें बढ़ी, वहीं गेहूं की कीमत लगभग स्थिर रही, जबकि चीनी में नरमी की रुख रहा।

दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 29 रुपये बढ़कर 3,856 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। गेहूं 2,785 रुपये प्रति क्विंटल पर कमोबेश स्थिर रहा। आटे की कीमत सात रुपये प्रति क्विंटल घट गई। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। मसूर दाल की औसत कीमत 59 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। तुअर दाल 24 रुपये और उड़द दाल 19 रुपये महंगी हुई। मूंग दाल 22 रुपये प्रति क्विंटल नीचे बोली गई। चना दाल की कीमत लगभग अपरिवर्तित रही। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा 27 रिंगिट गिरकर 4,812 रिंगिट प्रति टन पर रहा। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 68.94 सेंट प्रति पौंड पर स्थिर रहा। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल 41 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सोया तेल की कीमत 28 रुपये और सूरजमुखी तेल की 24 रुपये गिर गई। मूंगफली तेल 14 रुपये महंगा हुआ। वनस्पति की कीमत पांच रुपये और पाम ऑयल की चार रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 16 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। चीनी भी छह रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7680.27 रुपये, मसूर काली 8071.11 रुपये, मूंग दाल 10154.82 रुपये, उड़द दाल 10792.06 रुपये, तुअर दाल 11265.18 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2784.56 रुपये और चावल 3855.55 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3271.92 रुपये प्रति क्विटल रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग और स्टार्टअप हब के रूप में उभर रहा उत्तर प्रदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

- दिव्यास्त्र एमके-1 दस हजार फिट उड़ान भर सकता है

**लखनऊ।** कभी अवैध हथियारों और 'तमंचों' के लिए बदनाम रहा उत्तर प्रदेश अब तेजी से अपनी नई पहचान गढ़ रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग और स्टार्टअप हब के रूप में उभर रहा है। इसी बदलाव की बानगी राजधानी लखनऊ में देखने को मिली है, जहां एक निजी स्टार्टअप ने अत्याधुनिक ड्रोन तकनीक विकसित कर नई दिशा दी है।

तीन युवा उद्यमियों पवन, रविंद्र पाल सिंह और सौरभ सिंह द्वारा स्थापित कंपनी हॉवरिट ने 'दिव्यास्त्र एमके-1' नामक एडवांस यूएवी तैयार किया है। यह ड्रोन आधुनिक युद्ध की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है, जो निगरानी के साथ सटीक हमले करने में सक्षम है। दिव्यास्त्र एमके-1 की प्रमुख विशेषताओं में 500 किलोमीटर की रेंज, लगभग 5 घंटे की उड़ान क्षमता और एआई आधारित टारगेटिंग सिस्टम शामिल हैं। यह ड्रोन 10,000 फीट की ऊंचाई तक उड़ान भर सकता है और करीब 15 किलोग्राम पेलोड ले जाकर सटीक निशाना साध सकता है। लागत के लिहाज से भी यह बाजार में उपलब्ध अन्य विकल्पों की तुलना में किफायती बताया जा रहा है। स्टार्टअप के संस्थापकों के अनुसार प्रदेश में बेहतर नीतियों और यूपी डिफेंस कॉरिडोर जैसी पहल के चलते उन्हें तेजी से आगे बढ़ने का अवसर मिला है। कंपनी अब भारतीय सेना के लिए ड्रोन सप्लाई करने की दिशा में काम कर रही है और शुरुआती ऑर्डर भी प्राप्त कर चुकी है। कंपनी भविष्य में 'एमके-2' वर्जन पर काम कर रही है, जिसकी संभावित रेंज 2000 किलोमीटर और पेलोड क्षमता 80 किलोग्राम तक हो सकती है। इसके लिए डिफेंस कॉरिडोर में नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित की जा रही है, जहां प्रति माह 20 ड्रोन उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अलावा कंपनी ने विभिन्न उपयोगों के लिए कई ड्रोन विकसित किए हैं, जिनमें निगरानी के लिए 'आंख' ड्रोन, 20 किलोग्राम पेलोड क्षमता वाला 'बाज' ड्रोन, बम गिराने वाले ड्रोन, वीटीओएल यूएवी (बिना रनवे के उड़ान भरने वाले) शामिल हैं।

# सेवा क्षेत्र में मार्च में बरकरार रही तेजी

**मुंबई।** पश्चिम एशिया संकट के बावजूद इस साल मार्च में सेवा क्षेत्र की तेजी बरकरार रही। एचएसबीसी द्वारा सोमवार को जारी भारत सेवा खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) रिपोर्ट में बताया गया है कि मार्च में एक ओर जहां नए कारोबार और सेवा गतिविधियों के विस्तार की गति जनवरी 2025 के बाद के निचले स्तर पर दर्ज की गई, वहीं दूसरी ओर विदेशों से मिले ऑर्डर में अब तक की दूसरी सबसे बड़ी तेजी रही।मार्च में सेवा क्षेत्र का पीएमआई 57.5 दर्ज किया गया, जो फरवरी के 58.1 से कम है। लगातार दूसरे महीने गिरने के बावजूद यह मजबूत विस्तार दिखाता है। सूचकांक का 50 से ऊपर रहना गतिविधियों में वृद्धि और इससे कम रहना गिरावट दिखाता है। वहीं 50 स्थिरता दर्शाता है। भारत में एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने आंकड़ों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मार्च में मांग मजबूत बनी रही, जिसमें विदेशों से मिले नए ऑर्डरों में साल 2024 के मध्य के बाद की सबसे बड़ी तेजी का बड़ा योगदान रहा। भविष्य को लेकर सेवा प्रदाताओं की उम्मीद सकारात्मक है। लागत की मुद्रास्फीति में हालांकि साल 2022 के बाद सबसे तेज वृद्धि देखने को मिली है, जो ईंधन, परिवहन और लॉजिस्टिक्स की बढ़ती लागत की ओर इशारा करता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सिर्फ कारोबारी गतिविधियों की बात करें, तो इसमें 14 महीने की सबसे सुस्त वृद्धि हुई है। पश्चिम एशिया संकट का असर उत्पादन पर देखने को मिला है, क्योंकि इससे मांग, बाजार की परिस्थिति और पर्यटन प्रभावित हुआ है।

# फार्मर रजिस्ट्री के लिए 15 अप्रैल तक चलेगा विशेष अभियान

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कैम्प लगाकर किसानों का पंजीकरण होगा

**लखनऊ।** किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी और सुगम तरीके से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है। यह अभियान 15 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में संचालित होगा। इसके तहत प्रत्येक ग्राम सचिवालय में कैंप लगाकर किसानों का पंजीकरण कराया जाएगा।

सरकार की इस पहल का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक किसानों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ना है, ताकि उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना समेत अन्य कृषि योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। अभियान के दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे। निर्देश दिए गए हैं कि शि. विरों के माध्यम से शेष कृषकों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए और नाम या अन्य विवरणों में मौजूद त्रुटियों का मौके पर ही निराकरण किया जाए।

इस कार्य में ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव और लेखपालों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। लेखपालों को अपने क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम एक शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान में ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों की अहम भूमिका तय की गई है, ताकि हर पात्र किसान का पंजीकरण सुनिश्चित किया जा सके। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि कैंप के दौरान किसानों को आवश्यक दस्तावेजों की पूरी जानकारी दी जाए और रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को सरल व त्वरित बनाया जाए। प्रदेश में अब तक 1,72,06,355 किसानों को पीएम किसान योजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जा चुका है, हालांकि अभी भी बड़ी संख्या में किसान पंजीकरण से वंचित हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए इस विशेष अभियान की शुरुआत की जा रही है।

सरकार का मानना है कि इस पहल से न केवल किसानों का सटीक डाटाबेस तैयार होगा, बल्कि भविष्य में कृषि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और तेजी भी आएगी।

# इप्सेफ का प्रतिनिधिमंडल रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** इप्सेफ का 6 सदस्यीय प्रतिनिधिमण्डल नई दिल्ली में भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर भेंट कर देश भर के कर्मचारियों की समस्याओं का ज्ञापन दिया। रक्षामंत्री ने आश्वा. सन दिया कि कर्मचारीधशिक्षकों की समस्याओं का समाधान बहुत जल्द हो जायेगा। उन्होंने बताया कि वे भी शिक्षक रहे है। कर्मचारियोंधशिक्षकों की पीड़ा को भली-भांति समझते है।



इण्डियन पब्लिक सर्विस इम्प्लाईज फेडरेशन द्धइप्सेफत्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्र के नेतृत्व में राजनाथ सिंह रक्षामंत्री भारत सरकार से नई दिल्ली में उनके आवास पर मिल कर देशभर के कर्मचारियों की मांगों पर चर्चा की और आग्रह किया कि मांगों पर तत्काल सार्थक निर्णय कराकर कर्मचारियों के आक्रोश को दूर कराये। प्रतिनिधिमण्डल में वीपी मिश्र राष्ट्रीय अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एसबी सिंह, महासचिव प्रेमचन्द्र, उपमहासचिव अतुल मिश्रा, सचिव शाह फैजल एवं उपाध्यक्ष सुरेश रावत आदि शामिल थे। रक्षामंत्री ने उपरोक्त मांगों पर सहमति व्यक्त करते हुए कर्मचारियों के हित में निर्णय का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वे भी शिक्षक रहे है। इसलिए उपरोक्त पर न्याय किया जायेगा।

# तमंचों के लिए बदनाम उप्र अब ड्रोन हब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** पहले कभी अवैध हथियारों और 'तमंचों' के लिए बदनाम रहा उत्तर प्रदेश अब नई पहचान गढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग और स्टार्टअप हब के रूप में उभर रहा है। इसी बदलाव की मिसाल राजधानी लखनऊ में देखने को मिली, जहां एक प्राइवेट स्टार्टअप ने अत्याधुनिक ड्रोन तकनीक विकसित की है।



- **मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग और स्टार्टअप हब के रूप में उभर रहा**
- **राजधानी लखनऊ में एक प्राइवेट स्टार्टअप ने अत्याधुनिक ड्रोन तकनीक विकसित की**

यह दर्शाता है कि योगी आदित्यनाथ के विजन और नीतियों का असर जमीन पर दिख रहा है, जहां कभी अपराध की पहचान थी, वहीं अब डिफेंस टेक्नोलाजी और स्टार्टअप्स का नया युग आकार ले रहा है।उत्तर प्रदेश में युवाओं ने उन्नत ड्रोन तकनीक विकसित कर नई पहचान बनाई है। लखनऊ के स्टार्टअप का ड्रोन लंबी रेंज, एआई सिस्टम और कम लागत के साथ तैयार हुआ है। यह निगरानी और हमले दोनों में सक्षम है, जिससे राज्य डिफेंस और तकनीकी क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जोइस ड्रोन की प्रमुख खासियत इसकी 500 किलोमीटर की रेंज, लगभग 5 घंटे की उड़ान क्षमता और एआई आधारित टारगेटिंग सिस्टम है। यह 10,000 फीट तक उड़ सकता है और करीब 15 किलोग्राम तक पेलोड ले जाकर सटीक निशाना साध सकता है। लागत के मामले में भी यह बाजार के अन्य विकल्पों से काफी सस्ता बताया जा रहा है। कंपनी एमके-2 वर्जन पर भी काम कर रही स्टार्टअप के संस्थापकों का कहना है कि प्रदेश में बेहतर नीतियों और डिफेंस कारिडोर जैसी योजनाओं के चलते उन्हें तेजी से आगे बढ़ने का मौका मिला। यही कारण है कि आज यह कंपनी भारतीय सेना के लिए ड्रोन सप्लाई करने की दिशा में काम कर रही है और उसे शुरुआती आर्डर भी मिल चुके हैं।आने वाले समय में कंपनी एमके-2ह्व वर्जन पर भी काम कर रही है, जिसकी रेंज 2000 किलोमीटर और पेलोड क्षमता 80 किलोग्राम तक हो सकती है। इसके लिए यूपी डिफेंस कारिडोर में नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित की जा रही है, जहां हर महीने 20 ड्रोन उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है।यही नहीं, कंपनी ने डिफेंस सेक्टर के लिए कई तरह के ड्रोन और यूएवी विकसित किए हैं, जिनमें निगरानी के लिए आंखह्व ड्रोन, 20 किला. ग्राम तक पेलोड ले जाने वाला बाज ड्रोन, शेल द्धबमत्र गिराने वाले ड्रोन, वीटोल यूएवी (जो बिना रनवे के उड़ान भरते हैं, शामिल हैं। इसके अलावा ये कंपनी डिकाय ड्रोन दुश्मन को भ्रमित करने के लिएत्र और आईएसआर इंटेलिजेंस, सर्विलांस, रिकान यूएवी भी बना रही है, जिससे यह साफ होता है कि यह स्टार्टअप सिर्फ एक ड्रोन नहीं बल्कि निगरानी, सप्लाई और स्ट्राइक तीनों के लिए एक पूरा ड्रोन सिस्टम तैयार कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### श्री कृष्ण जन्मोत्सव का हुआ मंचन

**बांगरमऊ ।** क्षेत्र के ग्राम चहलहा स्थित मां मलहटी देवी मंदिर प्रांगण में मथुरा वृंदावन के श्री बांके बिहारी रासलीला मंडल द्वारा श्री कृष्ण जन्मोत्सव का मंचन किया गया। प्रथम दिवस में राधा कृष्ण की लीला व गोपियों के नृत्य देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए । श्री कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान रास लीला के संचालक राम सहाय शास्त्री ने वृंदावन का चित्रण करते हुए कहा कि एक बार अयोधया जाओ,दो बार द्वारिका, तीन बार जाके त्रिवेणी में नहाओगे।,चार बार चित्रकूट, सौ बार नासिक ,बार-बार बद्रीनाथ घूम आआ. गे,होंगे प्रत्यक्ष जहां दर्शन श्याम श्यामा के , वृंदावन सा आनंद कही नहीं पाओगे पर दर्शकों की वाहवाही लूटी। आयोजक ठाकुर यशवीर सिंह उर्फ टीटू सिंह ने क्षेत्रवासियों कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।इस दौरान दर्शक शिवदर्शन सिंह,गुड्डू सिंह,आशीष पाल, बृजेंद्र शर्मा, सज्जन भट्ट,गंगा प्रसाद,राम गोपाल, आकाश ,मनीष सिंह, योगेंद्र सिंह, गोकरनपाल,रमाक. ांत,मोतीपाल, रामबाबू सिंह,दीपू सिंह, टिल्लू सिंह, रामजीवन, अंकित शर्मा सहित सैकड़ों दर्शक उपस्थित रहे।

### पत्नी ने खाया नशीला पदार्थ हालत गंभीर

**बांगरमऊ।** क्षेत्र के ग्राम कल्लू खेड़ा निवासी सतीश की पत्नी लक्ष्मी ने आज सोमवार को अज्ञात कारण के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया। कुछ ही देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी और मुंह से झाग निकलने लगा। यह देख परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजन तत्काल उसे यहां के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां के चिकित्सकों ने महिला का प्राथमिक उपचार किया , लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### डीएम ने की गेहूं खरीद की हुई समीक्षा

**अमेठी।** मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत गेहूं खरीद वर्ष 2026-27 को सफलतापूर्वक संचालित करने के उद्देश्य से आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में संचालित सभी क्रय एजेंसियों के अधिकारी, केंद्र प्रभारी तथा मंडी सचिव उपस्थित रहे।

# हाऊस-सीवर टैक्स में हो रही मनमानी: सपा

## विधायक मेहरोत्रा के नेतृत्व में नगर निगम मुख्यालय पर किया पार्टी ने प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** विधायक रविदास मेहरोत्रा के नेतृत्व में नगर निगम मुख्यालय पर सपा नेताओं और पार्षदों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने हाउस टैक्स और सीवर टैक्स में मनमानी का आरोप लगाया। क्षेत्र में पानी, सड़क और सफाई की समस्याएं बनी हुई हैं।



समाजवादी पार्टी, लखनऊ मध्य विधानसभा के जनता एवं कार्यकर्ताओं ने विधायक रविद. ास मेहरोत्रा के नेतृत्व में नगर निगम के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए घेराव किया। यह आंदोलन क्षेत्र की जनता के मूलभूत अधिकारों और आवश्यक सुविधाओं की मांग को लेकर किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लेकर अपनी आवाज बुलंद की। आंदोलन का नेतृत्व स्वयं विधायक रविदास मेहरोत्रा ने किया। प्रदर्शन के दौरान नगर निगम के अपर नगर आयुक्त को विधिवत ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। सौंपे गए ज्ञापन में में कहा गया है कि टूटी हुई सड़केंपेयजल की गंभीर समस्या सफाई व्यवस्था की बदहाल स्थिति नालों की नियमित सफाई का अभाव भवन कर एवं जल कर में लगातार बढ़ोतरी अन्य आवश्यक जनसुविधाओं की कमी हैं। जनता से जुड़ी इन समस्याओं शीर्घ निदान करने की मांग की। इस अवसर पर विधायक रविदास मेहरोत्रा ने कहा कि स्मार्ट सिटी के नाम पर जनता से लगातार टैक्स वसूला जा रहा है, लेकिन बदले में मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। यह पूरी तरह अन्यायपूर्ण है।

# प्रतिबंधित पेड़ों के अवैध कटान का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गोंडा।** जिले के थाना परसपुर क्षेत्र के शाहपुर चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत पूरे अजब कला पुरवा में हरे भरे पेड़ प्रतिबंधित पेड़ काटे जा रहे हैं! आरोप है कि वन माफिया खुलेआम सक्रिय हैं और वर्षों से जमे वन दरोगा अशोक कुमार पाण्डेय की मिलीभगत के चलते यह अवैध कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। स

थानीय सूत्रों के मुताबिक शाहपुर भौरीगंज मार्ग, हाईवे मार्ग सहित कई प्रमुख रास्तों से होकर भारी मात्रा में अवैध लकड़ी का परिवहन किया जा रहा है। बताया जाता है कि यह लकड़ी शाहपुर भगन चौराहा के आसपास संचा. लित कुछ लकड़ी टालों पर उतारी जाती है, जहां बिना किसी रोक-टोक के कारोबार जारी है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि प्रतिबंधित गूलर सहित अन्य हरे-भरे पेड़ों की कटान खुलेआम की जा रही है। शाहपुर भगन चौराहा के पास एक लकड़ी टाल पर हरी लकड़ी उतारे जाने की जानकारी भी सामने आई है, जिससे पूरे मामले की गंभीरता और बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस पूरे अवैध नेटवर्क को वन विभाग और पुलिस की कथित मिलीभगत का संरक्षण प्राप्त है।

# एक ही घर से दो सफलताएं अंकित समीक्षा अधिकारी व आशीष बने असिस्टेंट कमिश्नर

**बाजार शुकुल, अमेठी।** क्षेत्र के पूरे शुक्लन गांव में उस समय खुशी की लहर दौड़ गई जब एक ही परिवार के दो सगे भाइयों ने यूपीपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर महत्वपूर्ण पदों पर चयनित होकर क्षेत्र का मान बढ़ाया।

स्वर्गीय अशोक कुमार शुक्ला के पुत्र आशीष कुमार शुक्ला का चयन बीते 29 मार्च को असिस्टेंट कमिश्नर द्धजीएसटीत्र पद पर हुआ था, वहीं उनके छोटे भाई अंकित कुमार शुक्ला का चयन हाल ही में घोषित परिणाम में उत्तर प्रदेश सचिवालय में समीक्षा अधिकारी पद पर हुआ है। एक सप्ताह के भीतर दोनों भाइयों की इस उल्लेखनीय सफलता से न केवल परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र और जनपद में गर्व का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों भाइयों ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है, जो युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। अंकित कुमार शुक्ला के चयन की सूचना मिलते ही उनके आवास पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। परिजनों, ग्रामवा. सियों एवं क्षेत्रवासियों ने दोनों भाइयों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# राम जन्मोत्सव पर उमड़ा इन्हौना में आस्था का सागर

**इन्हौना, अमेठी।** सिंहपुर ब्लॉक क्षेत्र के सढ़िया ग्राम सभा स्थित पूरे भाऊदास गांव में चल रही श्रीराम कथा के चौथे दिन भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का दृश्य देखते ही बन रहा था। पूरे क्षेत्र में भक्ति, उल्लास और श्रद्धा की अद्भुत छटा बिखरी रही। जैसे ही कथा में भगवान श्रीराम के जन्म का प्रसंग आया घनश्याम सिंह, शिव वंश सिंह, बाबा बक्स सिंह, फूल सिंह, आशीष यादव, मोहित यादव, आशीर्वाद सिंह, मोहनलाल यादव, शुभम सिंह, मैकू महरा, चंद्र महारा एवं अंबर सिंह सहित कई गणमान्य लोग एवं सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने पर्व को भव्यता प्रदान की।

# निषाद पार्टी के बढ़ते प्रभाव से विरोधी चिंतित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री डा. संजय निषाद नें कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपने आज इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचकर इसे सफल बनाया। यह कार्यक्रम उन लोगों के लिए स्पष्ट जवाब है, जो कहते थे कि निषाद पार्टी को पूर्वांचल तक ही सीमित रखा जाएगा।




आज दिल्ली के पास दो जिलों में कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। हमारे कार्यक्रम को असफल बनाने के लिए बहुत प्रयास किए गए, लेकिन जो लोग कभी गांव-गांव नहीं गए, वे भी आज हमारे बढ़ते प्रभाव से इतने चिंतित हो गए कि उन्हें गांव-गांव जाकर लोगों को अपने कार्यक्रम में बुलाना पड़ा। उन्हें भी आज यह सुन लेना चाहिए कि कश्यप -निषाद समाज किसी की जेब का वोट बैंक नहीं है। आज हमारे साथ यहां के गुर्जर भाई भी जुड़ गए हैं, और अब हम बिल्कुल भी रुकने वाले नहीं हैं। क्यों भाई, किसी की पाकेट में रहना है या अपने दल के साथ आगे बढ़ना है।उन्होंने कहा हम किसी को ताकत दिखाना नहीं चाहते थे। हम शांति प्रिय लोग हैं। पहले हमारा विचार था कि मत्स्य विभाग के मेरठ व पश्चिम के कुछ मंडलों में, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा चलाई गई योजनाओं के माधयम से जिन लोगों को जीवनयापन सुधारने का अवसर मिला है, उन्हें आज महर्षि कश्यप के जन्मदिवस के अवसर पर सम्मानित कर प्रमाण पत्र वित. रित किया जाए। ताकि समाज को यह जानकारी मिल सके कि हमने सरकार में रहकर मछुआ समाज के उत्थान के लिए कितना कार्य किया है। पत्रकार साथी शायद यह प्रश्न उठाएं कि कार्यक्रम तो प्रमाण पत्र वितरण का था।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बांगरमऊ ।** क्षेत्र के ग्राम चहलहा स्थित मां मलहटी देवी मंदिर प्रांगण में मथुरा वृंदावन के श्री बांके बिहारी रासलीला मंडल द्वारा श्री कृष्ण जन्मोत्सव का मंचन किया गया। प्रथम दिवस में राधा कृष्ण की लीला व गोपियों के नृत्य देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए । वसुदेव देवकी के विवाह का मनोहारी दृश्य दिखाया। श्री कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान रास लीला के संचालक राम सहाय शास्त्री ने वृंदावन का चित्रण करते हुए कहा कि एक बार अयोधया जाओ,दो बार द्वारिका, तीन बार जाके त्रिवेणी में नहाओगे।,चार बार चित्रकूट, सौ बार नासिक ,बार-बार बद्रीनाथ घूम आओगे,होंगे प्रत्यक्ष जहां दर्शन श्याम श्यामा के , वृंदावन सा आनंद कही नहीं पाओगे खखखखखखपर दर्शकों की वाहवाही लूटी। रासलीला में सैकड़ो की संख्या में दर्शक मंचन देखने के लिए पहुंचे।आयोजक ठाकुर यशवीर सिंह उर्फ टीटू सिंह ने क्षेत्रवासियों कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। शिवदर्शन सिंह, गुड्डू सिंह,आशीष पाल, बृजेंद्र शर्मा,सज्जन भट्ट,गंगा प्रसाद,राम गोपाल,आकाश,मनीष सिंह,योगेंद्र सिंह, गोकरनपाल, रमाकांत,मोतीपाल, रामबाबू सिंह ,दीपू सिंह,टिल्लू सिंह, रामजीवन, अंकित शर्मा आदि उपस्थित रहे।



# हाईटेंशन लाइन में लगी आग, हड़कंप

**गोंडा।** जिले के कर्नलगंज क्षेत्र के विद्युत वितरण उपखंड कर्नलगंज अन्तर्गत कर्नलगंज कस्बे में रविवार रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब सकरौरा चौराहा- हरिदास नाका के पास स्थित ट्रांसफार्मर से गुजरी हाईटेंशन लाइन में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते लाइन धू-धू कर जलने लगी, जिससे आसपास मौजूद लोगों में दहशत का माहौल बन गया। आग इतनी तेज थी कि चिंगारियां दूर तक गिर रही थीं, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रही। हालांकि समय रहते स्थिति काबू में आ गई और एक बड़ा हादसा टल गया। इस घटना के बाद विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं।

# खड़ंजा मार्ग पर अवैध अतिक्रमण ,शिकायत

**गोंडा।** जिले के कर्नलगंज क्षेत्र के ग्राम नहवा परसौरा में खड़ंजा मार्ग पर अवैध अतिक्रमण का मामला सामने आया है।

पीड़ित ग्रामीण ने इस संबंध में संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर खड़ंजा मार्ग पर नांदा चन्नी व छप्पर रखकर किये गए अवैध अतिक्रमण को हटवाने व दबंग अतिक्रमणकर्ताओं के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम नहवा परसौरा निवासी रवि पाण्डेय पुत्र विनोद कुमार ने दिये गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि गांव के ही दीनानाथ, शिवानाथ एवं शिवनाथ पुत्रगण रामप्रताप द्वारा दबंगई के बल पर उनके घर आने-जाने वाले एकमात्र खड़ंजा मार्ग पर नांदा, चन्नी रखकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया गया है। इसके साथ ही आरा. ेप है कि विपक्षीगण ने मार्ग के एक हिस्से पर छप्पर भी रख लिया है, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। पीड़ित का कहना है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तो विपक्षियों द्वारा भद्दी गालियां दी गईं और फौजदारी पर आमादा हो गए। उन्होंने यह भी बताया कि विपक्षीगण दबंग प्रवृत्ति के हैं और बहुपरिवारिक होने के कारण भय का माहौल बना हुआ है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# विकास कार्यों में अनियमितता के आरोप, उठी जांच की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गोंडा।** जिले के झंझरी विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत पूरे खेमकरन में विकास कार्यों को लेकर गंभीर अनियमित. ताओं के आरोप सामने आए हैं। गांव के एक निवासी ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है।

शिकायतकर्ता ने शपथ पत्र के साथ दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत में खड़ंजा सड़क निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों में मानकों की अनदेखी की गई है। आरोप है कि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि द्वारा गुणवत्ता विहीन कार्य कराकर सरकारी धन के दुरुपयोग की कोशिश की जा रही है। पत्र में यह भी कहा गया है कि चौदहवें और पंद्रहवें वित्त आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021 से 2026 तक कराए गए अधिकांश कार्य केवल कागजों में दर्शाए गए हैं, जबकि मौके पर कार्य मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाते। शिकायतकर्ता ने एक ही कार्य का दो बार भुगतान कराए जाने का भी आरोप लगाया है।

# सहायक निबंधक के विरुद्ध ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** कायस्थ पाठशाला प्रयागराज के चुनाव में अध्यक्ष पद पर डा सुशील सिन्हा को 18 मतों से विजई घोषित किया गया , जिसमें अध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण करते हुए, डा. सुशील सिन्हा द्वारा कई अभूतपूर्व कल्याण कारी योजनाओं को मूर्तरूप दिया ।

इन्हीं तमाम योजनाओं को मूल रूप देने से पूर्व प्रबंधतंत्र व पराजित प्रबंधतंत्र द्वारा साजिशों एवं कुचक्र रचने का प्रयास किया गया, जिसके फलस्वरूप स्थानीय स्तर पर सहायक निबंधक प्रयागराज के यहां अवरोध उत्पन्न किए जाने लगा जिस क्रम सहायक निबंधक सोसायटी ने उक्त चुनाव को धारा 25 के अंतर्गत एस डी एम प्रयागराज को संदर्भित करते हुए , एक वर्ष तक उक्त प्रकरण अनिर्णीत रखा गया , तत्पश्चात पराजित प्रबंधतंत्र द्वारा अनुचित प्रलोभन देकर एस डी एम प्रयागराज द्वारा पुनर्मतगणना का निर्णय करवा दिया गया जिसके फलस्वरूप विजई अध्यक्ष डा. सुशील सिन्हा को पराजित घोषित करते हुए । तत्कालीन सहायक निबंधक सोसायटी प्रयागराज ने पराजित अध्यक्ष चौधरी राघवेंद्र सिंह के पक्ष में निर्गत कर दिया गया ।इसी संदर्भ में विगत दिनों कायस्थ पाठशाला के न्यासधारी प्रयागराज के सहायक निबंधक सोसायटी को अपना विरोध ज्ञापन दे चुके, है उसी संदर्भ मेंआज लखनऊ में विकासदीप स्थित निबंधक उत्तर प्रदेश सोसायटी एवं चिटफंड को एक ज्ञापन कायस्थ पाठशाला लखनऊ के नि मेंबर इंचार्ज आनन्द प्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में जिनमें प्रवक्ता शेखर कुमार, सलाहकार अरुण श्रीवास्तव पूर्व प्रभारी प्रशासन एस की श्रीवास्तव, अभाकम प्रदेश अध्यक्ष मयंक श्रीवास्तव, नरेश प्रधान नि मीडिया प्रभारी , शारदा प्रसाद श्रीवास्तव, अजय दीप श्रीवास्तव, विकास सक्सेना, आर्किटेक्ट सुनील श्रीवास्तव सहित अन्य न्यासधारीयो की उपस्थित में ज्ञापन प्रेषित किया।

## दस अप्रैल से दस्तक अभियान का किया जाएगा बहिष्कार

**लखनऊ।** आल आशा एवं आशा संगिनी कार्यकत्री सेवा समिति के आह्वान पर पूरे उत्तर प्रदेश की आशा कार्यकत्रियां 10 अप्रैल, 2026 से दस्तक अभियान का पूर्ण बहिष्कार करेगी। वह इस कार्य बहिष्कार और धरने के लिए पूर्णत: विवश हैं, क्योंकि बार-बार अनुरोध के बावजूद वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 का हमारा समस्त बकाया भुगतान अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। हम शासन को यह विश्वास दिलाते हैं कि जैसे ही हमारा पूर्ण बकाया भुगतान सुनिश्चित कर दिया जाएगा, हम तत्काल कार्य पर वापस लौट आएंगे।

# सोमनाथ मंदिर के ज्योतिर्लिंग के पावन अंशों के किए दर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार की ओर से श्री सोमनाथ के मूल शिवलिंग के पवित्र अवशेष नगर के एक वेंकट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में

**■ आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा पूजन-दर्शन व सत्संग कार्यक्रम**

सार्वजनिक रूप से दर्शन के लिए रखे गए। जहां पर लोगों ने भारी संख्या में पहुंचकर शिवलिंग के दर्शन और पूजन किया।

नगर के एक वेंकट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर के शिष्य स्वामी भव्य तेज ने बताया कि, बारह ज्योतिलिंगों में प्रथम और से इन अवशेषों के दर्शन करना बहुत ही सौभाग्य का विषय है। कहा कि कि हजारों वर्ष पूर्व आक्रांता महमूद गजनवी ने सोमनाथ



मंदिर को ध्वस्त कर दिया था लेकिन आस्था की ज्योति कभी मंद नहीं पड़ी। मंदिर के कुछ पवित्र अंशों को अग्निहोत्री ब्राह्मणों द्वारा गुप्त रूप से सुरक्षित रखा गया, जो पीढ़ी दर पीढ़ी संरक्षित होते रहे। पंडित सीताराम शास्त्री ने सोमनाथ ज्योतिलिंग के इन अंशों को श्री श्री रविशंकर को समर्पित कर दिया। इस प्रकार आर्ट आफ लिविंग द्वारा पूजन-दर्शन-सत्संग कार्यक्रमों के माध्यम से श्रद्धालुओं को इन पवित्र अंशों के दर्शन कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में पावन अंशों का नगर में आगमन हुआ। स्वामी भव्य तेज ने अपने शिष्यों के साथ पूजा अर्चना कराई। आगंतुकों व श्रद्धालुओं ने सोमनाथ ज्योतिलिंग के पावन अंशों के दर्शन किए और प्रार्थना की। इस अवसर पर मण्डी धनौरा विधायक राजीव तरारा, अमरोहा के पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल, श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, प्रदीप गुप्ता, दीपक कक्कड़, अभिषेक अग्रवाल, यतेंद्र गुप्ता, सम्राट अग्रवाल, प्रदीप मित्तल, गौरव चौधरी, ऋषिपाल सिंह, श्याम तिवारी,, मेहुल कुमार, सुनंदा तिवारी, राम, वंदना गोयल, अर्चना गुप्ता, आदि मौजूद रहे।

# पति, सास व देवरों पर मारपीट का आरोप

## पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। पति व सास तथा दो देवरों पर घर में घुसकर मारपीट का आरोप लगाते शिक्षिका ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

देहात थाना क्षेत्र में जोया रोड स्थित प्रीत विहार कॉलोनी निवासी शिक्षिका पूनम की तैनाती प्राथमिक विद्यालय शादीपुर में सहायक अध्यापक के रूप में है। पूनम की शादी दिल्ली के जगतपुरी इलाके में रहने वाले प्रवीन कुमार के साथ हुई है। उसने बताया कि दो दिन पूर्व वह घर में मौजूद थीं। उसी दौरान पति प्रवीण कुमार, सास कमलेश देवी तथा देवर पवन कुमार व मनोज कुमार आ गए। उन्होंने गाली-गलौज करने लगे, पूनम ने विरोध जताया तो मारपीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर कॉलोनी के लोग घरों से निकल आए तब आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित शिक्षिका की शिकायत पर चारों आरोपियों खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना की जांच कराने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# देवबंदी-बरेलवी विवाद में दस पर मुकदमा

## मस्जिद में नमाज पढ़े को लेकर चल रहा विवाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। गांव तेलीपुरा माफी की मस्जिद में नमाज पढ़ने को लेकर देवबंदी और बरेलवी मसलक के लोगों के बीच चल रही पुरानी रार में अब दस लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। सीजेएम कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई के बाद पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

मुस्लिम बाहुल्य इस गांव में दोनों मसलक के लोगों की आबादी बराबर है। गांव में एक मस्जिद बनी हुई है। जिसमें पूर्व में हुए समझौते के आधार पर नमाज अदा की जाती है। घटना एक जनवरी 2026 की सुबह करीब 7:15 बजे की है। फज्र की नमाज पढ़ने के बाद बरेलवी मसलक के लोगों ने सलाम पढ़ना शुरू कर दिया था। जिसका देवबंदी मसलक के लोगों ने विरोध किया था। इसे लेकर शुरू हुई कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया था। मस्जिद से बाहर निकलने के बाद दोनों मसलक के लोग आपस में भिड़ गए थे। जिनमें बीच सड़क जमकर लाठी-डंडे चले थे, पथराव होने से अफरातफरी मच गई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंच बमुश्किल बिगड़ते हालात पर काबू पाया था। मामले में पुलिस ने तब एक पक्ष की तहरीर पर कार्रवाई की थी। दूसरे पक्ष से इमरान ने कोर्ट की शरण ली थी। सीओ अवध सिंह भदौरिया ने बताया कि सीजेएम कोर्ट के आदेश पर मामले में जुबैर, सद्दाम उर्फ उजैर, शुएैब, परवेज, यूसुफ, युनुस, सादिक, कासिम, तौफीक व सुहैल के खिलाफ बीएनएस की धारा 191(2), 190, 115(2), 352 व 351(2) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। मामले में जांच शुरू कर दी गई है, विवेचना के दौरान मिलने वाले साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# नाबालिग से पांच साल तक किया दुष्कर्म

## पुलिस ने अस्पताल संचालक को मां समेत किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली**। थाना सैदनगली क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ एक कलयुगी माँ द्वारा अपनी ही नाबालिग बेटी को हवस के दरिंदों के हवाले करने का आरोप लगा है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर अस्पताल संचालक और उसकी माँ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वर्ष 2020 में, जब उसकी उम्र मात्र 15 वर्ष थी, उसकी माता नसीम जहाँ ने उसे काम सिखाने के बहाने ढक्का मोड स्थित अलशिफा हेल्थ केयर में लगवाया था। आरोप है कि अस्पताल के




मालिक इस्लाम पुत्र अलाउद्दीन के साथ उसकी माँ की मिलीभगत थी। पिछले 5 वर्षों से आरोपी इस्लाम, पीड़िता की माँ की मदद से उसका शारीरिक शोषण व बलात्कार कर रहा था। हैरतअंगेज बात यह है कि इस घिनौने कृत्य में माँ ने न केवल साथ दिया, बल्कि बलात्कार की वीडियो भी बनवाई। इसी वीडियो के आधार पर पीड़िता को लगातार डराया-धमकाया गया कि यदि उसने मुँह खोला तो उसे जान से मार दिया जाएगा और वीडियो वायरल कर दी जाएगी। थानाध्यक्ष विकास सहरावत ने बताया कि पीड़िता की तहरीर को गंभीरता से लेते हुए आरोपी इस्लाम और नसीम जहाँ के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से न्यायालय के आदेश पर दोनों को जेल भेज दिया गया है।

# शादी में बवाल पर दूसरे पक्ष के छह पर मुकदमा

## दुल्हन के भाई व करीबियों पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। क्षेत्र के गांव कासमपुर मेव में शादी से निकाले जाने पर हुए बवाल में नया मोड़ आ गया है। मारपीट व फायरिंग के मामले छह नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने वाली पुलिस ने रविवार देर रात दूसरे पक्ष की तहरीर पर नौ लोगों को नामजद करते हुए गंभीर धाराओं में कार्रवाई की है। आरोपियों में दुल्हन के भाई के अलावा करीबी रिश्तेदार शामिल हैं। दोनों पक्षों पर कार्रवाई के बाद पुलिस ने अब फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं। बवाल से जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए थे। जानकारी के मुताबिक बीती चार अप्रैल को गांव निवासी शबाबुल की दो बहनों का शादी समारोह में अमरोहा शहर में कांठ रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में हुआ था। जहां सानिब, समीर, शाहरुख, अरशद, साहिल और अरबाज ने मेहमानों से अभद्रता की थी। शबाबुल ने इसका विरोध करते हुए उन्हें शादी समारोह से भगा दिया था। इसी बात से नाराज युवकों ने उसी रात में पीड़ित शबाबुल के घर धावा बोल दिया था। दोनों पक्षों में मारपीट के दौरान कई राउंड फायरिंग भी की गई थी। जिससे गांव में भगदड़ मच गई थी। बवाल से जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस अफसरों में हड़कंप मच गया था। हरकत में आई पुलिस ने शबाबुल की तहरीर पर छह लोगों को नामजद किया था। आरोपी समीर व शाहरुख को गिरफ्तार करते हुए दोनों का चालान कर दिया था। इसी बीच देर रात पुलिस ने दूसरे पक्ष की तहरीर पर भी कार्रवाई की। दूसरे पक्ष से गांव नालू खुर्द निवासी गफ्फार का आरोप है कि उनका बेटा शाहरुख और भतीजा समीर चार अप्रैल की रात दवाई लेने के लिए कासमपुर मेव गए थे। शादी में हुए विवाद को लेकर शबाबुल, अरशद, फैजी, जुनैद, सुयेब, छोटे, अरबाज, शाहरुख व बिलाल ने दोनों को गांव में घेरकर हमला कर दिया। लाठी-डंडों और सरियों से की गई पिटाई में समीर और शाहरुख गंभीर घायल हो गए, इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। आरोपी शबाबुल दुल्हन का भाई है। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि मामले में दूसरे पक्ष की तहरीर पर नौ लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्दी ही गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# कार्यकर्ताओं के दम पर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी भाजपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के उत्साह और संगठन की शक्ति का भव्य नजारा हसनपुर विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी के कैंप कार्यालय पर देखने को मिला। अवसर था एक विशेष कार्यक्रम का, जिसमें भारी संख्या में कार्यकर्ताओं के पहुंचने से कार्यालय परिसर में जनसैलाब उमड़ पड़ा।

कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और प्रखर राष्ट्रवादी विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर की। महापुरुषों को नमन करते हुए विधायक ने कार्यकर्ताओं को उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दिलाया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने कार्यकर्ताओं के प्रति गहरा सम्मान व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता देव तुल्य है। यह कार्यकर्ताओं की दिन-रात की मेहनत और समर्पण ही है। जिसकी बदौलत आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। कार्यकर्ता ही पार्टी की असली पूंजी और ताकत हैं। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर था। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और पार्टी की मजबूती का संकल्प लिया। इस



दौरान श्भारत माता की जयश और श्जय श्री रामश के नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, सोनिया प्रजापति, मंडल अध्यक्ष राजू राणा, संजय शर्मा, अतुल गर्ग, पवन राज जाटव और कार्यक्रम संयोजक सौरभ गुप्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इनके अलावा संजय राणा, पुष्कर अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, संदीप गुप्ता, अजयपाल सभासद, वीर सिंह एडवोकेट, विक्रम महंत, प्रमोद शर्मा, डॉ. योगेंद्र सिंह और नंदन खड्गवंशी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पुलिस ने झपटमारी का किया खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। थाना पुलिस ने वृद्ध महिला के कान से सोने की बाली झपटने की घटना का सफल खुलासा करते हुए वाहन चेकिंग के दौरान रामगंगा पोषक नहर पटरी के पास से आरोपी सलमान पुत्र चिरागुद्दीन निवासी मोहल्ला कटरा, मंडी धनौरा को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से छीनी गई सोने की बाली बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने धनौरा कस्बे में एक बुजुर्ग महिला के कान से बाली झपटी थी और उसे बेचने जा रहा था, तभी पुलिस ने पकड़ लिया।

## तमंचे के साथ हिस्ट्रीशीटर का चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चोरी की एक घटना का सफल अनावरण करते हुए एक शातिर हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से चोरी का सामान और अवैध असलहा बरामद हुआ है। दरअसल,बीती 5 अप्रैल को ग्राम बाईखेड़ा निवासी सुम्मेरा ने तहरीर देकर बताया था कि उनके घर से चार्जिंग पर लगे दो मोबाइल फोन और एक तूफान पंखा चोरी हो गया है। पुलिस ने आरोपी कलुआ पुत्र जयप्रकाश, निवासी ग्राम कालका वाली डगरोली को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया अभियुक्त थाने का हिस्ट्रीशीटर है। जिस पर गैंगस्टर एक्ट और लूट जैसे करीब एक दर्जन मुकदमे पहले से दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी के 2 मोबाइल फोन और 1 तूफान पंखा बरामद किया। सुरक्षा की दृष्टि से तलाशी लेने पर एक अवैध तमंचा 315 बोर और जिंदा कारतूस भी मिला। पूछताछ में पता चला कि इस घटना में ग्राम बाईखेड़ा का ही हरवंश पुत्र होराम भी शामिल था, जो मौके से फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है।

# जनगणना में लापरवाही पर कटेगा वेतन

## ईओ डा. ब्रजेश ने कर्मियों को चेताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। नगर पालिका में उप नगर आयुक्त डॉ. बृजेश कुमार ने बैठक कर जनगणना-2027 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए साफ निर्देश दिए कि ड्यूटी, प्रशिक्षण और क्षेत्रवार योजना समय से पूरी की जाए, अन्यथा लापरवाही पर सख्त कार्रवाई और वेतन रोकने तक की कार्रवाई होगी।

बैठक में जनगणना कार्य को लेकर सुपरवाइजर व प्रगणकों की तैनाती, प्रशिक्षण के लिए भवन चयन और बैचवार शेड्यूल तैयार करने के निर्देश दिए गए। गणना ब्लॉकों की सीमाएं तय कर समय से कार्य पूरा करने पर जोर दिया गया। साथ ही आई गॉट कर्मयोगी ऐप पर अनिवार्य प्रशिक्षण 8 अप्रैल तक पूरा कराने और वार्डवार फैमिली आईडी



पंजीकरण अभियान में लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए गए। पीछे रहने वाले कर्मियों पर कार्रवाई की चेता. वनी भी दी गई। इसके अलावा पीएम सूर्यघर योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने, नालों की सफाई, हैंडपंप व अन्य सुविधाओं की मरम्मत और कैच द रेन के तहत सोक पिट निर्माण 15 दिन में पूरा कराने को कहा गया। बैठक में सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सपाईयों ने की गैस किल्लत दूर करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता नौगांवा सादात**। गैस की किल्लत को दूर करने की मांग को लेकर सपाईयों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। सोमवार को सपा अधिवक्ता सपा के कार्यकर्ता तहसील पहुंचे तथा एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि क्षेत्र में पिछले 16 दिन से कोई भी वितरण नहीं हुआ है। जिस कारण नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि दो दिन में गैस की आपूर्ति सुचारू नहीं हुई तो वह आंदोलन करने को विवश होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में नुकुल यादव, इकपाल सिंह, अनुज यादव, अशोक यादव, मोहम्मद रिजवान, अथर खां, प्रशांत यादव, राजीव चौधरी, मृदुल चौधरी आदि मौजूद रहे।

## भाजपा नीति मंच के प्रदीप बने राष्ट्रीय प्रभारी



**गजरौला**। भाजपा नीति मंच के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री हर्ष माहेश्वरी ने नगर के मुहल्ला लक्ष्मीनगर निवासी प्रदीप शर्मा को उत्तर प्रदेश का प्रभारी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। प्रदीप शर्मा को मिली इस उपलब्धि से उनके समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है।

# नकली नोट के मामले में सात साल की सजा

## 13 साल पुराने मामले में आया कोर्ट का फैसला, एक हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। नकली नोट के मामले में अदालत ने सख्त रुख अपनाते हुए आरोपी को दोषी करार दिया है। लगभग 13 साल पुराने इस मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने सात साल की सजा और जुर्माना लगाया, साथ ही इसे देश की अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर खतरा बताया।

मामला अमरोहा शहर कोतवाली से जुड़ा था। 28 जुलाई 2013 को कोतवाली में तैनात रहे एसएसआई संजय कुमार, हेड कांस्टेबल देवेंद्र बन, रिजवान अली और राजपाल टीपी नगर चौराहे पर ड्यूटी अंजाम दे रहे थे। इसी दौरान पुलिस टीम को मुखबिर ने सूचना दी थी अभी-अभी ट्रेन से एक युवक उतरा है, वह दिल्ली से आया है और उसके पास नकली नोट हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने स्टेशन रोड स्थित बशीर गेस्ट हाउस के पास घेराबंदी कर मुखबिर द्वारा बताए गए युवक को दबोच लिया था। पूछताछ में उसने अपना नाम याद अली निवासी गांव पिपलौती खुर्द कोतवाली हसनपुर बताया था। तलाशी के दौरान उसके पास से 500-500 रुपये के आठ नकली नोट बरामद हुए थे। इसके अलावा पर्स से दो असली नोट, पहचान पत्र तथा एक मोबाइल फोन भी मिला था। बरामद नोटों की छपाई व कागज असली नोटों से अलग थे। पूछताछ में आरोपी ने कुबूल किया था कि उसने दिल्ली के बटला हाउस इलाके से 40 हजार रुपये के नकली नोट 14 हजार रुपये में खरीदे थे और उनमें से ज्यादातर नोट वह बाजार में चला चुका था। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए याद अली का चालान कर दिया था। बाद में वह जमानत पर जेल से आ गया था लेकिन बीते दिनों वारंट जारी होने के बाद अदालत याद अली को जेल भेज दिया था तभी से वह जेल में ही है। मुकदमे की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय की अदालत में विचाराधीन थी। अर्घभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी सहायक जिला शासकीय अर्घ्धिवक्ता संजीव चौधरी द्वारा की जा रही थी। सोमवार को अदालत में इस मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई। पत्रावली व साक्ष्यों का गहन अवलोकन करते हुए अदालत ने नकली नोट के चलन के गंभीर अपराध होने की टिप्पणी की। इसे देश की अर्थव्यवस्था के लिए खतरा बताया। अदालत ने याद अली को दोषी करार दिया। सात साल जेल की सजा सुनाई तथा एक हजार का जुर्माना लगाया। वहीं, अदालत ने दोषी द्वारा पूर्व में जेल में बिताई गई अवधि को सजा में समायोजित करने का आदेश दिया।

## कैरियर गाइडेंस व तनाव प्रबंधन पर सेमिनार



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। राजकीय जिला पुस्तकालय में छात्र-छात्राओं के लिए करियर गाइडेंस एवं तनाव प्रबंधन विषय पर एक उपयोगी सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को उनके भविष्य को लेकर मार्गदर्शन दिया। सेमिनार में बताया गया कि छात्र-छात्राएं अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में करियर की संभावनाएं तलाश कर सकते हैं। साथ ही परीक्षा और प्रतिस्पर्धा के दबाव को संतुलित करने के लिए तनाव प्रबंधन के महत्वपूर्ण उपाय भी साझा किए गए। इस अवसर पर प्रभारी पुस्तकालय अध्यक्ष ललित कुमार, धर्म सिंह, भरत पाल सिंह, जिला समन्वयक मदनलाल सिंह, संजीव कुमार, अली जमाल समेत पुस्तकालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# धैर्य रखकर करें परिश्रम जरूर मिलेगी सफलता

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। आर्मी कॉलेज जालंधर की पूर्व प्रधानाचार्या डॉ.सक्षम सिंह ने

**■ नॉर्दन इण्डिया पब्लिक स्कूल में कार्यशाला आयोजित**

विद्यार्थियों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए जरूरी टिप्स देते हुए कहा कि सफलता परिश्रम और धैर्य मांगती है। हमारे द्वारा सही दिशा में किये जाने वाले प्रयास निश्चित ही हमें सफलता के पायदान पर पहुंचाते हैं, पर सब कुछ एकदम नहीं होता, इसीलिए परिश्रम के साथ साथ धैर्य



रखना भी बहुत जरुरी होता है। सोमवार को नॉर्दन इण्डिया पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यशाला में पूर्व प्रधानाचार्या ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। जैसे भवन निर्माण के लिए पहले नींव रखी जाती है, और फिर भवन बनाया जाता है। ठीक इसी तरह सफलता निरंतर परिश्रम मांगती है। इसीलिए अपनी रूचि के अनुसार अपने करियर का चयन करें। यदि करियर का चयन करने में कोई असमंजस है तो अपने गुरुजनों और परिजनों से बातचीत करके मार्गदर्शन लें। निदेशक राकेश मोहन गर्ग ने कहा कि सफलता हेतु निरंतर प्रयास करें। असफलता से विचलित न हों बल्कि फिर से ऊर्जावान होकर प्रयास करें। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मनोज गोयल, पूनम राठौड़, सिविल कुमार, डॉ0 दीप्ति, शर्मा, योगेंद्र वर्मा मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया भाजपा का स्थापना दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। विधायक राजीव तरारा ने कार्यकर्ताओं के साथ एमडीए स्थित कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी का 47 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के कुशल नेतृत्व में भाजपा निरंतर नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रही है। पार्टी 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए देश के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर सतवीर सिंह, सतपाल पाल, कपिल भड़ाना, राजेंद्र सिंह, उधम सिंह, वैभव गोयल, रवि, पवन मौजूद रहे।

## निजी स्कूलों की लूट खसोट पर रोक लगायी जाए



**शाह टाइम्स संवाददाता नौगांवा सादात**। निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों से मनमानी फीस वसूलने को लेकर भाकियू लोशक्ति ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों से मनमानी फीस वसूली की जा रही है जबकि फीस में भी लगातार वृद्धि कर रहे हैं। निर्धारित दुकानों से ही किताबे खरीदने का दबाव बनाया जाता है। उन्होंने इस पर तुरन्त रोक लगाने की मांग की। इसके अलावा उन्होंने बिजली बिलों में आ रही समस्याओं को भी दूर करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में चन्द्रपाल सिंह, नीरज कुमार यादव, राज. कुमार त्यागी, शहजाद अली, जसवंत सैनी, सुभाष यादव आदि शामिल रहे।

# इं. एनडी द्विवेदी डिप्लोमा इंजीनियर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अखिल भारतीय डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन नई दिल्ली में दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन न्यू अशोक नगर नई दिल्ली स्थित कार्यालय परिसर के आडिटोरियम से सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में तकनीकी आयोग के गठन, पूरे देश में एक समान वेतन, पुरानी पेंशन बहाली इत्यादि मांग रखी गयी। अधिवेशन में स्मारिका का विमोचन किया गया।

निवर्तमान महासचिव इं. मनामोहन राजबोंग्सी को सम्मानित किया। आठवे वेतन आयोग में डिप्लोमा इंजीनियर्स संवर्ग के वेतनमान के सम्बन्ध में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु विचार विमर्श हुआ।अधिवेशन में नई कार्यकारिणी का निर्वाचन हुआ। कुल 20 पदों पर निर्वाचन हुआ। निर्वाचन में उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग डिप्लोमा इंजी. नियर्स संघ के प्रदेश अध्यक्ष इं. एन.डी. द्विवेदी राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर इं. जी. इन्द्रसेन रेड्डी तेलंगाना से, इं. अरविन्द कुमार झा (उत्तर प्रदेश से), महामंत्री पद पर इं. मुकेश रतूड़ी (उत्तराखण्ड से), उपाध्यक्ष पद पर इं. अमर पाल राठी (दिल्ली से), इं. लाल बिहारी यादव (झारखण्ड से), इं. अमर नाथ गुप्ता ढ्ढउत्तर प्रदेश सेत्र इं. छोटे लाल पासवान बिहार से, इं. आर. करूनाकरन तमिलनाडु से, इं. नागराजन कर्नाटक से, इं. अजय सिंह यादव उत्तर प्रदेश से, इं. दिनेश सिंह मार राजस्थान से, इं. के. वोराह अरूणांचल से निर्वाचित हुए। शपथ ग्रहण समारोह के बाद प्रथम कार्यकारिणी की बैठक इं. एन.डी. द्विवेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। ज्ञात हो कि भारत के राज्यों एवं केन्द्रीय विभागों में कार्यरत 04 लाख से अधिक डिप्लोमा इंजीनियर्स का आल इण्डिया फेडरेशन आफ डिप्लोमा इंजी. नियर्स प्रतिनिधित्व करता है।

# चिकित्सक की संदिग्ध दशा में मौत

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** स्वरूपरानी नेहरू (एसआरएन) हास्पिटल के चिकित्सक आदित्य की संदिग्ध दशा में मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है।

फिलहाल विसरा को सुरक्षित रख लिया गया है जिसे लैब में जांच के लिए भेजा जाएगा। स्वरूपरानी नेहरू ढ्ढएसआरएनत्र हास्पिटल के चिकित्सक डा. आदित्य की संदिग्ध दशा में मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। फिलहाल विसरा को सुरक्षित रख लिया गया है जिसे लैब में जांच के लिए भेजा जाएगा। घटना को लेकर परिजन भी स्तब्ध हैं और वह इस मामले में कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। पोस्टमार्टम हाउस में पिता दिलीप और छोटा भाई दीपक दोनों मौजूद रहे। घटना को लेकर चिकित्सक भी हैरान हैं। चिकित्सक का अंतिम संस्कार दारागंज घाट पर किया जाएगा। दारागंज प्रयागराज के मूल निवासी डा. आदित्य जूनियर डाक्टर थे। एसआरएन अस्पताल के सर्जरी डिपार्टमेंट में उनकी तैनाती दो साल पहले की गई थी। रविवार को डड्यूटी करके वह रात में घर चले गए थे। अचानक तबीयत खराब होने पर उन्हें एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रात करीब डेढ़ बजे उनकी सांसें थम गईं। इससे अस्पताल में हड़कंप मच गई। अस्पताल के स्टाफ और चिकित्सकों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं हैं। फिलहाल परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगया है।

### स्टंट के चक्कर में पलटी कार

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस में सोमवार दोपहर 12 बजे एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराने के बाद कई राउंड पलटनी खाते हुए डिवाइडर के दूसरे लेन पर पहुंच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक यह हादसा स्टंट के दौरान हुआ है। घटना के समय कार की स्पीड 100 के ऊपर थी। बताया जाता है कि कार में सिर्फ चालक था। जिसे लोगों ने बाहर निकालकर बैठाया था। कुछ देर बाद वह कहीं चला गया। पुलिस कार चालक की तलाश कर रही है।

# एसटीएफ ने 50 हजार के इनामी बदमाश को पकड़ा

**प्रयागराज।** अयोधया में एनडीपीएस एक्ट के मामले में वांछित अपराधी अरुण को स्पेशल टास्क फोर्स ढ्ढएसटीएफत्र की टीम ने संभल से शनिवार देर शाम गिरफ्तार कर लिया। मूलरूप से मेरठ के जागृति विहार निवासी आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। आरोपी को एसटीएफ की टीम ने अयोधया पुलिस को सौंप दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार एसटीएफ प्रयागराज की टीम को सूचना मिली कि अयोधया के थाना बीकापुर में एनडीपीएस एक्ट के तहत अरुण के खिलाफ एफआईआर दर्ज है। साथ ही उस पर 50 हजार का इनाम घोषित है। जानकारी मिलते ही एसटीएफ प्रभारी जय प्रकाश की टीम ने आरोपी को संभल जिले के थाना बबराला स्थित अंबेडकर कालोनी के पास से पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर गांजा की तस्करी करता था। वह गांजा को मेरठ और उसके आसपास के जिलों में महंगे दाम पर बेचता था। वर्ष 2023 में उसने ओडिशा से गांजा की खेप मंगाई थी, लेकिन उसके साथी अयोधया में पकड़े गए। इसके बाद उस पर 50 हजार का इनाम घोषित कर दिया गया। तब से वह संभल में छिपकर रह रहा था।

# अर्बन बाजार के खिलाफ सड़क पर उतरे दुकानदार



**प्रयागराज।** संगम नगरी के सरोजनी नायडू मार्ग पर पिछले साढ़े तीन दशकों से रोजी-रोटी कमा रहे पटरी दुकानदारों और नगर निगम के बीच विवाद अब आर-पार की लड़ाई में बदल गया है। नगर निगम द्वारा दुकानदारों को हटाने के फरमान के खिलाफ सोमवार से दुकानदारों ने अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। मामला स्वीकृत श्वेंडिंग जोनश् की जगह अर्बन बाजारश् के टेंडर निकाले जाने से जुड़ा है, जिसे दुकानदार बड़े ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने की साजिश करार दे रहे हैं। प्रदर्शनकारी दुकानदारों ने दस्तावेजों का हवाला देते हुए बताया कि स्ट्रीट वेंडर एक्ट 2014 के प्रभावी होने के बाद, वर्ष 2020 में टाउन वेंडिंग कमेटी ने इसी मार्ग पर 450 दुकानों के लिए वेंडिंग जोन का प्रस्ताव पास किया था। इसके लिए दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत शासन से बजट भी जारी हो चुका है। पूर्व नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग ने 2023 में सर्वे के बाद वेंडिंग जोन बनाने का स्पष्ट आदेश दिया था। दुकानदारों का आरोप है कि वर्तमान नगर आयुक्त साई तेजा ने पूर्व के आदेशों और नियमों को दरकिनार करते हुए उसी स्थान पर श्अर्बन बाजारश् का टेंडर जारी कर दिया है। आरोप है कि यह प्रक्रिया छोटे दुकानदारों को विस्थापित कर बड़े पूंजीपतियों को लाभ देने के लिए की गई है। नगर निगम ने केवल 3 दिन की मोहलत देकर दुकानदारों को हटने का अल्टीमेटम दिया है, जो प्राकृतिक न्याय के विरुद्ध है।हम 35 वर्षों से यहां काम कर रहे हैं। जब वेंडिंग जोन के लिए पैसा पास हो चुका है, तो हमें उजाड़कर अर्बन बाजार बनाने का क्या औचित्य है? यह सीधे तौर पर हमारे पेट पर लात मारना है। एक प्रदर्शनकारी दुकानदार प्रमुख मांगें टेंडर रद्दीकरण नगर निगम द्वारा निकाले गए श्अर्बन बाजारश् के टेंडर को निरस्त किया जाए।

# स्टेम रेसिंग प्रोग्राम के अंतर्गत लिखित परीक्षा आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बांगरमऊ।** जिले के समस्त विकास खंडों में स्टेम रेसिंग प्रोग्राम के अंतर्गत लिखित परीक्षा आयोजित की गई ।इसी कडीघ्मे ब्लाक अंतर्गत 100 से अधिक विद्यार्थी संख्या वाले प्राथमिक विद्यालय,उच्च प्राथमिक विद्यालय व कंपोजिट विद्यालयों में परीक्षा कराई गई।

परीक्षा में प्राथमिक स्तर के कक्षा 3 से कक्षा 5 तक के बच्चे एवं उच्च प्राथमिक स्तर के कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के बच्चे सम्मिलित हुए। स्टेम रेसिंग परीक्षा में प्रश्नों की कुल संख्या 25 एवं पूर्णांक 100 अंकों का है जिसमें सही प्रश्न हल करने वाले बच्चों को चार अंक प्रदान किए जाएंगे एवं गलत उत्तर देने वाले बच्चे के प्रत्येक गलत उत्तर के दो अंक काटे जाएंगे।बांगरमऊ ब्लाक में डायट उन्नाव से आई टीम मे एसआरजी अखिलेश शुक्ल एवं एसआरजी डा रचना सिंह ने कंपोजिट विद्यालय धन्नापुरवा सकरौली पहुंचकर परीक्षा दे रहे बच्चों का निरीक्षण किया। उन्होंने सहयोगात्मक पर्यवेक्षण में विद्यालय के पुस्तकालय एवं विज्ञान प्रयोगशाला का निरीक्षण कर प्रशंसा की।कंपोजिट विद्यालय धन्नापुरवा सकरौली में 155 बच्चो के सापेक्ष 98 बच्चे इस स्टेम रेसिंग परिक्षा में सम्मिलित हुए। एसआरजी डा रचना सिंह ने बताया कि ब्लाक स्तर से चयनित छात्रों को ब्लाक स्तर पर दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा।

ब्लॉक स्तर चयनित ये बच्चे जिला स्तरीय स्टेम रेसिंग परीक्षा में शामिल होंगे। एसआरजी अखिलेश शुक्ला एवं एसआरजी डा रचना सिंह प्राथमिक विद्यालय भिखारी पुर कस्बा पहुंचकर स्कूल चलो अभियान रैली में भी सम्मिलित हुए।इस अवसर पर शिक्षक शशांक चौहान, गीता यादव, देवेन्द्र प्रताप सिंह , सर्वेश वर्मा,कौशलेंद्र पाल,ठाकुर प्रसाद, संतोष कुमार सिंह , अभिषेक तिवारी, रजिया खातून,शिखा सिंह , अवधेश यादव,कोमल, उमा सिंह, सियावती सहित बच्चे उपस्थित रहे।

# शोकाकुल परिवार से मिले कैबिनेट मंत्री नंदी,ढांढस बंधाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** भाजपा नेता कल्पना शर्मा की माता कुमकुम शर्मा के निधन से परिवार में शोक व्याप्त है। इस मौके पर उनके परिवारी जनों के बीच पहुंचे कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी गुप्ता ने शोकाकुल परिवार के लोगों के साथ मिलकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और परिवार के लोगों को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि ऐसे कठिन समय में समाज का साथ सबसे बड़ी ताकत होता है। जहां एक ओर परिवार के सदस्य शोक में डूबे दिखे, वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने उन्हें संभालने का प्रयास किया।



## खेत में खाद डालने को लेकर विवाद, 7 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव लौंगी कला में खेत में खाद डालने को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने सात नामजद आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इसी दौरान गांव के जाहिद पुत्र अमीरबख्श, काशिम, नाजिम, आजम, आलम, सराबुल पुत्रगण जाहिद तथा आसिफ पुत्र यूसुफ मौके पर पहुंच गए और खाद डालने से मना करते हुए गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर अ पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने सात नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अनधिकृत किताबों के खिलाफ चलेगा अभियान

**प्रयागराज।** माधयमिक शिक्षा परिषद ने स्कूलों में अनधिकृत किताबों और गाइड के प्रचलन पर सख्त रुख अपनाया है। परिषद के निर्देश पर प्रदेश भर के स्कूलों में 15 अप्रैल तक विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान किताबों की उपलब्धता, गुणवत्ता और निर्धारित प्रकाशकों की पुस्तकों की बिक्री की जांच की जाएगी। परिषद के सचिव भगवती सिंह ने प्रदेश के सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों ढ्ढडीआईओएसत्र को निर्देश दिए हैं कि यदि कोई स्कूल संचालक या प्रधानाचार्य छात्रों को अनधिकृत पुस्तकें या गाइड खरी. दने के लिए बाधय करता है तो उसके खिलाफ इंटरमीडिएट शिक्षा अधिनियम 1921 के विनियम-18 के तहत कड़ी कार्रवाई करें।शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के 36 विषयों की एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों को प्रदेश के राजकीय, सहायता प्राप्त एवं स्ववित्त पोषित विद्यालयों में लागू किया गया है। कक्षा नौ से 12 तक हिंदी, संस्कृत और उर्दू की चयनित 12 पुस्तकों को भी सस्ते दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है। सचिव ने अभिभावकों को जागरूक करने और छात्रों को आसानी से पुस्तकें उपलब्ध कराने के लिए 15 अप्रैल तक सभी जिलों में पुस्तक जागरूकता एवं सुलभता शि. विरधपुस्तक मेला आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

इन मेलों में अधिकृत मुद्रकों पायनियर प्रिंटर्स आगरा, पीतांबरा बुक्स झांसी और सिंघल एजेंसीज लखनऊत्र की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। परिषद ने स्पष्ट किया है कि पाठ्यपुस्तकों का कापीराइट उसके पास है। ऐसे में पायरेसी या डुप्लीकेसी कर नकली किताबें बेचने वाले अनधिकृत मुद्रकों और दुकानदारों के खिलाफ पुलिस, वाणिज्य कर, आयकर और प्रशासन के साथ समन्वय कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। एनसीईआरटी की कापीराइट शर्तों के उल्लंघन पर कापीराइट एक्ट के तहत भी कार्रवाई होगी।

**चन्दौसी।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति-5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई, सम्भल में एक भव्य मेगा इवेंट का आयोजन किया गया।

## घर में घुसकर मारपीट, कई परिजनों को पीटा, पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सरकड़ा करीम में घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सरकड़ा करीम निवासी सुरेंद्र सिंह पुत्र ब्रह्मपाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह मजदूरी करता है और उसका भाई सुरेश कुमार भी बाहर काम करता है। 5 अप्रैल 2026 को दोनों अपने घर आए हुए थे। उसी दिन सुबह करीब 7 बजे गांव के ही राजपाल पुत्र इंदर सिंह, अंकित पुत्र राजपाल सिंह, उमेश पुत्र राजपाल सिंह, पप्पू पुत्र सोमपाल और सोमपाल पुत्र इंदर सिंह लाठी-डंडों से लैस होकर उसके घर में घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने आते ही गाली-गलौज करते हुए सुरेंद्र सिंह के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर जब उसके पिता ब्रह्मपाल सिंह, भाई सुरेश कुमार और माता फूल कुमारी बचाने पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। परिवार के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े, जिन्हें आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांचों नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## गोमांस की आशंका परहिरासत में लिया

**प्रयागराज।** खुल्दाबाद थाना क्षेत्र के रोशन बाग स्थित एक चर्चित रेस्टोरेंट में कथित रूप से गोमांस से खाद्य पदार्थ तैयार किए जाने की सूचना पर पुलिस ने छापा मारकर चार लोगों को हिरासत में लिया है। इस दौरान दुकान संचालिका समेत कई अन्य संदिग्ध मौके से फरार हो गए। विश्व हिंदू परिषद के गोरक्षा प्रांत मंत्री लाल मणि तिवारी ने पुलिस से शिकायत की थी कि रोशन बाग स्थित रेस्टोरेंट में काफी समय से गोमांस का इस्तेमाल कर कबाब व बिरयानी बना कर बेची जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया, जहां कथित रूप से गोमांस की बिरयानी से संबंधित रेट लिस्ट और मांस बरामद हुआ। इसपर पुलिस ने रेस्टोरेंट में काम कर रहे चार लोगों को हिरासत में ले लिया। डीसीपी सिटी मनीष शांडिल्य ने बताया कि विहिप के पदाधिकारियों की शिकायत पर रेस्टोरेंट में छापा मारा गया, जहां से संदिग्ध मांस बरामद हुआ। जांच के लिए मांस को प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। पूछताछ के लिए चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। कुछ अन्य लोग मौके से भाग निकले। प्रयोगशाला से रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## दबंगों ने की पथराव और आगजनी कई को हिरासत में लिया

**प्रयागराज।** जिले के गंगापार इलाके के नवाबगंज थानाक्षेत्र स्थित हथिगंहा बाजार में पुरानी रंजिश को लेकर विवाद के दौरान उपद्रवियों ने जमकर कहर बरपाया। ईंट-पत्थर चलने से चार लोग घायल हो गए। इस दौरान कुछ लोगों ने ट्रैक्टर और बाइक में आग लगा दी और कार के शीशे तोड़ दिए। मौके पर पहुंची नवाबगंज पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद स्थिति को नियंत्रित किया। कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहम्मदपुर हथिगंहा निवासी मुन्ना यादव की हार्डवेयर की दुकान हथिगहां चौराहे पर है। बताया जाता है कि मुन्ना यादव बीती देर रात अपने भाई नितिन यादव के साथ घर जा रहा था। जैसे वह वह हथिगंहा सड़क मार्ग पर पहुंचा था कि कारोबारी काली शंकर के बेटे विभव गुप्ता ने मुन्ना यादव को थप्पड़ जड़ दिया। भाई को अपमानित देखकर मुन्ना यादव के छोटे भाई नितिन यादव ने विरोध किया तो वहां पर मौजूद लोगों ने हंगामा करते हुए मारपीट शुरू कर दी। घटना की जानकारी मिलते मुन्ना यादव के गांव के काफी लोग हथिगंहा बाजार आ गए। आक्रोशित लोगों ने ईंट-पत्थर चलाते हुए ट्रैक्टर तथा बाइक में आग लगा दी और कार के शीशे तोड़ दिए। हंगामा और बवाल की जानकारी मिलते ही नवाबगंज पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर उपद्रवी तत्वों को खदेड़ दिया। इस दौरान किए गए पथराव में पत्थर लगने अभय गुप्ता, विभव गुप्ता तथा उषा देवी तथा दूसरे पक्ष नितिन यादव घायल हो गए। घायलों में नितिन यादव की हालत नाजुक होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि नितिन यादव के परिजनों की तहरीर पर आरोपियों पर कार्रवाई की जा रही है।

## समावेशित होगा चकिया उपडाकघर

**प्रयागराज।** प्रयागराज डाक मंडल के अन्तर्गत संचालित केसरिया रोड चकिया उपडाकघर का समावेशन राजरूपपुर उपडाकघर में कर दिया गया है। ऐसे में सात अप्रैल 2026 से केसरिया डाकघर में संचालित समस्त डाक सेवाओं के लाभार्थी नागरिक उक्त तिथि के बाद से किसी भी कार्यदिवस में राजरूपपुर स्थित डाक घर में संपर्क करें।

# भाजपा के नवनियुक्त जिला महामंत्री ओमपाल सिंह सैनी का भव्य स्वागत

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला महामंत्री मान्य ओमपाल सिंह सैनी का उनके प्रतिष्ठान पर पहु. चने पर पार्टी के वरिष्ठ नेता गौरव वर्मा एडवोकेट ने पत्ता डालकर और माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने नवनियुक्त जिला महामंत्री को शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं। गौरव वर्मा एडवोकेट ने कहा कि ओमपाल सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में संगठन और मजबूत होगा। उनके अनुभव और समर्पण से पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी और जनहित की योजनाओं को गति मिलेगी। सभी लोगों ने उनके आगमन पर हर्ष जताते हुए कहा कि उनका क्षेत्र में हार्दिक स्वागत है। इस अवसर पर कई भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# चन्दौसी पालिका में नामित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

चन्दौसी। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निकायों में नामित सदस्यों को सोमवार को पालिका के अस्थाई कार्यालय गांधी पार्क में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार में माध्यमिक शिक्षा राज्य



मंत्री गुलाब देवी एवं पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय, नगराध्यक्ष भाजपा अंकुर अग्रवाल एवं पालि. का सभासदगणों की गरिमामयी उपिस्थति रही। शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित नामित सदस्यों संजय बंसल, रिंकू दिवाकर, उमा श्रीवास्तव, विक्की प्रजापति, बाबूलाल सेन को एसडीएम आशुतोष तिवारी द्वारा शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर राज्यमंत्री गुलाब देवी ने कहा कि नवनिर्वाचित नामित सदस्य मिलजुलकर पालिका के विकास कार्यों में गति प्रदान करेंगे। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने कहा कि नवनिर्वाचित नामित सदस्यों से आशा है कि वह नगर के विकास हेतु अपने अपने अमूल्यवान सुझाव देकर चंदौसी नगर को चांदसी नगरी बनाने में सहयोग प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में सभासदगणों में तरुण कुमार नीरज, नवकांत देव शर्मा, अमित दिवाकर, अमन कोरी, दयाराम कनौजिया, रियाज अहमद, निशांत शर्मा, किशन प्रजापति, विनोद कुमार बिन्नी, सुधीर मल्होत्रा, अरविंद गुप्ता, देवेंद्र मोनू, आदि पालिका कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# 52वां सैफी डे दुआ के साथ मनाया

**कुन्दरकी।** सोमवार को 52 वां सैफी डे गैर सियासी तंजीम सैफी सोयायटी कुन्दरकी के तत्वावधान में नगर में यामीन सैफी के आवास ने पर मनाया गया। 52 वें सैफी डे के मौके पर गैर सियासी तंजीम सैफी सोसायटी कुन्दरकी ने समाज के बुजुर्गो जो दुनिया से रुखसत हो चुके हैं उनके लिए कौम की सलामती और देश की उन्नति तरक्की के लिए दुआ कराई । बाद दुआ के सैफी डे की मुबारकबाद एक दूसरे को दी गई।

सैफी सोसायटी के अध्यक्ष एमव केव भारती सैफी ने कहा कि छह अप्रैल सन् 1975 को अमरोहा जनपद में हजारों सैफी समाज के लोगों के महासम्मेलन में ही सैफी सरनेम का मुरादाबाद शहर के मौलाना अकरम नईमी की सरपरस्ती में नामकरण किया गया था। सैफी सोयायटी के संरक्षक बाबू ठेकेदार ने कहा कि सैफी का मतलब तलवार बनाने वाला होता है.सैफी समाज के लोग मेहनतकश होते हैं. जो सुई से लेकर हवाई जहाज तक का निर्माण करने में अपना योगदान देते हैं, किन्तु सरकारो की ओर से इस समाज की बुनियादी समस्याओं पर आज तक कोई ध्यान नहीं दिया गया। इस सैफीघ् डे के मौके मौके पर सैफी समाज के लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी और देश में अमन शान्ति की दुआ की गई। इस मौके पर हाजी बाबू ठेकेदार सैफी, एम.के.भारती सैफी, यामीन सैफी, अरहान सैफी आदि लोग मौजूद रहे।

## फर्जी पत्रकार बन ब्लैकमेल करने का आरोप, ग्रामीण ने सीएम से लगाई गुहार

**ठाकुरद्वारा।** थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर गांव के ही एक व्यक्ति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि वह व्यक्ति स्वयं को पत्रकार बताकर झूठी और मनगढ़ंत वीडियो बनाता है, लोगों को ब्लैकमेल करता है और रकम वसूलता है। शिकायतकर्ता शाहरूख के अनुसार, आरोपी पिछले काफी समय से इसी धंधे में लिप्त है। गत वर्ष उसने और उसके साथियों ने थाना ठाकुरद्वारा में तैनात एक दरोगा की वाहन चेकिंग के दौरान वीडियो बनाकर उसमें कट-छट कर दरोगा को ब्लैकमेल किया था। आरोप है कि यह व्यक्ति और उसका परिवार बेहद ही हेकड़ और बदमाश किस्म का है। शिकायतकर्ता के अनुसार, आरोपी ने उसे और उसके परिवार को खुलेआम धमकी दी कि तेरे दादा को गला घोंटकर मार दूंगा और एक खबर लगाकर तुझे जेल में ठूंस दूंगा। शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस व्यक्ति की गतिविधियों की जांच कराई जाए और उसके झूठे पत्रकारीय दावों के साथ-साथ उसकी डिग्रियों की भी जांच हो। साथ ही, ऐसे तत्वों पर अंकुश लगाया जाए जो पत्रकारिता की आड़ में आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

## जीरो प्वाइंट पर बाइक-टिर्री की टक्कर में पांच लोग घायल, बड़ा हादसा टला

**कुंदरकी।** मुरादाबाद अलीगढ़ मार्ग स्थित बिलारी रास्ते के निकट जीरो प्वाइंट पर सोमवार को हुए एक सड़क हादसे में पति-पत्नी समेत पांच लोग घायल हो गए। बाइक और मिनी ऑटो (टिर्री) की आमने-सामने की टक्कर से मौके पर अफरा तफरी मच गयी। जानक. ारी के मुताबिक इस्लामनगर जनपद के गांव धीमरपुरा निवासी मदन सिंह अपनी पत्नी चिंकी और भाई मोहन के साथ मोटरसाइकिल से मुरादाबाद जा रहे थे। जैसे ही वे जीरो प्वाइंट के पास पहुंचे, सामने से आ रही मिनी ऑटो से उनकी बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में मिनी ऑटो में बैठे दो अन्य लोग भी चोटिल हो गए।

घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने सभी घायलों को कुंदरकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका इलाज किया।

हर्बल इम्यूनिटी बूस्टर
थकान, कमजोरी दूर करें, अनेक रोगो से बचाए
1980 से प्रसिद्ध
एनर्जिक-31
स्वास्थ्यवर्धक कैप्सूल
amazon पर भी उपलब्ध है
फोन नं0 0591-3554385 E-mail:energic31@gmail.com



# गहने ठगने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नकली नोटों की गड्डी दिखाकर महिलाओं को ठगने वाले गिरोह का सोमवार को पुलिस ने पर्दाफाश किया। भंगेल गांव के पास से गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से दो नकली गड्डियां और 2500 रुपये नकद बरामद किए गए। दोनों आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में क्षेत्र में आए थे, तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गए।डीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि थाना फेज-2 पुलिस की टीम रविवार को क्षेत्र में गश्त कर रही थी।

इसी दौरान एक व्यक्ति ने सूचना दी कि दो संदिग्ध युवक नोटों की गड्डी लेकर घूम रहे हैं और लोगों से मदद मांग रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, जहां दो युवक संदिग्ध हालत में नजर आए। पुलिस को देखते ही दोनों भागने लगे, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर उन्हें दबोच लिया। दोनों की पहचान दिल्ली के प्रेम नगर निवासी विशाल उर्फ नन्हे और गाजियाबाद के लोनी स्थित सभापुर गांव निवासी करन सोलंकी के रूप में हुई। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे कागज की गड्डी के ऊपर और नीचे 500-500 रुपये के असली नोट लगाकर नकली गड्डी तैयार करते थे। पहली नजर में यह गड्डी पूरी तरह असली प्रतीत होती थी। आरोपी भीड़भाड़ वाले इलाकों जैसे बाजार, मंदिर या सार्वजनिक स्थलों के आसपास घूमते थे और वहां अकेली या बुजुर्ग



महिलाओं को निशाना बनाते थे। वे पहले मदद मांगने के बहाने बातचीत शुरू करने के बाद उन्हें नोटों की गड्डी दिखाकर लालच देते थे। इसके बाद चालाकी से महिलाओं को विश्वास में लेकर उनके गहने उतरवा लेते और मौके से फरार हो जाते थे। बाद में ये गहने स्थानीय ज्वैलर्स या अन्य लोगों को बेचकर पैसे कमा लेते थे और आपस में बांट लेते थे। पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है। साथ ही उनके अन्य साथियों की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपियों ने पहले किन-किन जगहों पर वारदात की है। आरोपी कभी कभी फकीर और साधु का भेष धारण करके भी ठगी कर लेते थे।

**दिल्ली एनसीआर में वारदात करते थे**

15 जनवरी 2026 को सेक्टर-58 में एक बुजुर्ग महिला से मंदिर के बाहर इसी तरह नकली गड्डी दिखाकर करीब 2 लाख रुपये के गहने ठग लिए गए थे।

28 नवंबर 2025 को ग्रेटर नोएडा के कासना क्षेत्र में दो युवकों ने महिला को मदद के बहाने रोका और नकली नोट दिखाकर सोने की चेन और अंगूठी लेकर फरार हो गए।

10 अगस्त 2025 को गाजियाबाद को इंदिरापुरम में बाजार में खरीदारी कर रही महिला को निशाना बनाकर ठगों ने करीब 1.5 लाख रुपये के आभूषण ठग लिए थे।

22 मार्च 2025 को दिल्ली के रोहिणी में मंदिर के पास बुजुर्ग महिला को झांसा देकर नकली गड्डी के बदले उसके गहने उतरवा लिए गए थे। इन घटनाओं से साफ है कि ऐसा गिरोह लंबे समय से सक्रिय है और अलग-अलग इलाकों में वारदात को अंजाम देता रहा है।

**ठगी से ऐसे बचें**

किसी अनजान व्यक्ति की बातों में आकर लालच में न आएं। अगर कोई अचानक नोटों की गड्डी दिखाए, तो तुरंत सतर्क हो जाएं। सार्वजनिक स्थानों पर अपने गहनों और सामान की सुरक्षा का ध्यान रखें।किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानक.ारी तुरंत पुलिस को दें। अकेले होने पर अनजान लोगों से दूरी बनाए रखें।अगर कोई मदद के नाम पर ज्यादा बातचीत करे, तो सावधान हो जाएं।

**बुजुर्ग जागरूक रहें:** पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे इस तरह के झांसे में न आएं और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तुरंत नजदीकी थाने को दें। साथ ही, विशेष रूप से बुजुर्ग लोगों को जागरूक करने की जरूरत है, ताकि वे ऐसे गिरोहों के शिकार न बनें। पुलिस ऐसे गिरोहों पर लगातार नजर बनाए हुए है, लेकिन आम जनता की सतर्कता ही इस तरह की ठगी को रोकने में सबसे बड़ी भूमिका निभा सकती है।

# सनवर्ल्ड बिल्डर ने खरीदारों के साथ धोखाधड़ी की: ईडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना सिटी के सेक्टर-22डी स्थित सनवर्ल्ड सिटी परियोजना मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपनी स्थिति (स्टेटस) रिपोर्ट दिल्ली हाईकोर्ट में प्रस्तुत की है। ईडी के अनुसार, बिल्डर ने फ्लैट और भूखंड खरीदने वालों के साथ धोखाधड़ी की। परियोजना में कोई निर्माण कार्य भी अबतक नहीं किया गया।दिल्ली हाईकोर्ट ने आठ जनवरी 2026 को ईडी को अपनी स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आद.ेश दिया था। ईडी ने अदालत को मार्च के तीसरे हफ्ते में रिपोर्ट सौंपी। ईडी ने बताया कि प्रारंभिक जांच की गई है। सनवर्ल्ड सिटी प्राइवेट लिमिटेड और अन्य लोगों के खिलाफ वर्ष 2018 से 2021 के बीच चार मुकदमे दर्ज हुए थे।

इन्हीं मुकदमों के आधार पर ईडी ने चार नवंबर 2025 को धनशोधन का केस दर्ज किया। सनवर्ल्ड सिटी प्राइवेट लिमिटेड और अन्य लोगों ने धोखाधड़ी और साजिश के जरिए रुपये कमाए और




उस रुपये का मनी लॉन्ड्रिंग में इस्तेमाल किया। हालांकि, ईडी ने अदालत को बताया कि यह सिर्फ स्टेटस रिपोर्ट है। अभी अंतिम निर्णय नहीं हो सका है। दूसरी ओर, खरीदार और याचिकाकर्ता पुनीत अग्रवाल ने बताया कि बिल्डर को जिस समय भूमि आवंटित की गई थी, उस समय का रेट 4500 वर्गमीटर था, जबकि आज के समय में नोएडा, ग्रेनो या यमुना सिटी में 12 से 15 हजार वर्गमीटर की दर से कम में फ्लैट नहीं मिलेंगे। ऐसे में नई दरों के अनुसार खरीदारों को लाभ मिलना चाहिए। ईडी ने केस दर्ज कर यह साबित भी कर दिया है कि बिल्डर ने काफी झोल किया हुआ है। मामले में यीडा को भी बिल्डर के खिलाफ सख्त कदम उठाना चाहिए।

2011 **से अबतक कोई निर्माण नहीं:** परियोजना के खरीदार एवं याचिकाकर्ता पुनीत अग्रवाल ने बताया कि यीडा ने वर्ष 2011 में सनवर्ल्ड सिटी बिल्डर को लगभग 102 एकड़ जमीन टाउनशिप परियोजना के लिए दी थी, लेकिन यहां बिल्डर ने कोई निर्माण नहीं किया। याचिकाकर्ता के अनुसार, परियोजना में 930 लोगों ने फ्लैट और भूखंड बुक कराए थे। इनमें से 59 खरीदार अदालत चले गए। इन खरीदारों के करीब पांच करोड़ रुपये फंसे हुए हैं। बताया जा रहा है कि बिल्डर पूर्व में मूलधन दे चुका है, लेकिन खरीदार ब्याज की रकम के लिए संघर्ष कर रहे। खरीदारों का यह मामला एनसीडीआरसी में भी चल रहा है।

# खेत में फसल देखने गए किसान को मारी गोली




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र के अट्टा फतेहपुर गांव के एक व्यक्ति को खेत पर काम करते समय गोली मारने का मामला सामने है। घटना में घायल को इलाज के लिए ग्रेटर नोएडा के यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पीड़ित स्वजन ने गांव के ही युवक पर रंजिशन गोली मारने का आरोप लगाया है।

मिली जानकारी अनुसार, अट्टा फतेहपुर गांव के रहने वाले कासिम ( 60 वर्ष ) सोमवार को अपने खेत पर गए हुए थे। गेहूं की फसल पक कर तैयार खड़ी है, जिसकी कटाई शुरू होनी थी। जब वह अपने खेत पर टहल रहे थे, इसी दौरान एक आरोपित वहां पहुंचा । कुछ देर तक उससे तीखी नोकझोंक हुई जिसके बाद आरो.पित ने गोली चला दी। गोली पीड़ित की नाक के नीचे लगी जो गर्दन के ऊपरी हिस्से में फंस गई है। गोली लगने के बाद वह अचेत होकर वहीं गिर गए और आरोपित मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित स्वजन मौके पर पहुंचे और घायल को इलाज के लिए ग्रेटर नोएडा के यथार्थ अस्पताल ले जाया गया।

**मामले में पुलिस को नहीं मिली शिकायत:** अस्पताल में घायल की हालत नाजुक बताई जा रही है। पीड़ित स्वजन द्वारा गांव के ही एक आरोपित पर रंजिशन गोली मारने का आरोप लगाया जा रहा है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि पुलिस घटना स्थल पर मौजूद है और सबूत एकत्र कर रही है। शिकायत मिलने के बाद मामला दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पानी की टंकी से गिरकर युवती की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के दौला रजपुरा गांव में एक युवती की पानी की टंकी से गिरकर मौत हो गई। घटना मंगलवार को हुई, जब 25 वर्षीय रानी खेत में काम कर रही थी और पानी लेने के लिए टंकी के पास गई थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रानी पानी की टंकी पर चढ़कर ऊपर देखने और घूमने के इरादे से सीढ़ियों पर चढ़ने लगी। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया। वह करीब 20 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गई, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। आसपास मौजूद लोगों ने उसे संभालने की कोशिश की, लेकिन कुछ ही देर में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह पानी की टंकी गांव में पानी की आपूर्ति के लिए बनवाई गई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि टंकी के आसपास सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं, जिससे ऐसे हादसों की आशंका बनी रहती है।

मृतका के पिता का नाम सलीम है। बताया जाता है कि रानी अविवाहित थी। हादसे के बाद परिवार में मातम छा गया है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों ने पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया है, जिसके चलते पुलिस द्वारा आगे की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

# पुलिस ने 78 परिवार टूटने से बचाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर पुलिस की पारिवारिक विवादों को सुलझाने के लिए चलाई जा रही पहल रंग ला रही है। जिला पुलिस ने फैमिली डिस्प्यूट रेजोल्यूशन क्लीनिक (एफडीआरसी) के जरिये एक अक्तूबर 2025 से 31 मार्च 2026 तक 78 परिवारों को बिखरने से बचाया।अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) राजीव नारायण मिश्र और पुलिस उपायुक्त (महिला सुरक्षा) के निर्देशन में एफडीआरसी, महिला सहायता प्रकोष्ठ, पिंक बूथ और विभिन्न परामर्श केंद्रों के माध्यम से इन मामलों में मध्यस्थता कराई गई। विशेषज्ञों की मदद से दोनों पक्षों को सुनकर संतुलित समाधान निकाला गया, जिससे आपसी मतभेद खत्म हुए और परिवार फिर से एक साथ आ सके।

कमिश्नरेट में संचालित एफडीआरसी का उद्देश्य वैवाहिक और पारिवारिक विवादों का शांतिपूर्ण समाधान करना है। यहां विशेषज्ञों की टीम मानसिक, भावनात्मक और व्यवहारिक समस्याओं को समझते हुए लोगों को सही मार्गदर्शन देती है। घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न और अन्य सामाजिक मुद्दों से जुड़े मामलों में भी यह केंद्र प्रभावी भूमिका निभा रहा है। पुलिस की ओर से दो ऐसे मामले साझा किए गए हैं जो



> एफडीआरसी जैसी पहल यह साबित करती हैं कि पुलिस सिर्फ अपराध रोकने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज को जोड़ने और मजबूत बनाने में भी अहम भूमिका निभा रही है। पुलिस की पहल से 78 परिवार टूटने से बच गए।
>
> **लक्ष्मी सिंह, पुलिस आयुक्त**

काउंसिलिंग के बाद दोबारा एक हो गए।

**केंद्र पर इस तरह की जाती है मदद:** एफडीआरसी के तहत सेक्टर-108, नॉलेज पार्क, बिसरख, महिला थाना और महिला सहायता प्रकोष्ठ में लगातार काउंसलिंग सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अलावा समय-समय पर जागरुकता कार्यक्रम भी चलाए जाते हैं, ताकि लोग छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद बढ़ाने के बजाय बातचीत से हल निकाल सकें। एफडीआरसी मॉडल न केवल विवादों को सुलझाने में मदद कर रहा है, बल्कि लोगों को भावनात्मक सहारा भी दे रहा है।

**मूक-बधिर दंपत्ति का विवाद सुलझा:** पहला मामला एक मूक-बधिर दंपत्ति का था। दंपत्ति के बीच 2019 से विवाद चल रहा था। घरेलू हिंसा और दहेज के आरोपों के चलते मामला गंभीर हो गया था। एफडीआरसी ने इस मामले को शारदा विश्वविद्यालय की विशेषज्ञों की टीम को भेजा, जहां सांकेतिक भाषा विशेषज्ञ की मदद से पांच चरणों में काउंसलिंग की गई। जांच में सामने आया कि विवाद का मुख्य कारण आर्थिक तनाव और बेरोजगारी था। लगातार संवाद और समझाने के बाद दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से विवाद खत्म कर लिया और परिवार दोबा.रा एकजुट हो गया।

**काउंसिलिंग के बाद रिश्ते सुधरे:** दूसरा मामला नॉलेज पार्क स्थित एफडीआरसी में आया, जहां एक दंपति के बीच छोटी-सी बात को लेकर शुरू हुआ विवाद गंभीर रूप ले चुका था। परिवार के हस्तक्षेप से स्थिति और बिगड़ गई थी। इस मामले में चार चरणों की काउंसलिंग कराई गई, जिसमें संवाद और समझ को फिर से स्थापित किया गया। अंततः दोनों ने साथ रहने का निर्णय लिया और पारिवारिक संतुलन बनाए रखने पर सहमति बनी।

## एक नजर

### एनईए अध्यक्ष की पत्नी के प्लॉट पर फर्जीवाड़े से कब्जा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** एनईए अध्यक्ष विपिन मल्हन की पत्नी अनु मल्हन ने सेक्टर 61 में 162 मीटर का प्लॉट प्राधिकरण से लिया था। प्राधिकरण ने कन्वर्शन स्कीम के तहत 162 मीटर प्लॉट के बजाय सेक्टर 43 में 450 वर्ग मीटर का प्लॉट दे दिया था, लेकिन न्यायालय में अपील करने पर प्राधिकरण ने सेक्टर 61 में ही भूखंड बहाल कर दिया था। फरवरी 2024 में पता चला कि भूखंड पर कुछ लोग निर्माण कार्य करा रहे हैं। प्राधिकरण से शिकायत करने पर पता चला कि मेरठ खरखोदा के विजोली गांव की मीनू ने अनु के नाम से अपने हक में कूटरचित पावर ऑफ अटार्नी करा ली है। गवाह के तौर पर राजपाल और रोहन के हस्ताक्षर हैं। मीनू फर्जी तरीके से प्राधिकरण से अनुमति कराकर निर्माण कार्य कर रही है। पीड़िता का मीनू से कोई जानकारी है और न ही कोई उकसे हक में दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए हैं। पीड़िता ने सेक्टर 58 थाने में मीनू, राजपाल, रोहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### अनियमितताओं के खिलाफ 20 अप्रैल को आंदोलन करेंगे किसान

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा पावर कंपनी के तानाशाह रवैये और अनियमितताओं के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन बलराज के पदाधिकारी 20 अप्रैल को आंदोलन करेंगे। इसको लेकर पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन दिया। संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय महासचिव विपिन खारी का कहना है कि एनपीसीएल ने गौतमबुद्ध नगर के निवासियों के साथ खुली लूट मचा रखी है। नए विद्युत कनेक्शन के नाम पर उपभोक्ताओं से 25 हजार रुपये तक लिए जाते हैं। जिसमें दूरी बढ़ने पर 70 वर्ग फुट के हिसाब से वसूल किए जाते हैं। उसके बाद एनपीसीएल अनाप-शनाप बिल भेजती है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी शौकत अली चेची ने कहा कि एनपीसीएल प्राइवेट कंपनी का तानाशाही रवैया उपभोक्ताओं का शोषण कर रहा है। बिजली यूनिट चार्ज को चार जोनों में बांट कर लूट मचाई हुई है। बिजली उपभोक्ताओं से करीब 8 गुना तक रकम वसूली जा रही है। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष योगेश वैष्णव ने कहा कि उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर 20 अप्रैल को नॉलेज पार्क स्थित एनपीसीएल दफ्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

### यमुना एक्सप्रेसवे पर क्लीनर की मौत

**यमुना सिटी( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर हुए एक सड़क हादसे में हाईवा के क्लीनर की मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने साइड में खड़े पंक्चर हाईवा को टक्कर मार दी थी, जिससे क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गया था। सोमवार को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। यह घटना यमुना एक्सप्रेसवे पर जीरो प्वाइंट से 18 किलोमीटर दूर एटीएस के सामने रविवार को हुई। हाईवा का क्लीनर जकरू पंक्चर टायर बदल रहा था, तभी जेवर की तरफ से आए एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने हाईवा में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

# वाहन चोरी करने वाले गिरोह का शातिर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-58 थाना पुलिस ने रविवार देर रात चेकिंग के दौरान वाहन चोरी करने वाले गिरोह के एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया। उसके पास से 20 हजार रुपये, गाजियाबाद से चोरी की गई स्कूटी और उपकरण बरामद किए गए। पुलिस आरोपी के दो साथियों की तलाश कर रही है।पुलिस ने बताया कि रविवार रात करीब 10.30 बजे टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। सेक्टर-57 में अग्रवाल तिराहे पास एक स्कूटी सवार संदिग्ध सेक्टर-58 स्थित जुबिलेंट पार्क के पास खड़ा दिखाई दिया। टीम ने पकड़ने का प्रयास किया तो वह भागने लगा। टीम ने पीछा कर उसे दबोचा। आरोपी की पहचान जिला बुलंदशहर के सलेमपुर गांव निवासी राहुल उर्फ अतुल उर्फ मोनू के रूप में हुई।



वर्तमान में वह बादलपुर थाना क्षेत्र छपरौला गांव में रह रहा है। भागने का कारण पूछने पर आरोपी ने बताया कि स्कूटी चोरी की है। जांच करने पर पता चला कि स्कूटी को गाजियाबाद के कौशांबी थाना क्षेत्र से कुछ माह पूर्व चोरी की थी। इस संबंध में कौशांबी थाने में मुक.दमा भी दर्ज है। स्कूटी की डिग्गी से तीन गाड़ियों की नंबर प्लेट, एक चाबी, दो बोल्ट खोलने वाली चाबी, दो पेचकस और एक प्लास और रुमाल में बंधे हुए 20 हजार रुपये बरामद हुए।

सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि वह पिकअप और अन्य बड़ी गाड़ियों को चोरी करता है। चोरी की गई गाड़ियों को यहां से ले जाकर राजस्थान के जिला भरतपुर निवासी आरिफ को बेच देता है। आरिफ यहां से वाहनों को ले जाता है और आगे अजहर के माध्यम से बेच देता है।

वाहन बेचते समय वह नंबर प्लेट निकलवा लेते हैं। पूछताछ में यह भी पता चला कि कुछ दिनों पहले सेक्टर-62, सेक्टर-59 और सेक्टर-57 से चोरी किए गए आयसर कैंटर को उन्होंने ही चोरी किया था, जिसे आरिफ लेकर चला गया। पिछले माह सेक्टर-22 से एक पिकअप गाड़ी चोरी की थी, जिसे एक अन्य साथी अजहर लेकर चला गया। चोरी की वारदातों में वह वाहनों के लॉक तोड़ने और सेल्फ वायर जोड़कर गाड़ी स्टार्ट करके ले जाते हैं। आरोपी के खिलाफ गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर में कुल 18 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अब फरार चल रहे दो साथियों को तलाश रही है।

# फर्जी जमानत देने वाले दो लोगों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** अदालत में एक नशा तस्कर की जमानत के लिए फर्जी कागज लगाने का मामला सामने आया है। सत्यापन किए जाने पर दोनों जमानती के कागज फर्जी पाए गए। न्यायालय के लिपिक ने दोनों जमानती के खिलाफ सूरजपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक न्यायालय के लिपिक योगेंद्र कुमार की शिकायत पर आरोपी रामशरण और राजकुमार के खिलाफ मुक.दमा दर्ज किया गया। लिपिक के मुताबिक नोएडा थाना फेस 2 में नशा तस्करी के आरोप में पकड़े गए तस्कर विनोद कुमार की जमानत के लिए आए दोनों जमानतियों के कागजों का सत्यापन किया गया।

इसके लिए बुलंदशहर के जहांगीराबाद थाने में संपर्क किया। इसी थाने से दोनों जमानत के काग.जों का सत्यापन हुआ था। थाने से पूछताछ में पता चला कि उनके यहां से रामशरण और राजकुमार नाम के किसी व्यक्ति का सत्यापन नहीं किया गया। थाने के दरोगा के फर्जी हस्ताक्षर और मोहर लगाकर सत्यापन कर धोखाधड़ी की गई। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी का कहना है कि न्यायालय के लिपिक की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# युवक को पीटने के बाद करंट लगाकर बेहोश किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-63 थाना क्षेत्र की छिजारसी स्थित जेजे कॉलोनी में तीन माह पूर्व एक युवक को पांच युवकों ने रंजिशन बेहरमी से पीटा। यही नहीं आरोपियों ने करंट लगाकर बेहोश कर दिया। युवक के पिता ने कोर्ट के आदेश पर मुक.दमा दर्ज कराया है।छिजारसी स्थित जेजे कॉलोनी निवासी प्रहलाद सिंह ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 27 दिसंबर 2025 को पुत्र दीपक काम करने के लिए श्रमिक चौक गया था। वहां काम नहीं मिला तो वापस घर आने लगा। रास्ते में उसे राहुल, कांता, विकास और दो अज्ञात लोगों ने रोक लिया। आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी।

विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की और जान से मारने की नियत से बिजली के करंट लगाए। इसके बाद दीपक बेहोश हो गया। दीपक को आरोपी मरा समझकर झाड़ियों में फेंककर भाग गए। राह चलते लोगों ने दीपक को जिला अस्पताल पहुंचाया। होश में आने पर दीपक ने आपबीती परिजन को बताई। इसके बाद दीपक को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया। शिकायतकर्ता का कहना है कि दीपक का अभी भी उपचार जारी है। आरोप है कि पीड़ित पक्ष द्वारा उसी दिन थाने पर सूचना दी गई थी, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं की गई। उच्चाधिकारियों के स्तर से भी कोई सुनवाई न होने पर न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। पुलिस का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर तीन नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## छोटे सिलिंडर के लिए भी लग रही कतार

**नोएडा।** कालाबाजारी का शिकार और कनेक्शन नहीं होने वाले लोगों के लिए पांच किलो वाले सिलिंडर बाजार में लाए तो गए लेकिन उनकी सप्लाई से जुड़ी परेशानी शुरू हो गई है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि घंटों लाइन में खड़े रखने के बाद अगले दिन आने की बात कहकर लौटा दिया जा रहा है। छोटै सिलिंडर के लिए भी अब प्रतीक्षा की अवधि दी जा रही है। पांच किलो वाला गैस सिलिंडर अब आसानी से उपलब्ध नहीं हो रहा है। घरेलू से ज्यादा लंबी कतार अब पांच किलो वाले सिलिंडर के लिए लगने लगी है। सेक्टर 23, 22, सर्फाबाद, सेक्टर 52, 62, 58, 63, 45, 3 स्थित एजेंसी पर लाइन लगी। लाइन में खड़े-खड़े लोग परेशान हो गए लेकिन नंबर नहीं आ सका।

# नोएडा के विकास के लिए 10 हजार 274 करोड़ मंजूर

- **स्पोर्ट्स सिटी को मिली ग्रीन सिग्नल, एयरपोर्ट के लिए 600 करोड़**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने विकास के लिए 10274 करोड़ रुपये का बजट पास किया। स्पोर्ट्स सिटी सेक्टर-78, 79, 150, 152 में सभी प्लाट पर नक्शों पर लगी रोक हटा दी गई। इससे 40 हजार से ज्यादा बायर्स को फायदा होगा। हालांकि नक्शे कंडिशनल अप्रूव किए जाएंगे। यानी उनको कुल बकाया के कुछ हिस्सा प्राधिकरण में जमा करना होगा।



न्यू नोएडा का मुआवजा दर यमुना विकास प्राधिकरण के किसानों को दिए जा रहे मुआवजा की तर्ज पर किया गया है। ये फाइल अब शासन को भेजी जाएगी। इसके अलावा 19 पूरक और करीब 28 अनुपूरक प्रस्तावों को शामिल किया गया। जिसमें से अधिकांश पर मुहर लगी। बैठक की अध्यक्षता आईडीसी चेयरमैन दीपक कुमार ने की। सेक्टर-95 दलित प्रेरणा स्थल को 92 करोड़ रुपये से संवारा जाएगा। आग से बचाव के लिए रोबोट समेत उपकरण खरीदने को एक सौ 54 करोड़ रुपये का बजट मिला। जिसमें 102 मीटर की दो हाइड्रोलिक प्लेटफार्म को शामिल किया गया है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विस्तार के लिए 715 करोड़ 68 लाख रुपये का बजट भी स्वीकृत हुआ। ये बजट फेज-2 के लिए है। जिसकी किस्त 1500 करोड़ के आसपास है। इसमें से 600 करोड़ रुपए पहले ही अलग-अलग किस्तों में जा चुके है। निर्माण निगम की तरफ से 30 और 17 करोड़ रुपये के प्रस्ताव दिए गए हैं। धनराशि निगम को दिए जाने की मंजूरी प्राधिकरण बोर्ड से लेगा। आवंटन दरों पर कोई फैसला नहीं लिया गया है। यानि इस बार आवंटन दरों पर बढ़ोतरी अभी नहीं की गई है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर ध्वजारोहण कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प

**■ 'राष्ट्र प्रथम' की भावना से जनकल्याण योजनाएं घर-घर पहुंचाने पर दिया जोर**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता के कैंप कार्यालय साईं सुधा वाटिका में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों, सभासदों और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में ध्वजारोहण किया गया।

कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और भारत माता के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद सभी उपस्थित लोगों का मुंह मीठा कराया गया। नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के साथ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के विकास और राष्ट्रीय एकता व अखंडता के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है।

इस मौके पर वरिष्ठ कार्यकर्ता कामता प्रसाद, सभासद महेश शर्मा, दिनेश राठौर, प्रेमपाल भास्कर, दिनकर गुप्ता, रमेश सिंह, तरुण कालरा, सचिन प्रजापति, उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, अवधेश सक्सेना, कामाक्षी शर्मा, रूप किशोर गंगवार, मनोज गंगवार, यशपाल राठौर, राहुल गंगवार, राकेश शर्मा, ठाकुर सुदेश सिंह, ओमवीर सिंह, एडवोकेट अर्जुन गुप्ता, राजा भाटी, नईम अहमद, उमर इनायत, वकील अहमद सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत

**■ सड़क पार कर रही वृद्धा को उड़ा ले गई बिना नंबर की बाइक, 30 फीट दूर जा गिरीं**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरिया रंजीत में सोमवार दोपहर एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया, जहां तेज रफ्तार बाइक ने एक बुजुर्ग महिला की जान ले ली। हादसे के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी रामसिंह की माता लडयती देवी दोपहर करीब 12 बजे घर का कूड़ा डालने के लिए सड़क पार कर रही थीं। इसी दौरान पीलीभीत जनपद के देवरनिया-जिठनिया क्षेत्र निवासी जावेद बिना नंबर की टीवीएस राइडर बाइक को तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाते हुए वहां पहुंचा और वृद्धा को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी भीषण थी कि लडयती देवी करीब 20 से 30 फीट दूर जा गिरीं। मौके पर मौजूद उनके पोते ने साहस दिखाते हुए बाइक चालक को पकड़ लिया और शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग भी एकत्र हो गए।

सूचना मिलते ही बहेड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया। गंभीर हालत में घायल महिला को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहेड़ी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया है। इस हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तेज रफ्तार वाहनों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## एक नजर

### पुलिस ने चेकिंग के दौरान युवक को तमंचा सहित पकड़कर जेल भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**क्योलडिया।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह पुलिस फोर्स के साथ क्योलडिया धिमरी मार्ग पर चेकिंग कर रहे थे तभी एक पिकअप आती दिखाई दी हाथ देने पर पिकअप चालक ने पिकअप दौड़ा दी। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर पिकअप वह पकड़ लिया और उसके ड्राइवर से 315 बोर का तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद हुआ पुलिस ने युवक से पूछताछ की। उसने अपना नाम आकिर पुत्र साकिर निवासी करमपुर चौधरी थाना इज्जत नगर बताया युवक ने पुलिस को बताया कि वह चोरी करता है उसके साथ साहिद पुत्र करामात शमशाद पुत्र अज्ञात वह लोग लगे टावरों से बैटरी चुराने का कार्य करते हैं बीते दिनों बिथरी चैनपुर में एक सीमेंट फैक्ट्री से दो बैटरी चोरी के और इन को किराए पर उठाने का कार्य करते हैं। पुलिस ने आकिर पुत्र साकिब को अवैध तमंचा और चोरी के बैटरी के साथ गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया।

### स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** मॉडल प्राइमरी स्कूल अग्रास फर्स्ट स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत नामांकन बढ़ाने हेतु जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व ग्राम प्रधान पुत्र कफील अहमद एवं प्रधानाध्यापक हिमांशु छावड़ा द्वारा किया गया।



रैली के दौरान सभी बच्चों ने हाथों में तिरंगा झंडा एवं गुब्बारे लेकर गांव में भ्रमण किया तथा लोगों को अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने एवं नवीन नामांकन हेतु प्रेरित किया। रैली में 'सब पढ़ें, सब बढ़ें' एवं 'हर बच्चा स्कूल जाए' जैसे नारों के माध्यम से शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

इस अवसर पर शिक्षकों द्वारा अभिभावकों को सरकार द्वारा प्रदान की जा रही निःशुल्क सुविधाओं जैसे मुफ्त पाठ्यपुस्तकें, यूनिफॉर्म, मिड-डे मील, जूते-मोजे एवं स्मार्ट क्लास के माध्यम से पढ़ाई आदि की जानकारी दी गई। प्रधानाध्यापक हिमांशु छावड़ा ने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने सभी बच्चों का नामांकन विद्यालय में अवश्य कराएं, जिससे कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, अभिभावक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# पार्टी के स्थापना दिवस पर अग्नि पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. आशुतोष गंगवार, भाजपा की जिला मंत्री डॉ. मीनाक्षी गंगवार क्षेत्र के ग्राम फाजिलपुर में विगत दिनों हुए भीषण अग्नि कांड से कई गरीब परिवारों के आशियाने जलकर राख हो गए थे। इन परिवारों के आंसू पोंछने ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. आशुतोष गंगवार एवं उनकी पत्नी भाजपा की जिला मंत्री डॉ. मीनाक्षी गंगवार ने ग्राम पहुंचकर पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री, कंबल का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने बेघर हुए परिवारों को ढांढस बंधाते हुए उनके पक्के आवास बनवाने का भी आश्वासन दिया। इस अवसर पर देवेश देवल, जिला महामंत्री किसान मोर्चा नीतीश उपाध्याय, कुलेंद्र गंगवार, गजेंद्र गंगवार, महेंद्र गंगवार, अमित गंगवार, गंगाराम गंगवार, मथुरा प्रसाद गंगवार, प्रधान द्वारिका प्रसाद, पूर्व प्रधान धीरेंद्र गंगवार, ज्योति गंगवार, महेश गंगवार सहित भारी संख्या में ग्रामवासी व क्षेत्रवासी मौजूद थे।

# सईद आलम क्लब आजमगढ़ ने जीता खिताबी मुकाबला

**■ विजेता टीम को मिला 51000 हजार, उपविजेता को 31000 नगद इनाम**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** इंसानी हमदर्द वेलफेयर सोसायटी के बैनर तले आयोजित हाजी रियासत हुसैन मेमोरियल आल इंडिया बालीवॉल टूर्नामेंट में देर रात हुए फाइनल और कड़े मुकाबले में सईद आलम क्लब आजमगढ़ ने खैरा क्लब भीरा की टीम को हराकर खिताबी जीत हासिल कर ली।

रात्रि करीब डेढ़ बजे शुरू हुए फाइनल मुकाबले में पांच सेट का मैच रखा गया, जिसमें सईद आलम क्लब आजमगढ़ की टीम ने लगातार दो सेट जीतकर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। तीसरे और चौथे सैट में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। चौथे सैट में आजमगढ़ की टीम ने खैरा क्लब को हराकर खिताबी मुकाबला जीत लिया। आजमगढ़ की टीम में सईद आलम का जलवा कायम रहा। सईद आलम का खेल देखने को दर्शक काफी उत्साहित नजर आए। दर्शकों ने खेल का पूरा आनन्द लिया। खेल का ऐसा नजारा पहले कभी देखने को नहीं मिला। टूर्नामेंट में की गई व्यवस्था को देखकर दर्शक उत्साहित दिखे। दूर दराज से खेल देखने आने वाले लोगों ने सराहना की। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमों ने आयोजक इंसानी हमदर्द वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष हाजी गुड्डू द्वारा कराए गए टूर्नामेंट की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि इतनी शानदार व्यवस्था आज तक कहीं देखने को नहीं मिली। वास्तव में हाजी गुड्डू बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने अपनी पहचान खोते जा रहे बालीवॉल टूर्नामेंट कराकर युवाओं में बालीवॉल खेल के प्रति उत्साह पैदा करने का काम किया। विजेता और उपविजेता टीम को संस्था के अध्यक्ष हाजी गुड्डू, हाजी अब्दुल सलाम शास्त्री, मकसूद रहमानी द्वारा नगद इनाम के साथ ट्रॉफी भी देकर सम्मानित किया। मैंने ऑफ द टूर्नामेंट सईद आलम को व बेस्ट वॉलर सईद आलम क्लब के मुशीर अहमद को मिला। कमेंटेटर इफ्तिखार नेता ने भी योगदान दिया।

### प्राचीन सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अवशेष के दर्शन कर भक्ति विभोर हुई नाथ नगरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** आर्ट ऑफ लिविंग परिवार की ओर से नाथ नगरी के त्रिवटी नाथ मंदिर में मंगलवार को एक ऐतिहासिक आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। एक हजार वर्ष प्राचीन सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के पावन अवशेष पहुंचें तो श्रद्धाभाव से लोगों ने उनके दर्शन किए। आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रवि शंकर के मार्गदर्शन में इन पावन अवशेषों को देशभर में दर्शन के लिए ले जाया जा रहा है।

बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम से स्वामी भव्य तेज करीब 9:45 बजे अवशेष लेकर मंदिर पहुंचे। गेट पर नाथ नगरी समिति के पदाधिकारियों ने ढ़ोल नागाड़ों के साथ सोमनाथ ज्योर्तिलिंग के अवशेष का स्वागत किया। करीब 10 बजे अभिषेक पूजन का कार्यक्रम शुरू हुआ जो एक घंटे तक चला। आर्ट ऑफ लिविंग के गुरू स्वामी भव्य तेज ने मंच पर मौजूद महंतों का सम्मान किया फिर मंदिर के दर्शन किए। इस बीच लोगों की उत्सुकता पावन अवशेष को देखने के लिए बढ़ती जा रही थी। मंदिर के हॉल में आयोजित पूजन स्थल पर स्वामी भव्य तेज ने पूजन थाल में अवशेष निकाल कर रखें तो लोगों ने पूरे श्रद्धा भाव से उनके दर्शन किए। अवशेष के दर्शन को लगातार श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही थी। इस मौके पर आर्ट ऑफ लिविंग से जुड़े पार्थो कुनार भी व्यवस्था देखने में लगे रहे।

इस दौरान मनीष शर्मा, डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी, संजीव औतार अग्रवाल, संचित अग्रवाल आदि मौजूद रहे। वीडीएस कोआर्डिनेटर श्वेता कुनार ने बताया कि नाथ नगरी एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक घटना का साक्षी बना है। पूरे देश की यात्रा के अंतर्गत श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के पावन अवशेष जो 100 वर्षों तक तमिलनाडु में गुप्त रूप से संरक्षित रहे, इस पावन नगरी में श्रद्धालुओं ने इनके दर्शन किए। उन्होंने कहा कि यह यात्रा 1000 वर्षों की तपस्या, भक्ति और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है, जो लंबे समय से भारतीय आध्यात्मिक विरासत को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित करने का कार्य आर्ट ऑफ लिविंग संस्था कर रही है। जिसका मूल मंत्र है तनाव मुक्त मन, हिंसा मुक्त समाज। यह आयोजन केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक अस्मिता और आध्यात्मिक चेतना के पुनर्जागरण का प्रतीक है। 1000 वर्ष प्राचीन सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के पावन अवशेषों को लेकर यात्रा पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, केरल और तमिलनाडु से होते हुए प्रदेश में झांसी, कानपुर, आगरा, मेरठ, मुरादाबाद होते हुए 6 अप्रैल को बरेली पहुंची है।

वीडीएस कोआर्डिनेटर बरेली गोपाल भारण अग्रवाल ने कहा कि इतिहास के अनुसार वर्ष 1026 ईसवीं में आक्रमणकारी महमूद गजनवी ने सोमनाथ मंदिर को ध्वस्त कर दिया था। लेकिन, आस्था की ज्योति निरंतर प्रज्वलित रही। पवित्र शिवलिंग के अवशेषों को अग्निहोत्री पुजारियों ने 900 वर्षों तक गुप्त रूप से सुरक्षित रखकर पूजा-अर्चना की, जो पीढ़ी दर पीढ़ी संरक्षित होते रहे। सन् 1925 में कांची के शंकराचार्य ने भविष्यवाणी की कि इन अवशेषों को उचित समय पर ऐसे योग्य आध्यात्मिक नेतृत्व को सौंपा जाए। जिनके नाम में शंकर हो।

जनवरी 2025 में परंपरा के अंतिम संरक्षक सीताराम शास्त्री ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ये अवशेष गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर को सौंपे थे।

# अटल आवासीय प्रवेश परीक्षा में सोनाक्षी ने किया मंडल टॉप, भाजपाइयों ने किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के अटल आवासीय विद्यालय कक्षा 6 की प्रवेश परीक्षा 2026 में विकासखंड नवाबगंज के गांव पंडरी समीप बरौर की बिटिया सोनाक्षी पुत्री सुरेंद्र पाल पटेल ने 77.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मंडल टॉप किया है। छात्रा सोनाक्षी ने कक्षा 5 की पढ़ाई क्षेत्र के ग्राम पंडरा के दिव्य ज्योति इंटर कॉलेज से पास की है। सोनाक्षी के पिता एक गरीब परिवार से हैं जो मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। छात्रा की इस सफलता पर उसके घर पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डा. आशुतोष गंगवार, पार्टी की जिला मंत्री डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार ने छात्रा सोनाक्षी और उनके पिता सुरेंद्र पटेल को पटका पहना कर उनका सम्मान किया।

इस दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य डा. गेंदनलाल, प्रधान धर्मेन्द्र सक्सेना, जिला महामंत्री किसान मोर्चा नीतीश उपाध्याय, पूर्व प्रधान धीरेंद्र गंगवार धीरू, प्रधान द्वारिका प्रसाद गंगवार, अमित गंगवार, पूर्व सभासद मथुरा प्रसाद गंगवार, गजेन्द्र गंगवार, गंगाराम गंगवार, ज्योति गंगवार, डा. राममूर्ति लाल गंगवार, देवेश देवल, नरेश बाबू, मोहन लाल, तिलक राम सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# नगर पालिका के नामित सभासदों ने ली शपथ

**■ तहसील सभागार में हुआ समारोह, ढोल-नगाड़ों के साथ निकला जुलूस**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर पालिका परिषद के नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को तहसील सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ईश्ता किशोर, तहसीलदार भानु प्रताप, अधिशासी अधिकारी शशि प्रभा चौधरी व जेई निर्माण जितेंद्र गंगवार सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में सभासदों को शपथ दिलाई गई।

शपथ लेने वालों में महेश चंद्र शर्मा, नगर अध्यक्ष सुनील रस्तोगी, प्रेमपाल भास्कर, सचिन प्रजापति, दिनेश राठौर समेत अन्य नामित सभासद शामिल रहे। सभी ने नगर के विकास और जनसेवा के प्रति निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया।

शपथ ग्रहण के बाद सभी सभासद नगर पालिका कार्यालय पहुंचे, जहां नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष रश्मि जायसवाल एवं उनके पति अजय जायसवाल ने सभी का स्वागत किया। इसके बाद ढोल-नगाड़ों के साथ जुलूस निकालते हुए सभासद गौरव मित्तल के आवास पहुंचे, जहां उनका स्वागत-सम्मान किया गया और मिष्ठान वितरण किया गया।

इस मौके पर पूर्व महामंत्री सचिन अग्रवाल, महामंत्री अरुण गंगवार, सुरेंद्र तोमर, विकास नेताजी, शक्ति गुप्ता, सुदेश ठाकुर, जितेंद्र गंगवार, हरबंस गुप्ता, प्रतीक ढींगरा, सभासद दिनकर गुप्ता, तरुण कालरा, नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, हेमंत गुर्जर, आकाश गौड़, अमित अग्रवाल सहित अनेक लोगों ने कार्यक्रम में भाग लेकर इसे सफल बनाया।

# फेसबुक मैसेंजर पर अश्लील टिप्पणी और धमकी से हड़कंप

**■ चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज, पुलिस ने शुरू की कार्रवाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कस्बा क्षेत्र में सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिव कालौनी नैनीताल रोड निवासी हरीश चन्द पाल (47), जो ऑयल कंपनी में ठेकेदारी का कार्य करते हैं, की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई। आरोप है कि सचिन जायसवाल (48), उनकी पत्नी गुंजन जायसवाल (45) निवासी महेश नगर हल्द्वानी (उत्तराखण्ड), विक्की गुप्ता (40) और योगेश कासौधन (38) निवासी मोहल्ला रामलीला, बहेड़ी ने फेसबुक मैसेंजर के माध्यम से वादी और उसकी बेटी के संबंध में आपत्तिजनक व अश्लील टिप्पणियां कीं। साथ ही गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस जांच में सामने आया है कि दोनों पक्ष पहले से एक-दूसरे को जानते हैं और आपसी परिचय के चलते ही विवाद की शुरुआत हुई। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर की गई अभद्र टिप्पणियों के साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक बहेड़ी दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी गई है। आरोपियों की भूमिका की विस्तृत पड़ताल की जा रही है और जल्द ही आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद क्षेत्र में सोशल मीडिया के दुरुपयोग को लेकर चर्चा तेज हो गई है। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का जिम्मेदारी से उपयोग करें और किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक गतिविधि से बचें।

# रिश्वत लेते खनन विभाग का बाबू गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** खनन विभाग में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई सामने आई है। कलेक्ट्रेट परिसर में खनन कार्यालय से एंटीकरप्शन टीम ने बाबू मेहबूब अली को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि सीज किए गए ट्रैक्टर की फाइल आगे बढ़ाने के नाम पर आरोपी बाबू ने एक किसान से ₹10,000 की रिश्वत की मांगी थी।

किसान ने इसकी शिकायत एंटीकरप्शन टीम से की, जिसके बाद टीम ने जाल बिछाकर कार्रवाई को अंजाम दिया। निर्धारित योजना के तहत जैसे ही बाबू मेहबूब अली ने किसान से रिश्वत की रकम ली, एंटीकरप्शन टीम ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद अन्य कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। इस पूरे मामले में खनन इंस्पेक्टर मनीष कुमार की भूमिका भी सवालों के घेरे में आ गई है।



सूत्रों के अनुसार, विभागीय स्तर पर उनकी संलिप्तता को लेकर भी जांच की जा रही है। फिलहाल एंटीकरप्शन टीम आरोपी से कोतबाली मे पूछताछ कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। इस कार्रवाई से खनन विभाग में हड़कंप मच गया है और अन्य कर्मचारियों में भी डर का माहौल देखा जा रहा है।

# शेरगढ़ गैस एजेंसी पर प्रशासन का छापा, वितरण में गड़बड़ी उजागर

**■ जन सुनवाई में शिकायत के बाद एसडीएम व तहसीलदार की संयुक्त कार्रवाई, डीएम को भेजी जाएगी रिपोर्ट**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जन सुनवाई में प्राप्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने शेरगढ़ स्थित गैस एजेंसी पर सोमवार को छापेमारी की। एसडीएम बहेड़ी इशिता किशोर एवं तहसीलदार बहेड़ी भानु प्रताप के नेतृत्व में पहुंची टीम ने एजेंसी के कार्यों की गहन जांच-पड़ताल की। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और उपभोक्ताओं में भी हलचल देखी गई।

जांच के दौरान अधिकारियों ने एजेंसी के कैश मेमो बुक, डिलीवरी वाहनों के रजिस्टर तथा अन्य अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में यह पाया गया कि गैस सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि आपूर्ति में कोई कमी नहीं है। हालांकि, वितरण व्यवस्था में अनियमितताएं सामने आईं, जो उपभोक्ताओं की शिकायतों की पुष्टि करती हैं।

सूत्रों के अनुसार, उपभोक्ताओं को समय पर गैस न मिलने, मनमाने ढंग से वितरण करने तथा रिकॉर्ड में पारदर्शिता की कमी जैसी शिकायतें सामने आई थीं। इन्हीं शिकायतों के आधार पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर जांच की। एसडीएम इशिता किशोर ने बताया कि जांच के दौरान मिली अनियमितताओं को गंभीरता से लिया गया है और पूरे प्रकरण की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर जिलाधिकारी को भेजी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि दोषियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

प्रशासन की इस कार्रवाई से जहां आम उपभोक्ताओं में राहत की उम्मीद जगी है, वहीं अन्य गैस एजेंसियों को भी अपने कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने का संदेश मिला।

# हाईकोर्ट ने किए पांच एडीजे के तबादले, कई मजिस्ट्रेटों को भी बदला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने रविवार को अधिसूचना जारी कर जजों की वार्षिक ट्रांसफर पोस्टिंग की लिस्ट जारी की। बरेली में एडीजे के पद पर कार्यरत 5 जजों का अन्य जनपदों में ट्रांसफर हुआ, वहीं तीन जजों की बरेली में पोस्टिंग की गयी है।

हाईकोर्ट रजिस्ट्रार जनरल मनजीत सिंह की ओर से जारी सूची में बरेली से एडीजे कुमारी अफशां को हमीरपुर, कुमार मयंक को प्रयागराज, तबरेज अहमद को बुलंदशहर, ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी को हरदोई, देवाशीष को झांसी भेजा गया है, वहीं आजमगढ़ में तैनात संतोष कुमार यादव व उनकी पत्नी संदीपा यादव व गोंडा में तैनात रहीं नम्रता अग्रवाल को बरेली भेजा है।




इसके अतिरिक्त सिविल जज सीनियर डिवीजन स्तर की अलका पाण्डेय, पारस यादव, श्वेता तिवारी को क्रमशः श्रावस्ती, देवरिया, फर्रुखाबाद व रेलवे मजिस्ट्रेट आकाश वर्मा को कानपुर नगर भेजा है। वहीं, सीतापुर में तैनात अनामिका सिंह को एसीजेएम रेलवे एनआर बनाया है, उनके पति अभिनव श्रीवास्तव को भी बरेली भेजा है। कैराना शामली से प्रशांत कुमार सिंह भी बरेली भेजे गये हैं।

सिविल जज जूनियर डिवीजन रैंक के बरेली में तैनात न्यायिक अधिकारियों में मंजुला मिश्रा व रेखा रावत को क्रमशः कन्नौज व एटा भेजा है। बरेली, बहेड़ी मुंसिफ कोर्ट में तैनात रहे मजिस्ट्रेट अरून कुमार पाण्डेय, शेखर अग्रवाल को क्रमशः बल्लिया व मेरठ में तैनाती दी गयी है।

## एक नजर

### विद्यार्थियों का तिलक लगा कर स्वागत



**कोतवाली देहात।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोतवाली देहात में नवीन शैक्षिक सत्र का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरपर्सन मीना सिंह, प्रधानाचार्य अजय कुमार, उपप्रधानाचार्य शालिनी चौहान, एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम व सतेंद्र कुमार के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। इसके बाद नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सभी आए हुए विद्यार्थियों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर अंजलि राज, स्वाति कस्यप, अंशिता रानी, शिवानी, बालेश कुमार आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### आसपा सांसद का स्वागत



**नांगल सोती।** आजाद समाज पार्टी (काशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजाद आज प्रदेश कोर कमेटी सदस्य भीमसेन हल्दिया के आवास पर पहुंचे। जहां कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर बाद सांसद चंद्रशेखर आजाद ने आगामी विधानसभा चुनाव और पंचायत चुनाव के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए कहा चुनाव में सफलता के लिए हमें अपनी बूथ कमेटी, सेक्टर कमेटी को मजबूत करना होगा और घर -घर जाकर पार्टी का प्रचार प्रसार करना होगा।

### पेराई सत्र आठ अप्रैल को समाप्त

**नांगल सोती।** उत्तम शुगर मिल बरकातपुर के प्रशासन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि गन्ने की खुली खरीद करके गन्ना क्रय केंद्र सफलतापूर्वक बंद कर दिए गए है, किसानों का बेसिक कोटा की निर्गत पर्चियां भी जारी हो चुकी है। मिल गेट पर भी गन्ने की खुली खरीद की जा रही है। मिल अधिकारियों द्वारा गन्ना क्षेत्र का भ्रमण किया गया है। भ्रमण के दौरान पता चला है कि मिल के गन्ना क्षेत्र में नाममात्र का गन्ना खड़ा है। किसानों से अपील है कि जिन किसानों के खेतों में गन्ना खड़ा है वे किसान आठ अप्रैल तक अपना समस्त गन्ना मिल गेट पर क्रय कर दे। जिसके बाद मिल पेराई सत्र 2025-26 की समाप्ति की घोषणा कर चेन बंद कर दी जाएगी।

### समता दिवस के रूप में मनाई जयंती




**स्योहारा।** भारत रत्न बाबू जगजीवन राम की जयंती नगर में समता दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस नगर अध्यक्ष अहसन जमील के नेतृत्व में किया गया। जिसमें कार्यकर्ताओं एवं नगर के गणमान्य लोगों की बड़ी संख्या में सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत नगर अध्यक्ष अहसन जमील द्वारा कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर की गई। इसके पश्चात उपस्थित लोगों ने बाबू जगजीवन राम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके बताए सामाजिक समता समान अधिकार एवं न्याय के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। नगर अध्यक्ष अहसन जमील ने कहा कि बाबू जगजीवन राम ने अपना संपूर्ण जीवन दलितों, पिछड़ों एवं वंचित समाज के अधिकारों की लड़ाई को समर्पित किया। उन्होंने समाज में समान अवसर और सम्मान की भावना को मजबूत करने का काम किया। जिसके कारण वे आज भी सामाजिक समता और न्याय के प्रेरणास्रोत बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि समाज में प्रेम भाईचारा और समानता ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। इस मौके पर बुढ़नपुर ब्लॉक अध्यक्ष हरि सिंह सागर ने विचार व्यक्त करते हुए सामाजिक न्याय और समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंच.ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बाबू जगजीवन राम के आदर्श आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठ नागरिक, समाजसेवी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नौ को आ रहे मुख्यमंत्री योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नौ अप्रेल को वर्धमान डिग्री कॉलेज के मैदान में जनसभा को सम्बोधित करने के साथ ही विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। इसके लिए अधिकारियों ने तैयारियां शुरू कर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज सुबह विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने के संबंध में समीक्षा बैठक की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, एडीएम प्रशासन अंशिका दीक्षित सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि वर्धमान डिग्री कॉलेज के मैदान में आम जनसभा का आयोजन किया जाएगा।



## अधिकारियों ने शुरू की तैयारियां

मुख्यमंत्री द्वारा जिले में पांच करोड़ से अधिक लागत की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जाएगा तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

उन्होंने कार्यक्रम के संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को विभागीय परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों का पूर्ण विवरण तथा जिन परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया जाना प्रस्तावित है, उनकी पूरी जानकारी की जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को आज शाम तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दें। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद में शासकीय योजनाओं के अंतर्गत जो भी उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं, उसकी सूचना भी जिला अर्थ एवं संख्या कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने नगर पालिका बिजनौर एवं आसपास की नगर पालिकाओं व नगर पंचायत के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल सहित पूरे शहर में सफाई व्यवस्था करना सुनिश्चित करें तथा कार्यक्रम स्थल पर मोबाइल टॉयलेट तथा समुचित मात्रा में पेयजल की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कृषि, बाल एवं महिला विकास, एनआरएलएम, उद्योग, कार्यक्रम सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभागों के उत्पादों, जानकारियों एवं उपलब्धियों से संबंधित स्टाल लगाएं। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री के संभावित निरीक्षण के दृष्टिगत राजकीय मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल एवं अस्पताल प्रांगण स्थित स्वास्थ्य इकाइयों को अपेक्षित सफाई सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

## नजीबाबाद में इरफान उर्फ सोनू बिहारी व नाजिम उर्फ भोला अरेस्ट

**बिजनौर।** थाना नजीबाबाद में समीपुर निवासी मौहम्मद हाशिम पुत्र अब्दुल गफूर ने दो अप्रैल को तहरीर दी थी कि अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मंडी के पास से उसकी ई-रिक्शा को चोरी कर लिया गया। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर लिया था। पुलिस ने इस मामले में नई बस्ती, गढ़मलपुर निवासी इरफान उर्फ सोनू बिहारी पुत्र गुलाम रसूल एवं जलालाबाद की हरिजन बस्ती निवासी नाजिम उर्फ भोला पुत्र जहीर अहमद को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की गई ई-रिक्शा, मोबाइल फोन व नकदी बरामद की है।

# सब्सिडी जारी, लेकिन नहीं मिला गैस कनैक्शन

## उज्ज्वला योजना के जमीनी क्रियान्वयन पर गंभीर प्रश्नचिन्ह

**डा. मुसिफुल हक**

**मंडावली।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जिसका उद्देश्य गरीब महिलाओं को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराना है, अब सवालों के घेरे में आती नजर आ रही है। मंडावली क्षेत्र में सामने आए एक मामले ने योजना के जमीनी क्रियान्वयन पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े कर दिए हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार एक महिला के खाते में 03 मई 2024 से लगातार गैस सब्सिडी आ रही है, लेकिन उसे आज तक गैस सिलेंडर, चूल्हा, रेगुलेटर और पाइप उपलब्ध नहीं कराया गया।

बताया गया है कि महिला द्वारा उज्ज्वला योजना के तहत आवेदन किया गया था। जब वह गैस कनेक्शन की जानकारी लेने एजेंसी पहुंची तो 05 फरवरी 2026 को उसका आधार सत्यापन (केवाईसी) भी कर लिया गया, लेकिन इसके बावजूद उसे कोई सामग्री नहीं दी गई। गैस एजेंसी संचालक का कहना है कि महिला उनसे मिलने नहीं आई या उसकी जानकारी पूर्ण नहीं थी, जिसके कारण प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी। लेकिन पीड़िता का कहना इससे बिल्कुल उलट है। महिला के अनुसार, वह कई बार एजेंसी के चक्कर काट चुकी है। हर बार उसे आश्वासन देकर टाल दिया गया। लगातार अनदेखी से परेशान होकर महिला ने अंततः जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई और मीडिया के सामने आकर आपबीती सुनाई।




जब खाते में सब्सिडी जा रही है, तो क्या कनेक्शन रिकॉर्ड में चालू दिखाया गया है? अगर हां, तो लाभार्थी को सामग्री क्यों नहीं मिली? क्या यह सिर्फ एक मामला है या और भी लाभार्थी इसी तरह प्रभावित हैं? यह मामला केवल एक शिकायत नहीं, बल्कि योजना के क्रियान्वयन और निगरानी तंत्र पर सवाल खड़ा करता है। यदि समय रहते जांच नहीं हुई, तो ऐसे मामलों से सरकारी योजनाओं की विश्वसनीयता पर असर पड़ सकता है। मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच हो। संबंधित एजेंसी की कार्यप्रणाली की समीक्षा की जाए। पीड़ित महिला को तत्काल योजना का लाभ दिलाया जाए।

# सराय गांव का मुख्य मार्ग बदहाल

## शासन-प्रशासन की अनदेखी से नारकीय जीवन जीने को मजबूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** ग्राम पंचायत सराय के मुख्य मार्ग की बदहाली ने सरकार के विकास के दावों की हवा निकाल दी है।

लोक निर्माण विभाग अंतर्गत आने वाला यह रास्ता वर्तमान में अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। गांव के बीच से गुजरने वाले इस मुख्य मार्ग पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं। जिनमें जलभराव होने के कारण यह रास्ता किसी तालाब जैसा नजर आने लगा है। हालात इतने खराब है कि पैदल राहगीरों का निकलना भी दूभर हो गया है और आए दिन बाइक सवार इन गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीण विजयपाल, अजयपाल और पोखर सिंह ने अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा कि वे इस समस्या को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों के चक्कर लगा चुके हैं। लेकिन हर बार उन्हें केवल कोरा आश्वासन ही मिला। देशराज और गौतम सिंह का कहना है कि सड़क पर भरे गंदे पानी के कारण न केवल आवागमन बाधित है। बल्कि अब गांव में बीमारियां फैलने का डर भी सताने लगा है। नरोत्तम सिंह और कावेंद्र सिंह ने आक्रोश जताते हुए बताया कि कई बार गुहार लगाने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। बारिश के दिनों में तो हालात और भी बदतर हो जाते हैं। जब कीचड़ और मलबे के कारण स्कूली बच्चों को जान जोखिम में डालकर स्कूल जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया, तो वे विरोध प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे।



## एक नजर

### पंचायत घर में किसानों की बैठक



**नजीबाबाद।** ब्लॉक के ग्राम मिर्जापुर सैद उर्फ भुड्डी में किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री और खसरा-खतौनी से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए एक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक मंडावली पंचायत घर पर हुई, जिसमें तहसील के राजस्व अधिकारी और लेखपाल उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य उन किसानों की समस्याओं का निवारण करना था, जिनकी फॉर्मर रजिस्ट्री नहीं बनी है या जिनके खसरा-खतौनी में संशोधन, अंश गलत होने जैसी भू-राजस्व संबंधी अन्य समस्याएं हैं। ग्रामीणों ने इस बैठक में बड़ी संख्या में भाग लिया और अपनी समस्याओं को प्रस्तुत किया। इस बैठक में लेखपाल विजय चौधरी, ग्राम प्रधान पति शहाबुद्दीन ठेकेदार, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मास्टर फरीद अहमद, पंचायत सहायक फरहीन, कृषि विभाग से महेंद्र सिंह, यामीन ठेकेदार, उस्मान, फरमान, अनस और अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### अलवर वाले बाबा का भंडारा



**नजीबाबाद।** अलवर वाले बाबा का 14वां विशाल भंडारा आयोजित किया गया। यह आयोजन कोटद्वार रोड स्थित एक बैंक्ट हॉल में हुआ। सकल गद्दियों के स्वामी श्रीश्री 1008 श्री राम गोपाल और गद्दी नशीन महाराज श्रीश्री 1008 श्री हर प्रसाद शर्मा अलवर वाले बाबा के नजीबाबाद आगमन पर यह भंडारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह साढ़े छह बजे श्री सुंदरकांड पाठ से हुई। इसके बाद, सुबह 11 बजे अलवर वाले बाबा ने हवन यज्ञ में आहुति देकर हवन कार्य संपन्न कराया। सुंदरकांड पाठ के समापन पर, अलवर वाले बाबा ने उपस्थित भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किए और धर्म लाभ उठाया। भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की व्यवस्था बनाने में अशोक राजपूत, रमन अग्रवाल, कमल सेठी, सत्य गर्ग, शुभम कौशिक, सुनील सैनी, नमन गोयल, सुमन कौशिक, नकुल अग्रवाल, सुरेश, अरविंद प्रधान, दिनेश मित्तल, सत्य प्रकाश, विकास, हिमांशु त्यागी और यादव सहित कई अन्य लोगों ने सहयोग किया।

### अफजलगढ़ में चैकिंग अभियान



**अफजलगढ़।** क्षेत्र में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर पुलिस ने वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए सघन चैकिंग अभियान बीती देर शाम विवेकानंद पुलिस चौकी पर तैनात उप निरीक्षक राजीव कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। उनकी टीम में मुख्य आरक्षी विजय सिंह, आरक्षी राजीव कुमार और आरक्षी कमल कुमार शामिल रहे। अभियान नेशनल हाईवे 734 पर जिकरीवाला ढलान पर चलाया गया। उप निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि रविवार शाम सात वाहनों का चालान किया गया, जबकि शाम को 13 वाहनों पर कार्रवाई हुई थी। अधिकतर वाहन चालकों को हेलमेट पहनने सहित अन्य यातायात नियमों का पालन करने की चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अभियान वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चलाया जा रहा है और आगे भी जारी रहेगा। थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह राठी ने इस संबंध में कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ



**धामपुर।** बीएस क्रिकेट क्लब धामपुर द्वारा आयोजित सिंदर पाल जुनेजा मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ विधायक अशोक कुमार राणा ने किया। केएम इंटर कॉलेज खेल मैदान पर टूर्नामेंट के पहले दिन दो मुकाबले खेले गए। पहले मैच में पहाड़ी दरवाजा क्लब और धामपुर फ्लेम क्लब आमने-सामने रहे। पहले बल्लेबाजी करते हुए पहाड़ी दरवाजा क्लब ने आठ ओवर में 96 रन बनाए। टीम की ओर से अमान ने 50 रन और मोहसिन ने 18 रन बनाए, जबकि अन्य बल्लेबाज ज्यादा योगदान नहीं दे सके। जवाब में धामपुर फ्लेम क्लब ने लक्ष्य को सात ओवर 2 गेंद में हासिल कर लिया। राघव ने 16 गेंदों में 40 रन, देव ने 19 रन और साहिब ने 20 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। इस मैच में अम्पायर की भूमिका आमिर अंसारी एड. एवं शादाब ने निभाई। दूसरे मैच का शुभारंभ नगर पालिका चेयरमैन रवि चौधरी ने किया। यह मुकाबला स्माइल क्रिकेट क्लब धामपुर और पैजनिया क्लब के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्माइल क्रिकेट क्लब ने आठ ओवर में 144 रन बनाए। टीम के कप्तान इस्माइल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 106 रन की पारी खेली। जिसमें 13 छक्के और 3 चौके शामिल रहे। शबलू ने 23 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए पैजनिया क्लब 120 रन ही बना सकी और 23 रन से मैच हार गई। पैजनिया की ओर से सलमान ने 31 रन बनाए। इस मैच में अम्पायर आमिर अंसारी एड. एवं मौहम्मद तालिब अंसारी रहे। टूर्नामेंट के आयोजन में आमिर अंसारी एड., सलीम उर्फ पप्पू, रितेश जुनेजा, योगेश रस्तोगी उर्फ बाबू भैया एवं मौहम्मद शान का विशेष सहयोग रहा। नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर क्षेत्र के खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है और आगामी मैचों के प्रति लोगों में उत्सुकता बनी हुई है।

# दो दिवसीय अंतर्विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस द्वारा नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम में दो दिवसीय अंतर्विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

प्रतियोगिता के प्रथम दिन का शुभारंभ सीडीओ रणविजय सिंह, जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार सिंह, कॉलेज के संस्थापकराजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, लॉ कॉलेज प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां, साइंस कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा, फार्मेसी प्राचार्य डा. अंकित कुमार सैनी, प्राचार्य डा. विवेक वर्मा ने फीता काटकर किया।

इस दौरान चेयरमैन मनोज कुमार ने युवाओं को प्रेरणा देते हुए कहा कि युवाओं की प्रतिभा और दक्षता का आंकलन ऐसे ही शारीरिक खेलों द्वारा ही किया जाता है। प्रत्येक युवा के अंदर खेल का जज्बा होता है जिससे वे दिन रात मेहनत कर देश के लिए प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया गया, जिसमें लंबी कूद, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 1500 मीटर दौड़, 400 मीटर रिले, 1600 मीटर रिले, कबड्डी, खो-खो और गोलाफेंक प्रमुख रहे। खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 100 मीटर दौड़ में प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। वहीं लंबी कूद में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों की तालियां बटोरीं।



प्रथम दिवस की प्रतियोगिताओं में दौड़ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें 100 मीटर दौड़ (पुरुष वर्ग) में आशीष कुमार, (बी. एएलएलबी) ने प्रथम स्थान, मौहम्मद फैज (बी.फॉर्मा) ने द्वितीय स्थान एवं मौहम्मद अदीब (बी.फार्मा) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ (महिला वर्ग) में आरजू (बीसीए) ने प्रथम स्थान, खुशी चिकारा (बीएससी) ने द्वितीय स्थान एवं अनुष्का (बीसीए) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में (पुरुष वर्ग) में आशीष कुमार (बी. एएलएलबी) ने प्रथम, रवीश अहमद (बीएएलएलबी) ने द्वितीय तथा मौहम्मद अदीब (बी. फॉर्मा) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं महिला वर्ग में कसक (बीबीए) ने प्रथम स्थान व आरजू (बीसीए) ने द्वितीय तथा खुशी त्यागी (बी.फॉर्मा) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



1500 मीटर में (पुरुष वर्ग) में केतन कुमार (बीएससी कम्प्यूटर साइंस) ने प्रथम स्थान व द्वितीय मुज्जमिल (बीएससी ऑनर्स) ने तथा आकाशा पाल (बीसीए) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

लंबी कूद (पुरुष वर्ग) में जतीन (बी.फॉर्मा) ने प्रथम स्थान व द्वितीय स्थान मौहम्मद अदीब (बी.फॉर्मा) ने तथा देवांष (बी. फॉर्मा) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तथा (महिला वर्ग) में प्रथम स्थान विशाखा (एलएलबी) ने व द्वितीय स्थान चारू सिंह (बीएससी नर्सिंग) ने तथा सुहानी (बीएससी कम्प्यूटर साइंस) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कबड्डी (पुरुष वर्ग) के फाइनल में कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एंड आईटी की टीम ने कृष्णा फॉर्मेसी कॉलेज की टीम को 28-26 के अंतर से हराया। खो-खो (महिला वर्ग) के फाइनल में कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस की टीम ने कृष्णा फॉर्मेसी कॉलेज की टीम को 08-06 के अंतर से हराया। 400 मीटर रिले (पुरुष वर्ग) के फाइनल में कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ प्रथम व कृष्णा फॉर्मेसी कॉलेज ने द्वितीय व कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एंड आईटी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एंड आईटी ने प्रथम व कृष्णा इंस्टीट्यूट ने द्वितीय व फॉर्मेसी कॉलेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक (पुरुष वर्ग) के फाइनल में विशाल (बीएएलएलबी) ने प्रथम, अंश चौधारी (बी.फॉर्मा) ने द्वितीय तथा अब्दुल अहद (बीएससी नर्सिंग) ने तृतीय व महिला वर्ग में रिंकी (बीएससी कम्प्यूटर साइंस) व आरजू (बीसीए) ने द्वितीय तथा एकता (एलएलबी) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में क्रीड़ा सचिव विशाल विक्रम सिंह व अरमान मलिक, क्रीड़ा अधिकारी संजीव कुमार, विचित्र मलिक, डा. पायल राठी, कृष्ण कुमार व समस्त शिक्षकों व कर्मचारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# छात्रा व महिला ने फांसी लगाकर जान दी

## आजमपुर इण्टर की छात्रा का शव कमरे में लटका मिला, परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में फंदा लगाकर आत्महत्या की दो घटनाओं से इलाके में सनसनी फैल गई। पहली घटना गांव आजमपुर की है, जहां

### पहाड़पुर में महिला ने लगाया मौत को गले

बारहवीं कक्षा की एक छात्रा ने घर के कमरे में फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। दूसरी घटना गांव पहाड़पुर इनायत प्रथम की है, जहां 22 वर्षीय एक महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों मामलों में पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पहली घटना में गांव आजमपुर निवासी बारहवीं की छात्रा ने घर में बने कमरे में दुपट्टे के सहारे फंदा लगा लिया। काफी देर तक कमरे से बाहर न आने पर परिजनों ने अंदर जाकर देखा तो छात्रा का शव लटका मिला। यह दृश्य देखकर परिवार में कोहराम मच



गया। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया, सीओ अंजलि कटारिया और थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हैंगिंग आया है। छात्रा ने यह कदम क्यों उठाया, इसका पता लगाने के लिए पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से जानकारी जुटा रही है। वहीं दूसरी घटना गांव पहाड़पुर इनायत प्रथम की है। यहां अशोक के परिवार की 22 वर्षीय महिला अर्चिता ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस का कहना है कि महिला की मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। एक ही दिन थाना क्षेत्र के दो गांवों में हुई इन घटनाओं से ग्रामीणों में शोक और चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# मामूली बात ने लिया हिंसक रूप, पथराव व मारपीट में कई घायल

## चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मामूली बात ने हिंसक रूप ले लिया। दहेज के सामान से भरी गाड़ी का रास्ते में लगे बैनर से टच होना भारी पड़ गया और देखते ही देखते कहासुनी पथराव व मारपीट में बदल गई।

मामला मोहल्ला इकरार नगर का है। यहां के निवासी अनवर के अनुसार चार अप्रैल की रात करीब 8 बजे वह अपने भाई सलीम और अन्य लोगों के साथ शादी का सामान लेकर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में एक घर के बाहर लगे बैनर से उनकी गाड़ी हल्की टकरा गई। बस इसी बात पर मोहल्ले के ताहिर के बेटे राहुल, सलीम, चुन्नी और सोनू भड़क गए और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने पथराव कर दिया, जिससे इलाके में अफरातफरी मच गई। इतना ही नहीं, चारों ने लाठी-डंडों से हमला कर अनवर और सलीम को गंभीर रूप से घायल कर दिया। हंगामा बढ़ता देख आसपास के लोग मौके पर जुट गए, जिन्हें देखकर आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# दो निरीक्षक समेत नौ दरोगाओं के तबादले

## एसपी ने चार्ज संभालते ही किया फेरबदल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पुलिस अधीक्षक ने नौ दरोगाओं व दो निरीक्षकों की तैनाती इधर से उधर की है। उन्होंने हसनपुर कस्बा इंचार्ज व एसआ.ेजी प्रभारी तथा चार चौकी प्रभारियों को भी बदला है।

एसपी लखन सिंह ने थाना गजरौला में तैनात दरोगा अनिल शर्मा को गजरौला में ही कस्बा चौकी का प्रभारी नियुक्त किया है जबकि थाना मंडी धनौरा में तैनात राजेंद्र कुमार को रजबपुर की वेंकटेश्वरा पुलिस चौकी की जिम्मेदारी दी है। थाना नौगावां सादात में तैनात अंकुर मलिक को हसनपुर में कस्बा चौकी प्रभारी बनाकर भेजा है तो वहीं थाना सैदनगली से हरपत सिंह को नौगावां सादात की कुमखिया चौकी का प्रभारी नियुक्त किया है। जबकि निरीक्षक पंकज तोमर को एसओजी का प्रभारी बनाया है। वह थाना एएचटी प्रभारी थे, उनके स्थान पर मानवाधिकार, सिटीजन चार्टर व व्यापार प्रकोष्ठ के प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार को थाना एएचटी प्रभारी का अतिरिक्त दायित्व दिया है। इसी कड़ी में एएसपी कार्यालय से राजीव पाठक को गजरौला भेजते हुए अतवीर सिंह की तैनाती एसआ.ेजी में बरकरार रखी है, पहले वह एसओजी प्रभारी की जिम्मेदारी निभा रहे थे। पुलिस लाइन से उपनिरीक्षक योगेंद्र कुमार की मंडी धनौरा, सुभाष बलियान व जुगल किशोर की हसनपुर तथा सतीश कुमार की रवानगी नौगावां सादात की गई है।

# एक ही दुकान से कोर्स लेने की बाध्यता समाप्त हो

## भाकियू ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** भारतीय किसान यूनियन ने स्कूलों मे एनसीआरटी की किताबें लागू किए जाने और ड्रेस, किताबें एक हीं दुकान से खरीदने की बाध्यता पर रोक लगाने की मांग को कलेक्ट्रेट मे प्रदर्शन किया।

सोमवार को भारतीय किसान यूनियन राकेश टिकैत गुट के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट मे ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष डॉ चंद्रपाल सिंह ने कहा कि शिक्षा राष्ट्र व समाज की नींव होती है, शिक्षा व्यवस्था में बढ़ती हुई अवैध शुल्क वसूली और मनमानी फीस वृद्धि व अनावश्यक किताबों से अभिभावकों का आर्थिक शोषण हो रहा है। उनकी मांग है कि केवल एनसीआरटी की किताबें लागू की जाए। निजी प्रकाशकों की बाध्यता समाप्त हो। मानक से अलग महंगी किताबें अनिवार्य करने पर तत्काल रोक लगाई जाए और हर वर्ष ड्रेस बदलने की प्रथा पर पूर्ण प्रतिबंध लगे। न्यूनतम तीन से पांच वर्ष तक एक ही



ड्रेस अनिवार्य हो, जबकि ड्रेस व किताबें एक ही दुकान से खरीदने की बाध्यता खत्म हो, सभी विद्यालयों द्वारा किताब एवं ड्रेस से संबंध स्पष्ट लिखित आदेश व सूची सार्वजनिक की जाए और जिला स्तर पर जांच कमेटी बने। जिसमें अभिभावक भी शामिल हो। नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। किसानों ने चेतावनी दी अगर सभी समस्याओं का जल्द निराकरण नहीं हुआ तो वह आंदोलन को मजबूर होगे। प्रदर्शन करने वालो मे सरदार सिंह, अवतार सिंह, नरेंद्र कुमार, सुरेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह रशीद अली, कपिल, जाबिर, रईस, विपिन, यशपाल सिंह, संजीव, गोलू, शीशपाल, इंद्रपाल, लेखराज आदि शामिल रहे।

# तेज रफ्तार बाइक ने ली युवक की जान

## पत्नी को लेने जा रहा था ससुराल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सैदनगली थाना क्षेत्र में सोमवार को एक हृदयविदारक सड़क हादसा सामने आया है। गंगा एक्सप्रेसवे पर कनैटा गांव के समीप एक अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से जा टकराई। जिसमें 25 वर्षीय युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव करनपुर सकतपुर निवासी मुकेश पुत्र रमेश के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, मुकेश सोमवार को अपनी बाइक से गंगा एक्सप्रेसवे के रास्ते हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव भैंसरोली अपनी ससुराल जा रहा था। वह अपनी पत्नी रीनू को लिवाने जा रहा था, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक डिवाइडर से टकराने के बाद कई मीटर दूर जाकर गिरी और मुकेश ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मृतक के पिता रमेश ने बताया कि मुकेश की शादी महज एक साल



पहले हुई थी। उसका तीन माह का मासूम बेटा हर्षित है, जिसके सिर से पिता का साया उठ गया है। वह मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था और चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर था। हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना अध्यक्ष विकास शेरावत ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है और परिजनों द्वारा दी जाने वाली तहरीर के आधार पर आगे की वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

# पचास गांवों को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर जलभराव

## ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पचास गांवों को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर जलभराव होने से गुस्साए ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को अमरोहा तहसील के गांव महेशरा के दर्जनों ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे। उनका आरोप है कि पिछले काफी समय से महेशरा से रायपुर बागड़ी एवं गजरौला को जोड़ें जाने मुख्य मार्ग पर जलभराव के कारण आवागमन पूरी तरह बाधित हो चुका है। गांव गुलड़िया, बागड़पुर, चांदनगर, पीरगढ़, काफूरपुर बावनपुरा, भटपुरा, हीरा सिंह बलदाना, खेड़की आदि लगभग पचास गांवों का मुख्य मार्ग गजरौला तिगरी को जोड़ता है। इस रास्ते पर लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी है जिससे विद्यार्थियों, किसानों, मरीजों एवं आम नागरिक का आवागमन मुश्किल हो गया है और जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ग्रामीण का आरोप है अनेकों बार वह अधिकारियों से इसकी शिकायत कर चुके है। स्थानीय प्रशासन द्वारा उन्हें पीडब्लूडी से उक्त मार्ग का निर्माण कराने का आश्वासन दिया जाता है। परंतु लोकनिर्माण विभाग इसे ग्राम पंचायत के अंतर्गत बताकर अपना पल्ला झाड़ लेता है। ग्रामीणों ने मांग की दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाए और संबधित विभाग की स्पष्ट जिम्मेदारी निर्धारित कर तत्काल प्रभाव से इस मार्ग पर जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित कर मरम्मत का निर्माण कार्य शुरू कराया जाए। प्रदर्शन करने वालो मे कपिल, दिलीप सैनी, बुद्धू, होराम जित.ेंद्र, सलीम, शाकिर, रफीक, राजकुमार, नरेंद्र आदि शामिल रहे।

# जंगली सुअर के साथ क्रूरता करते वीडियो वायरल

## आरोपियों पर मुकदमा दर्ज, पुलिस ने शुरू की जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात।** सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ने इलाके में सनसनी फैला दी, जिसमें कुछ युवक जंगली सुअर के साथ क्रूरता करते नजर आ रहे हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग और पुलिस हरकत में आ गई है तथा आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

जानकारी के मुताबिक दो अप्रैल को एक इंस्टाग्राम आईडी पर अवैध शिकार से जुड़े फोटो और वीडियो पोस्ट किए गए थे। इन वीडियो में दिख रहे कुछ युवक जंगली सुअर को बंधक बनाकर क्रूरता करते नजर आ रहे थे। आरोप है कि आरा.ेपी जानवर को पकड़कर वाहन में लाद रहे थे। साथ ही सुअर के साथ अमानवीय व्यवहार किया जा रहा था। वीडियो में एक बाइक भी दिख रही थी। जांच में सामने आया कि उक्त बाइक नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव बांसखेड़ी निवासी महेंद्र के नाम है। वन अधिकारियों ने मामले की जांच की। इसके बाद वन दरोगा केपी सिंह ने नौगावां सादात थाने में तहरीर दी थी। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि मामले में नामजद महेंद्र और दो अज्ञात के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार किया जाएगा।

## एक नजर

### परीक्षाफल वितरण में मेधावी छात्र सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** नगर के मोहल्ला सुभाष नगर स्थित प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को वार्षिक परीक्षाफल वितरण एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर मौजूद लोगों का मन मोह लिया। वहीं मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद धनौरा अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने विद्यालय के विकास में हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रवीण अग्रवाल ने विद्यालय परिसर का निरीक्षण कर किया। इस मौके पर एआरपी सुनील कुमार, शिक्षित कुमार, रोहतास सिंह, सत्य प्रकाश, शिक्षक ऋषिपाल सिंह, संदीप भाटिया, आरती बंसल, मीनू माहौर, प्रयत्न कौर, जितेश कुमार मौजूद रहे।

### वार्षिक रिजल्ट वितरण समारोह



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** क्षेत्र के फतेह सिंह यादव इंटर कॉलेज, मौहम्मदपुर लौहर्रा में वार्षिक रिजल्ट वितरण समारोह का आयोजन उत्साह और गरिमामय माहौल में किया गया। समारोह में विद्यालय के छात्र-छात्राओं को उनका वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरित किया गया और बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य देवव्रत यादव ने सभी छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर अंकित त्यागी, गौरव शर्मा, रोहित सागर, मुकेश कुमार, नारायण सिंह, रणवीर चौधरी, नितीश यादव, सुरभि यादव, कपिल कुमार, प्रभा सैनी, खजान सिंह, कमल सैनी, गजेन्द्र सिंह और कपिल चौधरी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की पहल




**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** कस्बे में सामाजिक संस्था हेल्पिंग हैंड्स धनौरा की ओर से जरूरतमंद बच्चों के लिए नि:शुल्क शिक्षा पहल की शुरुआत की गई। संस्था ने बच्चों के लिए मुफ्त ट्यूशन क्लास का शुभारंभ किया, जिसमें पहले ही दिन करीब 20 बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में मौजूद बच्चों और महिलाओं ने इस पहल की जमकर सराहना की। लोगों का कहना रहा कि ऐसे प्रयास से गरीब और जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को पढ़ाई में काफी मदद मिलेगी। कार्यक्रम में रितिका, सीमा, चित्रा, अनीता और सारांश समेत अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

# गाली गलौच के विरोध पर सगी बहनों से मारपीट

## नशे में धुत युवक ने दिखाई दबंगई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अमरोहा के शहर कोतवाली क्षेत्र में नशे में धुत एक युवक की दबंगई सामने आई है। गाली-गलौज का विरोध करने पर उसने दो सगी बहनों के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया।

घटना मोहल्ला कैलसा बाईपास की है, जहां स्वर्गीय फारूख का परिवार रहता है। पीड़िता फरहा नाज के मुताबिक चार अप्रैल की रात करीब 9 बजे वह अपनी बहन शीबा के साथ घर में मौजूद थी। इसी दौरान मुरादाबादी गेट निवासी अकबर नशे की हालत में वहां पहुंचा और घर के बाहर खड़े होकर गालियां देने लगा। जब दोनों बहनों ने दरवाजे पर आकर इसका विरोध किया तो आरोपी आपा खो बैठा और लात-घूंसे बरसाते हुए दोनों को घायल कर दिया। वारदात के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। मामले में प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि आरोपी अकबर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उसकी तलाश की जा रही है।

# रजबपुर में गैस की किल्लत को दूर किया जाये

## भाकियू ने कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने सड़कों की मरम्मत कराने व गैस की किल्लत को दूर किए जाने की मांग को कलेक्ट्रेट मे ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक चौधरी करतार सिंह गुट ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी महावीर के नेतृत्व में डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। किसानों की मांग है कि अमरोहा से काफूरपुर और काफूरपुर से रजबपुर जाने वाले मार्ग की हालत काफी खस्ता है जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है। इसे ठीक कराया जाए और आवारा पशुओं से निजात मिले, हाकमपुर से चांद नगर तक मार्ग की मरम्मत कराई जाए। रजबपुर में गैस की किल्लत बरकार है इसे दूर किया जाए जबकि अधिकांश गावों में सड़के और नालियां टूटी पड़ी है इनकी मरम्मत कराई जाए। किसानों का समस्त गन्ना भुगतान किया जाए और पंचायत स्थल पर अधिकारियों को भेजा जाए जिस से किसानों की समस्याओं का समाधान हो सके। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष जयसुखलाल, नरेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, हरपाल, राजकुमार, सुखेन्द्र सिंह, गजेंद्र, रणवीर, संजीव कुमार, जगदीश आदि मौजूद रहे।



# ब्लू बर्ड्स में धूमधाम से विद्या आरंभ संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** ब्लू बड्र्स इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को प्ले ग्रुप और नर्सरी के नन्हे बच्चों के लिए विद्या आरंभ संस्कार समारोह बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी मौजूद रहे। पूरे विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे माहौल और भी खुशनुमा दिखाई दिया।

समारोह की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और पूजन के साथ हुई। इसके बाद नन्हे बच्चों ने अपनी छोटी-छोटी उंगलियों से पवित्र 'ओइम' लिखकर शिक्षा के सफर का पहला कदम बढ़ाया। बच्चों की मासूम मुस्कान और उत्सुकता ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कई बच्चों ने पहली बार स्कूल के माहौल में बैठकर अक्षरों से परिचय किया, जिसे देखकर अभिभावक भी भावुक नजर आए। कार्यक्रम में बच्चों से रंग-बिरंगे रंगों से हथेली की छाप भी लगवाई गई। बच्चों की हथेलियों से बनी यह रंगीन छाप उनके जीवन की नई शुरुआत का प्रतीक बनी। स्कूल परिवार ने इसे बच्चों के भविष्य की पहली सुंदर याद बताया। विद्यालय की निर्देशिका राखी अग्रवाल ने कहा कि विद्या आरंभ संस्कार बच्चों के जीवन का बहुत महत्वपूर्ण पड़ाव होता है। इसी दिन से उनके भीतर सीखने की आदत और शिक्षा के प्रति लगाव की नींव पड़ती है। उन्होंने कहा कि स्कूल का उद्देश्य बच्चों को केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि अच्छे संस्कार, अनुशासन और आत्मविश्वास भी देना है। उन्होंने कहा कि हर बच्चा अपने भीतर अनगिनत संभावनाएं लेकर आता है। जरूरत सिर्फ सही मार्गदर्शन और प्यार भरे माहौल की होती है। ब्लू बड्र्स स्कूल बच्चों को ऐसा ही वातावरण देने के लिए लगातार प्रयासरत है, ताकि वे आगे चलकर अपने परिवार, समाज और देश का नाम रोशन कर सकें। समारोह के अंत में स्कूल परिवार ने सभी नए बच्चों का स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अभिभावकों ने भी विद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए इसे बच्चों के लिए प्रेरणादायक शुरुआत बताया।

# मुम्बई को भी कड़ी टक्कर देगी राजस्थान

### गुवाहाटी मे दोनो के बीच मुकाबला आज शाम 7:30 बजे होगा

**गुवाहाटी, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) टूर्नामेंट में तीसरी जीत दर्ज करना चाहेगी वहीं मुंबई इंडियंस (एमआई) पिछले मैच में मिली हार की निराशा से उबरते हुए वापसी के इरादे से मैदान में उतरेगी। बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले इस मुक. ाबले में राजस्थान की टीम हालिया जीतों से उत्साहित होकर इस मैच में उतर रही है, यह एक ऐसी टीम है जिसका आत्मविश्वास हर मैच के साथ बढ़ता जा रहा है।



उनके प्रदर्शन में आत्मविश्वास झलकता है। रियान पराग की कप्तानी में, टीम में एक अलग ही तरह का संयम देखने को मिल रहा है, यह एक युवा टीम है जो अपने इतिहास के भारी बोझ के बिना खेल रही है, लेकिन अपनी क्षमताओं को लेकर पूरी तरह से जागरूक है। उनकी बल्लेबाजी ने काफी अच्छे संकेत दिए हैं, और टीम के हर खिलाड़ी ने सही समय पर और पूरे तालमेल के साथ अपना योगदान दिया है। यशस्वी जायसवाल ने पारी की शुरुआत में ही तेज और शानदार खेल दिखाते हुए टीम को अच्छी शुरुआत दी है, जिसमें उनका इरादा और निरंतरता साफ झलकती है। वैभव सूर्यवंशी की मौजूदगी ने टीम की बल्लेबाजी में एक नई जान डाल दी है, उनकी निडर बल्लेबाजी ने पावरप्ले के दौरान टीम को काफी गति प्रदान की है। मध्यक्रम में, ध्रुव जुरेल ने पूरी परिपक्वता के साथ पारी को संभाला है, जबकि शिमरोन हेटमायर ने दबाव भरे पलों में भी बड़े-बड़े छक्के लगाकर टीम को शानदार फिनिशिग दी है। पराग ने स्वयं भी अपनी बल्लेबाजी और कप्तानी दोनों से टीम में अहम योगदान दिया है, जिससे टीम की मुख्य बल्लेबाजी संरचना में स्थिरता बनी रही है। रवींद्र जडेजा की हरफनमौला क्षमताओं ने टीम के निचले क्रम को और भी मजबूत बनाया है, जिससे टीम को तेजी से रन बनाने और संतुलन बनाए रखने में मदद मिली है।

गेंदबाजी की बात की जाए तो टीम की गेंदबाजी अभी भी चिंता का एक विषय बनी हुई है। जोफ आर्चर ने अपनी तेज गति और विकेट लेने की क्षमता के दम पर गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई की है, जबकि नांद्रे बर्गर ने नई गेंद से स्विग और मूवमेंट का फायदा उठाकर उनका बखूबी साथ दिया है। मध्य ओवरों में, रवि बिश्नोई ने अपनी विविधताओं का इस्तेमाल करते हुए विकेट लेने की क्षमता का प्रदर्शन किया है, जिसमें संदीप शर्मा और तुषार देशपांडे की अनुशासित गेंदबाजी ने उनका पूरा साथ दिया है। इन व्यक्तिगत प्रयासों के बावजूद, मैच के अलग-अलग चरणों में लगातार नियंत्रण बनाए रखना अभी भी एक बड़ी चुनौती है, जिसकी असली परीक्षा शायद दबाव भरे पलों में ही होगी। दूसरी ओर, मुंबई इंडियंस की टीम खड़ी है, एक ऐसी टीम जो पिछले कई वर्षों से लगातार मिली सफलताओं के कारण अपने कंधों पर उम्मीदों का भारी बोझ लेकर चल रही है। हार्दिक पांड्या की कप्तानी में, यह टीम अपनी पहचान की तलाश में उतनी नहीं है, जितनी कि अपनी निरंतरता को वापस पाने की तलाश में है। हाल के नतीजे भले ही उतार-चढ़ाव भरे रहे हों, लेकिन इस स्तर की टीमें शायद ही कभी अल्पकालिक उतार-चढ़ाव से परिभाषित होती हैं। टीम में बल्लेबाजी में अनुभव और प्रतिभा का बेहतरीन मेल है।

# ऑरेंज कैप की दौड़ में रिजवी सबसे आगे पर्पल कैप तालिका में बिश्नोई शीर्ष पर





**बेंगलुरु, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में सभी टीमों के दो-दो मैच पूरे हो चुके है वहीं सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) तथा चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए तीन-तीन मैच खेले है। ऑरेंज कैप की दौड़ में जहां समीर रिजवी तथा पर्पल कैप की तालिका रवि बिश्नोई शीर्ष पर है। आईपीएल के इस सत्र में अभी तक सबसे अधिक रन बनाने वालों की सूची में दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज सबसे आगे चल रहे है। दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के नम्बर 4 के बल्लेबाज रिजवी ने दोनों ही मौकों पर लक्ष्य का पीछा करते हुए बल्लेबाजी की और दोनों ही बार अपनी टीम को मैच जिताया। पहली बार लखनऊ सुपर जायंट्स (एसएसजी) के खिलाफ 47 गेंदों में 70 रन बनाकर (नाबाद), और दूसरी बार मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ 51 गेंदों में 90 रन बनाकर। इन दोनों ही पारियों के लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' का अवॉर्ड भी मिला।

## खेल विशेष

### हैदराबाद में 16 से 28 जून तक खेली जाएगी रग्बी प्रीमियर लीग

**नई दिल्ली, वार्ता।** हैदराबाद में 16 से 28 जून तक रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) के दूसरे संस्करण का आयोजन किया जाएगा। आज जीएमआर स्पोर्ट्स ने, इस खेल की राष्ट्रीय गवर्निंग बॉडी, रग्बी इंडिया के साथ साझेदारी में घोषणा करते हुए कहा कि रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) का दूसरा संस्करण 16 से 28 जून तक हैदराबाद के गचीबोवली स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। रग्बी प्रीमियर लीग के इस सत्र में तेज-तर्रार रग्बी 7एस प्रारुप में वापस आ रही है। दूसरे एडिशन में पहले एडिशन की छह फैंचाइजियां शामिल होंगी। इस अवसर पर हैदराबाद में लीग का स्वागत करते हुए तेलंगाना सरकार के (युवा उन्नति, पर्यटन और संस्कृति और खेल विभाग) के विशेष मुख्य सचिव जएश रंजन ने कहा कि एक वैश्विक खेल डेस्टिनेशन के रूप में हैदराबाद का उभरना तेलंगाना के लंबे समय के नीतिगत विजन और अंतर्राष्ट्रीय साझेदारियों के लिए संस्थागत समर्थन को दर्शाता है।

### ब्राजील के पूर्व कोच डोरिवल ने कोरिथियंस से नाता तोड़ा

**रियो डी जनेरियो, वार्ता।** ब्राजील की राष्ट्रीय टीम के पूर्व मैनेजर डोरिवल जूनियर को खराब प्रदर्शन के बाद कोरिथियंस के मुख्य कोच पद से हटा दिया गया है। रविवार देर रात जारी एक बयान में डोरिवल जूनियर को मुख्य कोच पद से हटाए जाने के बाद कोरिथियंस ने कहा कि अंडर-20 टीम के कोच विलियम बतिस्ता अंतरिम आधार पर यह जिम्मेदारी संभालेंगे। यह घोषणा अपने घरेलू मैदान पर 1-0 की हार के बाद की गई। इस हार के बाद साओ पाउलो का यह क्लब 20 टीमों वाली ब्राजीलियन सीरी ए की अंक तालिका में 16वें स्थान पर खिसक गया है। क्लब ने 10 मैचों में केवल दो में जीत हासिल की है।

# ब्लैंका व्लासिक को टीसीएस वर्ल्ड 10 के का एंबेसडर किया नियुक्त

**बेंगलुरु, वार्ता।** वर्ल्ड एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस, टीसीएस वर्ल्ड 10के बेंगलुरु 2026 के प्रमोटर, प्रोकैम इंटरनेशनल ने सोमवार को दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और दो बार की विश्व चैंपियन ब्लैंका व्लासिक को 26 अप्रैल को होने वाले के आगामी संस्करण के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा का एंबेसडर नियुक्त किया है। एथलेटिक्स के इतिहास की सबसे कामयाब हाई जंपर्स में से एक, व्लासिक को लगातार बेहतरीन प्रदर्शन और सबसे ऊंचे स्तर पर मिली सफलता के लिए जाना जाता है। उन्होंने बीजिग 2008 ओलंपिक खेलों में रजत पदक जीता और उसके बाद रियो 2016 ओलंपिक में कांस्य पदक जीता।

वह कई बार वर्ल्ड चैंपियनशिप और वर्ल्ड इंडोर चैंपियनशिप में भी पदक जीत चुकी हैं। उनका निजी सर्वश्रेष्ठ 2-08 मीटर है, जो उन्होंने 2009 में हासिल किया था। यह अभी भी क्रोएशिया का नेशनल रिकॉर्ड है और महिलाओं की हाई जंप के इतिहास में तीसरी सबसे ऊंची छलांग है। इस स्पर्धा से अपने जुड़ाव को लेकर व्लासिक ने कहा कि उन्हें इस दौड़ के 18वें एडिशन का हिस्सा बनकर बहुत गर्व महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे किसी स्पर्धा से जुड़ना, जो दौड़ने के जरिए हजारों लोगों को एक साथ लाता है, बहुत ही प्रेरणादायक और जोश भरने वाला अनुभव है।

# पांड्या ने नेट्स पर किया अभ्यास

गुवाहाटी, वार्ता। खराब स्वास्थ्य के कारण पिछला मैच नहीं खेलने वाले मुंबई इंडियंस (एमआई) के कप्तान हार्दिक पंड्या ने मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के साथ होने वाले मैच से पहले रविवार को यहां नेट पर अभ्यास किया। वार्म अप करने के बाद फिजियो नितिन पटेल की निगरानी में हार्दिक ने गेंदबाजी शुरू की और खाली नेट्स में अच्छी स्पीड के साथ यॉर्कर फेंके।

इस दौरान बल्लेबाजी कोच कायरन पोलार्ड भी उन पर नजर रखे हुए थे। इसके बाद हार्दिक ने बल्लेबाजी अभ्यास भी किया और गेंद उनके बल्ले के बीच में आती दिखती रही। हार्दिक अभ्यास सत्र के दौरान बेहतरीन लय में दिखें और मंगलवार को उनकी वापसी हो सकती है। उल्लेखनीय है कि हार्दिक ने एमआई के पहले मैच में



कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ तीन ओवरों में 39 रन देकर एक विकेट लिए थे और 11 गेंद में 18 रन भी बनाए थे। इस मैच को एमआई ने छह विकेट से जीता था। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में एमआई की अगुवाई करने वाले सूर्यकुमार यादव ने उस दिन हार्दिक को 'अनउपलब्ध' बताया था। इसके कारण एमआई को अपनी टीम में एक नहीं दो बदलाव करने पड़े थे। गेंदबाजी के साथ-साथ निचले क्रम की बल्लेबाजी मजबूत करने के लिए दीपक चाहर और कॉर्बिन बॉश टीम में अंदर आए थे, वहीं ट्रेंट बोल्ट को बाहर बैठना पड़ा था।

# आंध्र ओपन का उद्घाटन विशाखापत्तनम आज

विशाखापत्तनम, वार्ता। डीपी वर्ल्ड प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई), जो भारत में पेशेवर गोल्फ की आधिकारिक मान्यता एवं संचालन संस्था है, ने आंध्र ओपन के उद्घाटन संस्करण की घोषणा की है।

यह टूर्नामेंट 7 से 10 अप्रैल, 2026 तक विशाखापत्तनम के ईस्ट प्वाइंट गोल्फ क्लब में खेला जाएगा। प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि एक करोड़ रुपये है। आंध्र ओपन 2026 को मेजबान स्थल ईस्ट प्वाइंट गोल्फ क्लब (ईपीजीसी) और इवेंट पार्टनर आंध्र प्रदेश गोल्फ एसोसिएशन (एपीजीए) का समर्थन प्राप्त है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रमुख भारतीय पेशेवर खिलाड़ियों में डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट के अग्रणी सप्तक तलवार, वीर अहलावत, ओम प्रकाश चौहान, मनु गंधास, अंगद चीमा, हनी बैसोया और अजीतेश संधू शामिल हैं।

अंगद चीमा ने वर्ष 2024 में ईपीजीसी में जीत दर्ज की थी। विदेशी खिलाड़ियों में श्रीलंका के एन- थंगराजा सबसे प्रमुख नाम हैं, जिन्होंने 2023 में ईपीजीसी में जीत हासिल की थी। इस प्रतियोगिता में नौ देशों से कुल 18 विदेशी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। स्थानीय चुनौती का नेतृत्व विशाखापत्तनम के पेशेवर खिलाड़ी एस- मुथु और मोहम्मद रहमान करेंगे। एम- एस- एन- राजू, मानद सचिव, ईस्ट प्वाइंट गोल्फ क्लब, ने कहा, ष्ईस्ट प्वाइंट गोल्फ क्लब की स्थापना 1884 में हुई थी।

# संजू सैमसन, जसप्रीत बुमराह मार्च के 'प्लेयर ऑफ द मंथ' की दौड़ में

**दुबई, वार्ता।** भारतीय सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज कॉनर एस्टरहुइजन को मार्च 2026 के लिए आईसीसी पुरुष 'प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। वहीं महिला वर्ग में न्यूजीलैंड की कप्तान अमेलिया केर, ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाज बेथ मूनी और दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाज अयाबोंगा खाका इस दौड़ में शामिल हैं।

आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप के आखिर में सैमसन की जबरदस्त फॉर्म, ने उन्हें 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' का पुरस्कार दिलाया। फाइनल में 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहे जसप्रीत बुमराह भी इस दौड़ में शामिल है। नए खिलाड़ी एस्टरहुइजन ने न्यूजीलैंड में अपनी शानदार टी-20 डेब्यू सीरीज के बाद इस शॉर्टलिस्ट में अपनी जगह बनाई है,?

इस सीरीज में उन्होंने अपने देश के किसी भी खिलाड़ी के मुकाबले पांच टी-20 मैचों के बाद सबसे बेहतरीन आंकड़े दर्ज किए। इस दौरान जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के



खिलाफ एकदिवसीय और टी-20 मैचों में केर के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें तीसरी बार आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड जीतने का मजबूत दावेदार बना दिया है, जबकि मूनी ने भी भारत और वेस्टइंडीज के खिलाफ दोनों प्रारुपों में बेहतरीन प्रदर्शन किया। खाका न्यूजीलैंड में हुई टी-20 सीरीज में सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज थीं, जिसके बाद उन्होंने पहले एकदिवसीय में भी शानदार प्रदर्शन किया था।

# भारतीय शूटर्स की नजरें मिक्स्ड टीम इवेंट्स के साथ मजबूत शुरुआत पर

**ग्रेनाडा (स्पेन), वार्ता।** भारतीय शूटर्स की नजरें इंटरनेशनल राइफल/पिस्टल सीजन की मजबूत शुरुआत पर होंगी, क्योंकि वे मिक्स्ड टीम इवेंट्स कल (7 अप्रैल) को यहां लास गैबियास शूटिग रेंज में ग्रेनाडा में आइएसएसएफ राइफल/पिस्टल वर्ल्ड कप की शुरुआत करेंगे। 10मी एयर राइफल और 10मी एयर पिस्टल में मिक्स्ड टीम इवेंट्स के मेडल कल तय किए जाएंगे।

कॉम्पिटिशन 10मी एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम के क्वालिफिकेशन के साथ 12:45 भारतीय समयानुसार (लोकल टाइम सुबह 9:15 बजे) शुरू होगा और फाइनल 16:30 भारतीय समयानुसार (लोकल टाइम दोपहर 1 बजे) तय है। 10मी एयर राइफल मिक्स्ड टीम के लिए क्वालिफिकेशन 15:45 भारतीय समयानुसार (लोकल टाइम दोपहर 12:15 बजे) शुरू होगा और फाइनल 19:30 भारतीय समयानुसार (लोकल टाइम शाम 4 बजे) तय है। पिस्टल इवेंट में, मौजूदा एशियन गेम्स चैंपियन पलक गुलिया, 25मी पिस्टल में 2024 जूनियर वर्ल्ड चैंपियन मुकेश नेलावल्ली के साथ जोड़ी बनाएंगी, जबकि 2025 वर्ल्ड कप फाइनल सिल्वर मेडलिस्ट संयम, उज्ज्वल मलिक के साथ जोड़ी बनाएंगे।

उनका मुकाबला इस डिसिप्लिन के कुछ जाने-माने शूटर्स से होगा, जिसमें मौजूदा ओलंपिक और वर्ल्ड चैंपियन शामिल हैं। चीन, जिसने नई दिल्ली में एशियन चैंपियनशिप छोड़ दी थी, ने सीजन के अपने पहले इवेंट में दो वर्ल्ड क्लास जोड़ियों को उतारा है। मौजूदा मिक्स्ड टीम वर्ल्ड चैंपियन हू काई और याओ कियानक्सुन और पेरिस ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट जी यू के साथ 21 साल के पूर्व जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडलिस्ट शेन यियाओ बाकी फील्ड के लिए सबसे बड़ी चुनौती पेश करेंगे। दूसरी खास जोड़ियों में पेरिस ओलंपिक्स के सिल्वर मेडलिस्ट सेवल इलायडा तरहान और तुर्की के यूसुफ डिकेक, सर्बिया के जोराना अरुणोविच और दामिर मिकेक, हंगरी के वेरो. निका मेजर और अकोस कैरोली नैगी और जर्मनी के क्रिश्चियन रीट्ज और स्वेनजा बर्ज शामिल हैं।

# संग्राम अर्जेंटीना की धरती पर एमएमए फाइट जीतने वाले पहले भारतीय बने

**ब्यूनस आयर्स, वार्ता।** जब रविवार की रात को पूरा भारत सो रहा था, तब एमएमए का आइकन संग्राम सिंह ब्यूनस आयर्स में इतिहास रच रहा था। उन्हें अर्जेंटीना में एमएमए फाइट जीतने वाले पहले भारतीय होने का गौरव हासिल हुआ। उम्र में 16 साल छोटे फ्रांस के फाइटर फ्लोरियन काउडियर को उन्होंने यहां बयूनस आयर्स के खचाखच भरे टिगरे स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में महज एक मिनट 45 सेकंड में धराशाई कर दिया। तिबस्ली (जॉर्जिया) और एम्स्टर्डम (नीदरलैंड) में जीत के बाद उन्होंने एमएमए में जीत की हैट्रिक भी पूरी कर ली।

इस फाइट में उन्हें कुश्ती के दांव पेंचों का काफी फायदा हुआ। जीत के बाद रिंग पर दिए उनके एक बयान से पूरा एमएमए एरिना तालियों के शोर से गूंज उठा। दोहरे कॉमनवेल्थ हैवीवेट चैम्पियन संग्राम सिंह ने कहा कि मेरे लिए



जीत-हार कोई मायने नहीं रखती। मैं या तो जीतता हूं या सीखता हूं। मैं अक्सर कहता हूं कि पैशन की कोई उम्र नहीं होती। जैसा कि प्रधानमंत्रीजी अक्सर कहते हैं कि ऊंचे सपने देखो और उनको साकार करने में जुट जाओ। मेरा भी अर्जेंटीना में फाइट जीतने पर पहले भारतीय बनने का सपना साकार हुआ। उन्होंने आयोजकों के साथ ही अपने कोच भूपेश का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पिछले 25 साल से उनके साथ हैं। वह भी मुझे कामयाबी दिलाने में दिन-रात जुटे रहे। उन्होंने कहा कि जीत के बाद उन्हें देश विदेश से बधाई संदेशों का तांता लग गया। संग्राम सिंह प्रोफेशनल कुश्ती में वर्ल्ड हैवीवेट चैम्पियन भी रह चुके हैं। खेल मंत्रालय की फिट इंडिया मूवमेंट के ब्रैंड एम्बेसडर संग्राम सिंह ने कहा कि इस बार हालात उनके लिए काफी मुश्किल थे।

### कोचर के साथ 11 बार के एशियन टूर विजेता गगनजीत भुल्लर भी होंगे शामिल


**मॉरीशस, वार्ता।** लिएंडर पेस की मेजबानी में होने आईजीपीएल 2026 के तीन चरणों वाले अफ्रीकी सेगमेंट में करनदीप कोचर के साथ 11 बार के एशियन टूर विजेता गगनजीत भुल्लर भी शामिल होंगे। अनाि. हता गोल्फ कोर्स में नौ से 11 अप्रैल तक होने वाले टूर्नामेंट के लिए जापान में एक शानदार सप्ताह के बाद, 27 वर्षीय कोचर सीधे वहां से मॉरीशस आ रहे हैं। वह जापान में संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर रहे। इस साल एशियन टूर पर तीन टूर्नामेंटों में यह उनका दूसरा 'टॉप-5' प्रदर्शन था। इस लेग में शामिल होने वालों में कोचर के अलावा 11 बार के एशियन टूर विजेता गगनजीत भुल्लर, आईजीपीएल 2025 के ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर रहे पुखराज गिल और आईजीपीएल में कई बार जीत हासिल करने वाले अमन राज प्रमुख हैं।

# ब्राजील की सीरी ए में फ्रलेमेंगो ने सैंटोस को 3-1 से हराया

**रियो डी जनेरियो, वार्ता।** ब्राजील की सीरी ए में एक गोल से पिछड़ने के बाद फ्लेमेंगो ने दूसरे हाफ में तीन गोल करते हुए सैंटोस पर 3-1 से जीत दर्ज की। रविवार को रियो डी जनेरियो के माराकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में अर्जेंटीना के फॉरवर्ड लुटारो डियाज ने लंबी दूरी का शॉट लगाकर मेहमान टीम को बढ़त दिला दी।

फियोरेंटीना के पूर्व स्ट्राइकर पेड्रो ने दाईं ओर से जॉर्ज कैरास्कल के क्रॉस के बाद, छह-यार्ड बॉक्स के अंदर से हेडर लगाकर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद, 71वें मिनट में जोर्जिनहो ने पेनल्टी को गोल में बदल दिया। वेस्ट हैम के पूर्व मिडफील्डर लुकास पाकेटा ने 89वें मिनट में गोंजालो प्लाटा के साथ मिलकर एक 18-यार्ड का जोरदार शॉट मारकर जीत पक्की कर दी।

इस जीत के साथ ही बीस टीमों की तालि. का में फ्लेमेंगो 17 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। ब्राजील की सीरी ए में रविवार को अन्य मैचों में, ग्रेमियो को 10 खिलाड़ियों वाली टीम रेमो ने अपने घरेलू मैदान पर गोलरहित ड्रॉ पर



रोक दिया। ब्रागांटिनो ने मिरासोल को 1-0 से हराया। इंटरनैशनल ने कोरिथियंस को 1-0 से शिकस्त दी। एटलेटिको मिनेइरो ने एटलेटिको परानाएन्से के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर 2-1 से जीत दर्ज की और पाल्मेरास ने बाहिया को 2-1 से हराया।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# बातचीत, जंग साथ-साथ


पश्चिमी एशिया में जारी ईरान–अमेरिका/इस्राईल युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। 37 दिन गुजर चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद अभी तक इस युद्ध का कहीं से भी अंत होता दिखाई नहीं दे रहा है। हालांकि इस बीच एक अच्छी खबर भी आई है जिसमें पर्दे के पीछे इस संघर्ष को रोकने के लिए कोशिशों की बात सामने आई है। पहली बार ईरान ने माना है कि उसे मध्यस्थता के जरिये से अमेरिका की तरफ से युद्ध को रोकने के लिए प्रस्ताव मिला है। हालांकि ईरानी विदेश मंत्रालय ने ऐसा कहते हुए यह भी जोड़ा कि जब तक अमेरिका व इस्राईल हमले तेज करते रहेंगे, वह सीधी वार्ता में शामिल नहीं होगा। ईरानी विदेश मंत्रालय का कहना है कि अमेरिका का 15 सूत्रीय प्रस्ताव अत्यधिक मांगों वाला है। मंत्रालय का यह भी कहना है कि ईरान ने भी अपनी मांगों का एक अलग सैट तैयार कर लिया है और उसे औपचारिक रूप दे दिया है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माईल बगाई ने तेहरान में कहा कि इस्राईल अमेरिका की कोई रेडलाइन नहीं है और वह अंतर्राष्ट्रीय कानूनों की कोई परवाह नहीं करते। उन्होंने अमेरिका के कथित 15 सूत्रीय प्रस्ताव को तर्कहीन करार दिया। उनका कहना था कि किसी भी समझौते को तभी स्वीकार किया जाएगा जब ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में होगा। उन्होंने अस्थाई युद्ध के बदले होर्मुज को खोलने के लिए मना कर दिया। एक अन्य सीनियर ईरानी अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान के प्रस्ताव की समीक्षा चल रही है लेकिन दबाव में फैसला नहीं लिया जाएगा। इसका मतलब साफ है कि पाकिस्तान अभी भी मध्यस्थता की भूमिका में बना हुआ है। ईरान ने साफ किया कि युद्ध विराम के बलदे होर्मुज नहीं खोलेगा। ईरान का अभी भी यह मानना है कि अमेरिका स्थायी युद्ध विराम के लिए तैयार नहीं है और ईरान के लिए अस्थायी युद्ध का कोई मतलब नहीं है। बात घूम–फिरकर फिर वहीं आ जाती है, जब तक दोनों पक्षों के बीच में ऐसे कदम नहीं उठाए जाएंगे, जिससे जो अविश्वास की खाई जो बहुत गहरी हो चुकी है, उसको पाटा नहीं जाएगा तब तक किसी शांति समझौते पर पहुंचना आसान नहीं होगा। इस समय भी यही दिखाई दे रहा है। शांति के प्रयास भी हो रहे हैं और युद्ध की तीव्रता में किसी तरह की कोई कमी आती दिखाई नहीं दे रही है। दोनों ओर से ताबड़तोड़ हमले हो रहे हैं। इन हमलों का दायरा इतना बढ़ चुका है कि अब इसकी जद में पुल, यूनिवर्सिटी, स्कूल, हेल्थ सेंटर भी आने लगे हैं। सवाल है ऐसे में संघर्ष विराम पर कैसे अमल होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, वह सुपर पॉवर के राष्ट्रपति को बिल्कुल भी शोभा नहीं देती। वह अभी भी ईरान को धमकीभरी भाषा में चेता रहे हैं। उन्होंने अपने दस दिनों के अल्टीमेटम में अब 48 घंटों का अतिरिक्त इजाफा कर दिया है, लेकिन वह भी धमकी के साथ कि होर्मुज को खोलो नहीं तो पता नहीं क्या हो जाएगा।

## नतीजा शहर छोड़ो, गांव भागो



प्रधानमंत्री मोदी के पास रसोई गैस (एलपीजी) संकट से निपटने की कोई नीति नहीं है और इस समय भी वही अवस्था देखने को मिल रही है जो देश के लोगों ने कोविड के समय देखी थी, मोदी जी ने कहा था कि एलपीजी संकट को कोविड की तरह हैंडल करेंगे और सच में वही किया, बिल्कुल कोविड के जैसे ही नीति शून्य, घोषणा बड़ी और बोझ गरीबों पर, हर रोज 500–800 की दिहाड़ी कमाने वाले प्रवासी श्रमिकों के लिए रसोई गैस पहुंच से बाहर हो गई है, रात को घर लौटते मजदूर के पास चूल्हे जलाने तक के पैसे नहीं, नतीजा शहर छोड़ो, गांव भागो, जो मजदूर कपड़ा मिल्स और फैक्टरियों की रीढ़ हैं, आज वही टूट रहे हैं। कपड़ा क्षेत्र पहले से ही गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में है। –**राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# राजनीति का नया भूगोल लोकसभा विस्तार व नारी शक्ति का नया उदय





**ओ.पी. पाल**

भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास में 16 अप्रैल का दिन एक युगांतरकारी मोड़ साबित हो सकता है। केंद्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को धरातल पर उतारने के लिए एक साहसिक और दूरगामी योजना तैयार की है। इस योजना के केंद्र में केवल महिला आरक्षण ही नहीं, बल्कि लोकसभा की संरचना में अब तक का सबसे बड़ा विस्तार भी शामिल है। मसलन नारी शक्ति वंदन अधिनियम में बड़े संशोधनों के साथ ही लोकसभा की 50 प्रतिशत सीटों की बढ़ोतरी की तैयारी कर ली है। इस प्रस्ताव का मुख्य उद्देश्य न केवल विधाई निकायों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना है, बल्कि दशकों से लंबित परिसीमन की प्रक्रिया को एक नई दिशा देना भी है। सरकार द्वारा इस तैयारी के लिए खींचे गए खाके को लेकर स्पष्ट कर दिया है कि वह महिलाओं को संसद में भेजने के अपने वादे को 2029 के आम चुनाव तक हर हाल में पूरा करना चाहती है। देश को उम्मीद है कि लोकसभा की नई सरंचना न केवल भारत की बढ़ती आबादी का प्रतिनिधित्व करेगी, बल्कि नारी शक्ति को राष्ट्र के नीति–निर्माण में बराबर का हिस्सेदार बनाएगी।

संसद के बजट सत्र के अंतिम दिन केंद्र सरकार ने भारतीय राजनीति और संसदीय इतिहास में उस समय चौंकाने वाला निर्णय लिया, जिसमें अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने वाले बजट सत्र को समाप्त करने के बजाय, 16 अप्रैल सुबह 11 बजे तक के लिए टाल दिया गया है। यानी संसद के बजट सत्र का यह विशेष हिस्सा अब 16 से 18 अप्रैल तक फिर से चलेगा। केंद्र सरकार का मकसद महिला आरक्षण कानून (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) को समय से पहले जमीन पर उतारना है। सरकार का पूरा फोकस अब उस कानूनी अड़चन को खत्म करना है, जो महिला आरक्षण और जनगणना तथा परिसीमन के बीच फंसी हुई है। दरअसल 2023 में पास हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम के मुताबिक, आरक्षण अगली जनगणना के बाद ही लागू हो सकता था, जिसमें वर्षों का समय लगना स्वाभाविक था। अब सरकार 2011 की जनगणना के आधार पर ही लंबित परिसीमन की प्रक्रिया शुरू करने के लिए संशोधन बिल लाने की तैयारी में है। सरकार चाहती है कि महिलाओं को उनके हक के लिए लंबा इंतजार न करना पड़े। इसलिए जनगणना और परिसीमन की तकनीकी अड़चनों को दूर करने के लिए यह सत्र मील का पत्थर साबित होगा।

इस सत्र के विस्तार का सबसे बड़ा आकर्षण लोकसभा सीटों का पुनर्गठन हो सकता है। चर्चा है कि सरकार सदन में सीटों की संख्या 543 में 50 फीसदी सीटे बढ़ाने का प्रस्ताव है, जिससे लोकसभा की 816 सीटें होने पर 33 प्रतिशत यानी एक–तिहाई आरक्षण के फार्मूले के तहत लोकसभा में लगभग 273 सीटें सीधे महिलाओं के लिए आरक्षित हो जाएंगी। मसलन इन 273 सीटों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए उनके आरक्षित कोटे के भीतर सीटें तय होंगी।

संसद में यदि यह संशोधन पास होता है, तो 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले ही देश की संसद का स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा और महिलाओं की भागीदारी ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच जाएगी। माना जा रहा है कि इसके लिए बजट सत्र की आगामी तीन दिन की बैठकों में सरकार जहां एक संविधान संशोधन विधेयक के जरिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम में बदलाव करेगी। वहीं दूसरा सामान्य विधेयक परिसीमन अधिनियम में संशोधन लाएगी।

इन दोनों प्रस्तावित कानून 31 मार्च 2029 से लागू किया जा सकता है। यदि ऐसा हुआ तो आगामी लोकसभा चुनावों और ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और आंध्र प्रदेश के विधानसभा चुनावों में महिलाओं को आरक्षण मिल सकेगा। यही फॉर्मूला राज्यों की विधानसभाओं में भी लागू किया जाएगा, ताकि पंचायत से लेकर संसद तक महिलाओं की राजनी. तिक भागीदारी का एक समान ढांचा तैयार हो सके। माना जा रहा है कि उत्तर बनाम दक्षिणसीटों की संख्या बढ़ने से बड़े राज्यों, विशेषकर हिंदी भाषी राज्यों में लोकसभा सीटों की संख्या में भारी उछाल आएगा। नए परिसीमन के जरिए राज्यों में फिलहाल संसदीय सीटों में 50 फीसदी बढ़ोतरी होगी और उत्तर प्रदेश में यह संख्या सबसे ज्यादा होकर तीन अंक में पहुंच जाएगी।

### लोकसभा का ऐतिहासिक विस्तार

वर्तमान में लोकसभा की सदस्य संख्या 543 है, जो 1971 की जनगणना के आधार पर टिकी हुई है। सरकार के नए प्रस्ताव के अनुसार यदि सीटों में 50 फीसदी की बढ़ोतरी होती है तो यह संख्या बढ़कर 816 हो जाएगी। इस विस्तार का आधार 2011 की जनगणना को बनाया जाएगा यानी अब 2011 के आंकड़ों के आधार पर ही सीटों का पुनर्गठन (परिसीमन) किया जाएगा। यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि नई जनगणना में होने वाली देरी के कारण आरक्षण के क्रियान्वयन में बाधा आ रही थी। यदि ए दोनों विधेयक संसद में पारित हाते हैं, तो महिला आरक्षण के बाद यूपी में सबसे ज्यादा 40 लोकसभा सीटें बढ़ेंगी। 80 से बढ़कर 120 हो जाएंगी। महाराष्ट्र में 48 से बढ़कर 72 हो जाएंगी। जिनमें महिलाओं के लिए 24 सीटें आरक्षित होगी। बिहार में महिला सीटों की संख्या 20 हो सकती है, जहां कुल सीटें 40 से 60 तक पहुंच सकती है। मध्यप्रदेश में 29 से 44 सीटों में 15 महिला आरक्षित सीटें बढ़ सकती हैं। तमिलनाडु में 39 से 59 प्रस्तावित सीटों में 20 और दिल्ली प्रस्तावित 11 में 4 यानी महिला सीटें होंगी। झारखंड में 7 महिला आरक्षित सीटें बढ़ने का अनुमान है, जहां फिलहाल 14 सीटें हैं। ऐसे ही अन्य राज्यों की सीटे भी नए परिसीमन में बढ़ेंगी।

### कानूनी और राजनीतिक चुनौतियां

सरकार को हालांकि इस ऐतिहासिक बदलाव को अमली जामा पहनाने के लिए दो मोर्चों पर काम करना होगा। इसके लिए संविधान संशोधन के लिए सरकार को संसद के दोनों सदनों में विशेष बहुमत की आवश्यकता है।

यानी इन दोनों विधेयकों को पास कराने के लिए संसद में दो–तिहाई बहुमत जरूरी होगा। इसी वजह से सरकार विपक्ष का समर्थन जुटाने में लगी है। यही कारण है कि इसके लिए गृहमंत्री अमित शाह सपा, राजद, बीजद, वाईएसआर कांग्रेस, एनसीपी (एसपी) और एआईएमआईएम जैसे विपक्षी दलों के साथ निरंतर संवाद कर रहे हैं। दरअसल विपक्ष में खासतौर से कांग्रेस और कई क्षेत्रीय दल लगातार मांग कर रहे हैं कि महिला कोटे के भीतर ओबीसी महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण का प्रावधान होना चाहिए, क्योंकि फिलहाल इसमें ओबीसी महिलाओं के लिए अलग से प्रावधान शामिल नहीं है। राजनीतिक जानकारों के अनुसार सरकार इसी फॉर्मूले पर राज्यों की विधानसभाओं में भी सीटें बढ़ाने और महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने की योजना है, ताकि पूरे देश में एक जैसा ढांचा रहे।

# इतिहास बदलने और भविष्य गढ़ने वाले कदम

**वारिसों और महिलाओं के उत्तराधिकार अधिकार अब सुनिश्चित और संरक्षित हैं। यह प्रावधान माननीय और दुरुपयोग को रोकता है और दानकर्ताओं के विश्वास को सुदृढ़ करता है। संपत्तियों की संख्या बढ़ेगी और उनका उपयोग स्पष्ट, न्यायपूर्ण और कल्याणकारी उद्देश्यों के लिए व्यवस्थित रूप से सुनिश्चित होगा। यह कदम वक्फ संपत्तियों के दुरुपयोग को समाप्त करते हुए समुदाय में भरोसा, स्थिरता और सुरक्षा की नई भावना पैदा करेगा। विवाद समाधान प्रक्रिया में सुधार न्याय की गति को तेज करेगा और पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा। अब ट्रिब्यूनल के पफैसलों पर हाईकोर्ट में अपील का अधिकार होगा।**



**प्रो. आर.के. जैन**

जब कोई कानून केवल कागजों तक सीमित नहीं रहकर समाज की रोजमर्रा की जिंदगी में वास्तविक बदलाव लाता है, तभी उसका ऐतिहासिक महत्व अमिट हो जाता है। राष्ट्रपति की अंतिम मंजूरी के साथ वक्फ संशोधन कानून ने भारतीय वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में एक नए युग की शुरुआत कर दी है। यह केवल प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि पारदर्शिता, जवाबदेही और सामाजिक न्याय की दिशा में एक निर्णायक और क्रांतिकारी कदम है। पुराने तंत्र में भ्रष्टाचार, मनमानी और अतिक्रमण ने संपत्तियों से मिलने वाले वास्तविक लाभ को लगातार रोके रखा था। अब वक्फ बोर्ड आधु. निक तकनीक, उत्तरदाई प्रबंधन और समावेशी .ष्टिकोण के साथ काम करेगा। इसका असर केवल संपत्तियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और गरीबी उन्मूलन जैसी मूलभूत जरूरतों में सीधे दिखाई देगा। यह परिवर्तन करोड़ों मुस्लिम परिवारों के लिए सुरक्षा, विश्वास और समृद्धि का एक नया संदेश लेकर आया है। वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पहले अनियमित. ताओं और विवादों की लंबी श्रंखला रही, जिसने उनकी वास्तविक उपयोगिता और विकास को लगातार बाधित किया। मनमाने दावे, लंबित मुकदमे और अतिक्रमण ने कई संपत्तियों को विवादास्पद और अनुपयोगी बना दिया था। अब डिजिटल पोर्टल और ऑटोमेशन के माध्यम से प्रत्एक संपत्ति का पूरा जीवनचक्र ट्रैक किया जाएगा। पंजीकरण, लेखा–जोखा, ऑडिट और मुकदमेबाजी सभी ऑनलाइन और पारदर्शी होंगे। छह माह के भीतर सभी संपत्तियां पोर्टल पर दर्ज हो जाएंगी, जिससे कोई भी संपत्ति छिपी नहीं रहेगी। यह पारदर्शिता भ्रष्टाचार को कम करेगी और वक्फ बोर्ड को एक वैज्ञानिक, उत्तरदाई और आधुनिक संस्था में परिवर्तित कर देगी। परिणामस्वरूप, संपत्तियों का उपयोग अधिक प्रभावी, सुव्यवस्थित और न्यायसंगत ढंग से सुनिश्चित होगा।

जिला कलेक्टर को संपत्ति सर्वेक्षण और विवाद समाधान की जिम्मेदारी दी गई है, जो प्रबंधन का सबसे मजबूत स्तंभ साबित होगा। अब निर्णय केवल सरकारी रिकॉर्ड और निष्पक्ष जांच पर आधारित होंगे। अतिक्रमण स्वत: रोका जाएगा और संपत्तियां उनके वास्तविक लाभार्थियों तक सुरक्षित रूप से पहुंचेगी। कलेक्टर का समयबद्ध और तथ्यपरक दृष्टिकोण हर निर्णय को मजबूत और भरोसेमंद बनाएगा। इसके परिणामस्वरूप, वक्फ संपत्तियां शीघ्र और प्रभावी कल्याण कार्यों में लगेंगी। विवाद कम होंगे, संपत्तियों का विकास तेजी से होगा और गरीब, विधवा एवं वंचित वर्गों तक लाभ सुनिश्चित रूप से पहुंचेगा। यह व्यवस्था स्थानीय प्रशासन की दक्षता, जवाबदेही और पारदर्शिता को नई ऊंचाई पर ले जाएगी। समावेशिता और संतुलित नेतृत्व अब वक्फ बोर्ड की नई पहचान बन चुका है। बोर्ड में अब कम से कम दो मुस्लिम महिलाएं और गैर–मुस्लिम सदस्य शामिल होंगे।

### वक्फ के लिए नए नियम

विभिन्न मुस्लिम संप्रदायों का प्रतिनिधित्व भी अनिवार्य होगा। इससे निर्णय प्रक्रिया व्यापक दृष्टिकोण वाली, संतुलित और संवेदनशील बनेगी। महिलाओं की भागीदारी प्रबंधन में संवेदनशीलता और सूझबूझ लाएगी, जबकि गैर–मुस्लिम सदस्य प्रशासनिक निगरानी और सहयोग सुनिश्चित करेंगे। यह संरचना वक्फ को केवल धार्मिक संस्था नहीं, बल्कि राष्ट्रीय संपदा और सामा. जिक उत्तरदायित्व का सशक्त प्रतीक बनाएगी। प्रत्येक वर्ग का सक्रिय योगदान विकास की दिशा में सुनिश्चित होगा और कल्याण कार्यों की गुणवत्ता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। संपत्ति दान और वक्फ गठन के नए नियम इसे सुरक्षित, पारदर्शी और न्यायसंगत बनाते हैं। अब केवल पांच वर्ष से इस्लाम का पालन करने वाला वास्तविक और सच्चा मालिक ही संपत्ति वक्फ कर सकेगा। वक्फ बाय यूजर जैसी पुरानी और असुरक्षित प्रथाओं पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# स्वास्थ्य विषमता के विरुद्ध सबसे बड़ा अस्त्र है वैज्ञानिक चेतना

**कुल मिलाकर, विश्व स्वास्थ्य दिवस हमें एक सामूहिक संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम स्वास्थ्य को केवल व्यक्तिगत चिंता नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार करें।**



**योगेश कुमार गोयल**

हर वर्ष 7 अप्रैल को 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है, जो मानव सभ्यता को आईना दिखाने वाला एक वैश्विक आत्ममंथन है। यह हमें याद दिलाता है कि स्वास्थ्य केवल अस्पतालों, दवाइयों और डॉक्टरों तक सीमित अवधारणा नहीं बल्कि एक समग्र स्थिति है, जिसमें शारीरिक, मानसिक और सामाजिक संतुलन निहित है। इस वर्ष यह दिवस स्वास्थ्य के लिए एकजुट विज्ञान के साथ खड़े रहें थीम के साथ मनाया जा रहा है, जो अत्यंत प्रासंगिक, विचारोत्तेजक और दूरदर्शी संदेश लेकर आई है। विश्व की आधी से अधिक आबादी आज भी बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित है और करोड़ों लोग ऐसे हैं, जिन्हें अपनी आय का बड़ा हिस्सा केवल इलाज पर खर्च करना पड़ता है। यह स्थिति न केवल आर्थिक असमानता को बढ़ाती है बल्कि सामाजिक न्याय की अवधारणा पर भी प्रश्नचिन्ह लगाती है।

कोविड–19 जैसी वैश्विक महामारी ने तो पूरी दुनिया के समक्ष यह स्पष्ट कर दिया कि आधुनिक चिकित्सा प्रणाली कितनी भी विकसित क्यों न हो, यदि उसमें समावेशिता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का अभाव है तो वह संकट के समय लड़खड़ा सकती है। विकसित देशों में भी स्वास्थ्य संसाधनों की कमी ने यह सिद्ध किया कि केवल आर्थिक समृद्धि पर्याप्त नहीं बल्कि वैज्ञानिक तैयारी, स्वास्थ्य अवसंरचना और जनविश्वास का समन्वय ही वास्तविक सुरक्षा प्रदान करता है। महामारी के दौरान वैक्सीन, दवाओं और चिकित्सा उपकरणों को लेकर फैली अफवाहों और गलत सूचनाओं ने यह भी दिखाया कि विज्ञान के प्रति अविश्वास स्वयं एक बड़ा स्वास्थ्य संकट बन सकता है। इसलिए इस वर्ष की थीम हमें यह संदेश देती है कि विज्ञान के साथ खड़ा होना केवल एक विकल्प नहीं बल्कि मानवता के अस्तित्व की आवश्यकता है। भारत के संदर्भ में यह विषय और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। एक विशाल और विविधतापूर्ण जनसंख्या वाले देश के रूप में भारत के सामने स्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियां बहुआयामी हैं। एक ओर संक्रामक रोगों का खतरा अभी भी बना हुआ है, वहीं दूसरी ओर गैर–संच. ारी रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियां आज देश में मृत्यु के प्रमुख कारण बन चुकी हैं। बदलती जीवनशैली, असंतुलित आहार, मानसिक तनाव और शारीरिक निष्क्रियता ने इन रोगों को और अधिक बढ़ावा दिया है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि आने वाले वर्षों में इन बीमा. रियों का बोझ और भी अधिक बढ़ने वाला है, जिससे स्वास्थ्य प्रणाली पर अतिरिक्त दबाव पड़ेगा। इसके साथ ही भारत में जनसंख्या संरचना में हो रहे परिवर्तन भी एक नई चुनौती प्रस्तुत कर रहे हैं। वृद्ध जनसंख्या में वृद्धि के साथ अल्जाइमर और डिमेंशिया जैसी बीमारियों का प्रसार बढ़ने की आशंका है। यह न केवल स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए बल्कि सामाजिक और आर्थिक संरचना के लिए भी एक गंभीर चुनौती है। इन परिस्थितियों में केवल पारंपरिक स्वास्थ्य सेवाएं पर्याप्त नहीं होंगी बल्कि एक समग्र और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक होगा, जिसमें रोकथाम, जागरूकता और दीर्घकालिक देखभाल को प्राथमिकता दी जाए। स्वास्थ्य अवसंरचना की बात करें तो भारत में अभी भी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच गहरी खाई मौजूद है। जहां शहरों में आधुनिक अस्पताल और विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध हैं, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की भी कमी देखी जाती है। डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की कमी इस समस्या को और जटिल बनाती है। ऐसे में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाएं, टेलीमेडिसिन और ई–हैल्थ प्लेटफॉर्म एक महत्वपूर्ण समाधान के रूप में उभर रहे हैं। यह तकनीकें दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं लेकिन इनका प्रभावी उपयोग तभी संभव है, जब डिजिटल साक्षरता और इंटरनेट की पहुंच को भी समान रूप से बढ़ाया जाए। इस परिप्रेक्ष्य में एक स्वास्थ्य की अवधारणा अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। यह दृष्टिकोण मानव, पशु और पर्यावरण के स्वास्थ्य को एक–दूसरे से जुड़ा हुआ मानता है। इसलिए स्वास्थ्य नीतियों को केवल चिकित्सा तक सीमित न रखकर पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास से भी जोड़ना होगा। वैज्ञानिक अनुसंधान और डेटा–आधारित नीतियों के माध्यम से ही इन जटिल चुनौतियों का समाधान संभव है। आज के समय में एक और बड़ी चुनौती है भ्रामक सूचनाओं का प्रसार। सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म के विस्तार के साथ गलत जानकारियां तेजी से फैलती हैं, जो लोगों के स्वास्थ्य संबंधी निर्णयों को प्रभावित करती हैं। वैक्सीन विरोधी अभियान, अप्रमाणित उपचार पद्धतियों का प्रचार और छद्म विज्ञान के बढ़ते प्रभाव ने स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक नया खतरा उत्पन्न कर दिया है। इस स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक है कि वैज्ञानिक तथ्यों को सरल और प्रभावी तरीके से आम जनता तक पहुंचाया जाए और लोगों में वैज्ञानिक सोच विकसित की जाए। सरकारों की भूमिका भी इस दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्वास्थ्य बजट में वृद्धि, चिकित्सा शिक्षा का विस्तार, अनुसंधान को प्रोत्साहन और स्वास्थ्य सेवाओं का सार्वभौमिकरण ऐसे कदम हैं, जो इस दिशा में निर्णायक सिद्ध हो सकते हैं। भारत में आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हैं, जिनका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना है। लेकिन इन योजनाओं की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि उनका क्रियान्वयन कितनी पारदर्शिता और प्रभावशीलता के साथ किया जाता है। विज्ञान और तकनीक की भूमिका को भी इस संदर्भ में अनदेखा नहीं किया जा सकता। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा एनालिटिक्स, जीनोमिक्स और बायोटेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्र स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकते हैं। रोगों की प्रारंभिक पहचान, व्यक्तिगत उपचार और दवाओं के विकास में यह तकनीकें महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। हालांकि यह भी सुनिश्चित करना होगा कि इन तकनीकों का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे और यह केवल कुछ चुनिंदा लोगों तक सीमित न रह जाए। यह समझना भी आवश्यक है कि स्वास्थ्य केवल सरकारों या संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं बल्कि यह एक सामूहिक दायित्व है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना होगा और स्वस्थ जीवनशैली अपनानी होगी। संतु. लित आहार, नियमित व्यायाम, मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान और स्वच्छता जैसे छोटे–छोटे कदम बड़े बदलाव ला सकते हैं। इसके साथ ही समाज में सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को भी बढ़ावा देना होगा ताकि कोई भी व्यक्ति स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे। विश्व स्वास्थ्य दिवस का संदेश यही है कि यदि हमें एक स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य की कल्पना करनी है तो हमें विज्ञान के साथ खड़ा होना होगा। वैज्ञानिक सोच, वैश्विक सहयोग और मानवीय संवेदनाओं का संगम ही वह मार्ग है, जो हमें स्वास्थ्य की समानता और सार्वभौमिकता की दिशा में आगे बढ़ा सकता है। यह केवल एक दिवस का संदेश नहीं बल्कि एक सतत संकल्प है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



शिमला। लाहौल-स्पीति जिले के रोहतांग स्थित अटल सुरंग के उत्तरी प्रवेश द्वार पर बर्फ के बीच साहसिक गतिविधियों में भाग लेते पर्यटक।

## जापोरोजे परमाणु ऊर्जा संयंत्र में स्थिति लगातार तनावपूर्णः चेर्निचुक

**मास्को।** जापोरोजे परमाणु ऊर्जा संयंत्र के निदेशक यूरी चेर्निचुक ने कहा है कि संयंत्र की सुविधाओं और शहर पर युद्ध के प्रभाव के कारण वहां की स्थिति लगातार तनावपूर्ण बनी हुई है। संयंत्र की प्रवक्ता एवगेनिया याशिना ने शुक्रवार को बताया था कि पिछले दो हफ्तों में जापोरोजे परमाणु ऊर्जा संयंत्र और एनरगोदर के पास के क्षेत्र में यूक्रेन के सशस्त्र बलों के हमलों की तीव्रता में काफी वृद्धि हुई है।रोसाटॉम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एलेक्सी लिखाचेव ने रविवार को कहा कि पिछले कुछ दिनों में संयंत्र क्षेत्र पर कोई हमला नहीं हुआ है, लेकिन स्टेशन के अनुषंगी शहर एनरगोदर पर हमले हुए हैं।

## पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण ऊर्जा संकट की है आशंकाः मेलोनी

**रोम।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने स्वीकार किया है कि यदि पश्चिम एशिया में स्थिति और बिगड़ती है तो देश को ऊर्जा की कमी का सामना करना पड़ सकता है। 'कोरिरे डेला सेरा' अखबार ने इटली के चार हवाई अड्डों-मिलान, वेनिस, ट्रेविसो और बोलोग्ना में जेट ईंधन पर लागू किए गए पहले प्रतिबंध की जानकारी दी। सुमेलोनी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर कहा कि जब खाड़ी देशों में अस्थिरता बढ़ती है, तो इसका सीधा असर ऊर्जा की लागत, व्यवसायों, नौकरियों और अंततः परिवारों की क्रय शक्ति पर पड़ता है। प्रधानमंत्री का मानना है कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में फारस की खाड़ी के देश प्रमुख भूमिका निभाते हैं। अगर वहां उत्पादन कम या बंद होता है, तो ऊर्जा की कीमतें हर किसी के लिए बढ़ जाएंगी।

# अमेरिका ने अपने ही विमानों पर बमबारी कीः IRGC

### ट्रम्प की बेइज्जती से बचने और अपनी सेना की प्रतिष्ठा को बचाने के लिए मजबूर होना पड़ाः ईरानी वायु रक्षा कमान

**तेहरान/नई दिल्ली।** ईरान के वायु रक्षा कमान ने कहा है कि अमेरिकी सेना ने बचाव अभियान के दौरान अपने ही विमानों पर बमबारी कर दी। ईरान के एकीकृत वायु रक्षा कमान 'खातम अल-अंबिया मुख्यालय' के प्रवक्ता ने कहा कि जब ईरान के लड़ाकू विमानों ने घेराबंदी पूरी कर ली, तो ट्रम्प की बेइज्जती से बचने और अपनी सेना की प्रतिष्ठा को बचाने के लिए अपने ही गिराए गए विमानों, साजो-सामान, कमांडरों और सैनिकों पर भारी बमबारी करने को मजबूर होना पड़ा।

उन्होंने कहा कि अमेरिका के कई विमानों को निशाना बनाया गया और उन्हें इस्फहान के दक्षिण में आपातकालीन लैंडिग करने पर मजबूर होना पड़ा। इनमें दो सी-130 सैन्य परिवहन विमान और दो ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर शामिल थे। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने एक बयान में अमेरिका के इस अभियान को 'विफल' बताया गया और कहा गया कि इसके परिणाम को 'सिर्फ बयानबाजी, मीडिया युद्ध या मनोवैज्ञानिक अभियानों से ठीक नहीं किया जा सकता।' वहीं ईरान के उपराष्ट्रपति मोहम्मद रजा आरिफ ने तेहरान के 'शरीफ प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय' को निशाना बनाकर किए गए कथित 'बंकर-बस्टर' बम हमले की निंदा करते हुए इसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की 'बर्बरता' करार दिया है। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त आरिफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि शरीफ विश्वविद्यालय पर बंकर-बस्टर बम हमला ट्रम्प के पागलपन और अज्ञानता का प्रतीक है। ईरानी उपराष्ट्रपति ने कहा कि वह (ट्रम्प) यह समझने में विफल रहे हैं कि ईरान का ज्ञान कंक्रीट में नहीं दबा है जिसे बमों से नष्ट किया जा सके, असली किला तो हमारे प्रोफेसरों और लोगों की इच्छाशक्ति है। आरिफ ने जोर देकर कहा कि इतिहास की कोई भी बर्बरता ईरानी लोगों से विज्ञान को छीनने में कभी सक्षम नहीं हुई है।



■ शरीफ विश्वविद्यालय पर हमला ट्रम्प की अज्ञानता का प्रतीकः मोहम्मद रजा आरिफ बंकर-बस्टर बम हमले की निंदा की

विज्ञान हमारी आत्माओं में रचा-बसा है और यह किला कभी नहीं ढहेगा। गौरतलब है कि सोमवार तड़के हुए इस हमले पर अमेरिका ने फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की है। शरीफ विश्वविद्यालय की तुलना अक्सर अमेरिका के मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) से की जाती है, क्योंकि ईरान में वैज्ञानिक अध्ययन को आगे बढ़ाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इस विश्वविद्यालय से जुड़े कई प्रोफेसरों की पहले भी हत्या की जा चुकी है, जिन पर देश के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े होने के आरोप थे।

## जापान ईरान के साथ सीधे संपर्कों का कर रहा है उपयोगः ताकाइची

**टोक्यो।** प्रधानमंत्री सानाए तकाइची ने कहा है कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच जापान होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ईरान के साथ सीधे संचार माध्यमों का उपयोग कर रहा है। सुताकाइची ने संसद में प्रश्नों के उत्तर में कहा कि हमने आज तक विभिन्न स्तरों पर ईरान के साथ घनिष्ठ संवाद बनाए रखा है। फारस की खाड़ी में जापान से जुड़े जहाजों सहित कई जहाजों के फंसे होने पर चिंता व्यक्त करते हुए, हम मांग करते हैं कि ईरानी पक्ष होर्मुज जलडमरूमध्य में सभी जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि इसके साथ इस सीधे माध्यम का उपयोग करते हुए, हम होर्मुज जलडमरूमध्य में नौवहन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित उपायों की तलाश जारी रखेंगे। यह महत्वपूर्ण है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में जापानी जहाजों सहित सभी जहाजों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित किया जाए। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में हमले शुरू किए थे। ईरान, इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमलों के साथ जवाबी कार्रवाई कर रहा है।

# युद्ध कई साल चला, तो भी नहीं होगी मिसाइलों की कमीः ईरान

### सैन्य कार्रवाइयों के दौरान पूरी दुनिया के सामने कई क्षेत्रों में अपनी रक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन किया

**तेहरान/काहिरा।** ईरान ने कहा है कि अगर अमेरिका और इजरायल के साथ सैन्य संघर्ष कई सालों तक चलता है, तब भी उसके पास मिसाइलों की कोई कमी नहीं होगी। यह बात ईरान के राष्ट्रीय सुरक्षा एवं विदेश नीति पर संसदीय आयोग के सदस्य अलाएद्दीन बोरूजेर्दी ने रविवार को कही।

ईरानी संसद की एजेंसी 'खाने-ए-मल्लत' ने बोरूजेर्दी के हवाले से कहा कि अगर यह युद्ध महीनों या सालों तक भी चलता है, तब भी ईरान को मिसाइल और रणनीतिक भंडारों के मामले में कोई समस्या नहीं होगी। रिपोर्ट के अनुसार ईरान ने अमेरिका और इजरायल के साथ सैन्य कार्रवाइयों के दौरान पूरी दुनिया के सामने कई क्षेत्रों में अपनी रक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन किया है, जिससे यह साबित होता है कि उसकी सेना दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेनाओं में से एक है। गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में कई ठिकानों पर हमले किए, जिसमें तेहरान भी शामिल था। इससे काफी नुकसान हुआ और आम नागरिकों की जान भी गई। ईरान ने इसके जवाब में इजरायली क्षेत्र और पश्चिम एशिया में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए। वहीं मिस्र में ईरानी के राजनयिक मिशन के प्रमुख मोजतबा फेरदोसीपुर ने कहा है कि ईरान के पास इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि खाड़ी के देश इस्लामिक गणराज्य के क्षेत्र पर हुए हमलों में शामिल हैं। फेरदोसीपुर से जब पूछा गया कि क्या खाड़ी के देश ईरानी क्षेत्र पर हमलों में हिस्सा ले रहे है, तो उन्होंने कहा कि हमें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में हमले शुरू किए थे। वहीं ईरान ने जवाबी कार्रवाई में इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए।



■ अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में कई ठिकानों पर हमले किए, जिसमें तेहरान भी शामिल था

## ईरान के बहरेस्तान में अमेरिका और इजरायल के हमले में 13 लोगों की मौत

**तेहरान।** अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान के बहरेस्तान में किए गए हमले में 13 लोगों की मौत हो गई। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी और इजरायली सेना ने बहरेस्तान क्षेत्र के क़लेह मीर शहर में दो रिहायशी इमारतों पर बमबारी की, जिसमें कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। गौरतलब है कि यह क्षेत्र तेहरान प्रांत का एक घनी आबादी वाला इलाका है। बहरेस्तान के गवर्नर ने बताया कि मलबे को हटाने और मलबे में फंसे लोगों को बचाने के लिए तलाशी अभियान जारी है।

## अमेरिका-इजरायल के हमले में ईरान में छह बच्चों की मौत

**मास्को।** ईरान के तेहरान प्रांत पर रात भर चले अमेरिकी और इजरायली हमलों में कम से कम छह बच्चों की मौत हो गई है। प्रेस टीवी ने आपातकालीन सेवाओं के हवाले से बताया है कि तेहरान के आपातकालीन संचालन केंद्र के अनुसार चार बच्चियों और दो बच्चों की मौत हुई, जिनकी उम्र 10 साल से कम थी। गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में कई ठिकानों पर हमले शुरू किए थे , जिसमें तेहरान भी शामिल था। इससे काफी नुकसान हुआ और आम नागरिकों की जानें गयीं। इसके जवाब में ईरान इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले कर रहा है।

## मध्यस्थता कर रहे 45-दिनों के संभावित संघर्ष-विराम की शर्तों पर चर्चा

**मास्को।** अमेरिका, ईरान और क्षेत्रीय मध्यस्थ संघर्ष को सुलझाने के लिए बनाई गई दो-चरणों वाली योजना के पहले चरण के तौर पर 45 दिनों के संभावित युद्धविराम की शर्तों पर चर्चा कर रहे हैं। अमेरिकी वेबसाइट एक्सियोस ने सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। एक्सियोस एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया है कि ट्रम्प प्रशासन ने हाल के दिनों में ईरान के सामने कई प्रस्ताव रखे थे, लेकिन ईरानी अधिकारियों ने अभी तक उनमें से किसी को भी स्वीकार नहीं किया है। सूत्रों के मुताबिक अगले 48 घंटों के भीतर दोनों पक्षों के बीच किसी समझौते की संभावना कम है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इससे पहले सोशल मीडिया पर ईरान के ऊर्जा संयंत्रों और पुलों को मंगलवार को नष्ट करने की धमकी दी है और होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने की मांग की है। एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक दो-चरणों वाले समझौते पर फिलहाल चर्चा चल रही है। पहले चरण में 45 दिनों का युद्धविराम शामिल है, जिसके दौरान अंतिम शांति की शर्तों पर चर्चा की जाएगी। सूत्रों ने कहा कि यदि पक्षों को बातचीत के लिए अधिक समय की आवश्यकता होती है, तो इस युद्धविराम को बढ़ाया भी जा सकता है।

# ईरान पर अपमानजनक पोस्ट कर फंसे ट्रम्प

■ राष्ट्रपति के खिलाफ 25वां संशोधन लागू करने की उठी मांग

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ 25वां संशोधन लागू करने की मांग हो रही है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईस्टर की सुबह ईरान को टारगेट करते हुए अपशब्दों से भरा एक पोस्ट ट्रूथ सोशल पर साझा किया था। इसके बाद अमेरिकी सांसदों ने उनके खिलाफ 25वां संशोधन लागू करने की मांग कर रहे हैं। अमेरिकी कांग्रेस के लोगों का कहना है कि ट्रम्प शायद मानसिक तौर पर ठीक नहीं हैं।

कनेक्टिकट से डेमोक्रेटिक सीनेटर क्रिस मर्फी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि अगर मैं ट्रम्प की कैबिनेट में होता, तो मैं ईस्टर पर सांविधानिक वकीलों को 25वें संशोधन के बारे में बताता। बता दें, अमेरिका का 25वां संशोधन एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें उपराष्ट्रपति और कैबिनेट के ज्यादातर लोग अपनी डयूटी न कर पाने की वजह से राष्ट्रपति को बदलने का विकल्प चुन सकते हैं और फिर उपराष्ट्रपति प्रेसिडेंट की भूमिका निभाते हैं। डेमोक्रेटिक सांसद यासमीन अंसारी ने भी पोस्ट किया कि 25वां संशोधन किसी वजह से है। पूर्व होस्ट मेहदी हसन ने लिखा कि राष्ट्रपति का ईस्टर मैसेज, जिसके लिए वीपी और कैबिनेट को सच में 25वां संशोधन लागू करना चाहिए। डेमोक्रेटिक रिप्रेजेंटेटिव मेलानी स्टैंसबरी की एक और अपील में कहा गया, श्सम्राट के पास कपड़े नहीं हैं। 25वें संशोधन का समय आ गया है। कांग्रेस और कैबिनेट को कार्रवाई करनी चाहिए। ट्रम्प की पूर्व समर्थक मार्जोरी टेलर ग्रीन ने एक लंबा पोस्ट शेयर किया जिसमें उन्होंने अमेरिकी सरकार से ट्रम्प के पागलपन में दखल देने की अपील की। उन्होंने कहा, श्वो पागल हो चुके हैं और आप सभी इसमें शामिल हैं। ट्रम्प के विरोधी और पूर्व कांग्रेसी जो वाल्श ने कहा कि उनकी ईस्टर की सुबह की पोस्ट। और सिर्फ 2 दिन पहले, उनके एक धार्मिक सलाहकार ने उनकी तुलना ईसा मसीह से की थी। वह हमेशा इस देश और दुनिया पर भी एक दाग रहेंगे। अभी 25वां संशोधन हो। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति के जिस पोस्ट को लेकर इतना बवाल मचा है, उसमें उन्होंने ईरान के लिए मंगलवार तक की चेतावनी जारी करते हुए ट्रूथ सोशल पर लिखा कि ईरान में मंगलवार का दिन 'पावर प्लांट' और 'ब्रिज डे' के रूप में जाना जाएगा, जो अपनी तरह का अनोखा होगा।

# राजनाथ ने देश के चारों कोनों में सेना के रिसर्च और रेफरल अस्पताल बनाने का सुझाव दिया

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आर्मी मेडिकल कोर के 262 वें स्थापना दिवस समारोह के अंतर्गत सोमवार को यहां सेना अस्पताल (रिसर्च एंड रेफरल) में नेत्र विज्ञान, कैंसर चिकित्सा तथा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सेंटरों की आधारशिला रखी तथा दिल्ली छावनी स्थित बेस अस्पताल में नए बुनियादी ढांचे का शिलान्यास किया।

रक्षा मंत्री ने सैन्य चिकित्सा के क्षेत्र में उभरती चुनौतियों का सामना करने के लिए निरंतर नवाचार, क्षमता निर्माण और आधुनिक प्रौद्योगिकियों के एकीकरण के महत्व का उल्लेख किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस नई सुविधाएं सेवारत कर्मियों, पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा प्रदान करेंगी। उन्होंने देश के चारों कोनों में सेना अस्पताल (रिसर्च एंड रेफरल) के समान संस्थान स्थापित करने की संभावनाओं का अध्ययन करने का सुझाव दिया, ताकि हर क्षेत्र के सैनिकों को उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि नए संस्थान बनाने के बजाय मौजूदा कमान और बेस अस्पतालों को उन्नत कर इस स्तर तक लाया जा सकता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज के समय में 'सुरक्षा' का अर्थ केवल सीमाओं की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। जब सैनिकों को श्रेष्ठ चिकित्सा सहायता का विश्वास होता है, तो वे बिना भय के अपने मिशन पूरे करते हैं। उन्होंने कहा कि किसी राष्ट्र की प्रगति केवल आर्थिक मानकों से नहीं आंकी जा सकती, बल्कि जनस्वास्थ्य भी एक महत्वपूर्ण आयाम है। चिकित्सा क्षेत्र को बदलती चुनौतियों के अनुरूप स्वयं को निरंतर अद्यतन करना होगा और समग्र विकास की दिशा में आगे बढ़ना होगा। रक्षा मंत्री ने सैन्य नर्सिंग सेवा की नर्सों के योगदान की सराहना की।

■ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सैन्य नर्सिंग सेवा की नर्सों के योगदान की सराहना की



## चीन ने रूसी नागरिकों के वास्ते वीजा-मुक्त व्यवस्था को बढ़ाया

**मास्को।** चीन ने रूसी नागरिकों के लिए वीजा-मुक्त व्यवस्था को एक साल के लिए बढ़ाने का फैसला लिया है। इजवेस्टिया अखबार ने रूसी विदेश मंत्रालय के एक सूत्र के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह खबर दी है। मंत्रालय ने अखबार को बताया कि हमारे साझेदारों ने हमें पहले ही सूचित कर दिया है कि वे रूसी नागरिकों के लिए वीजा-मुक्त व्यवस्था को एक और साल के लिए बढ़ाने को तैयार हैं। हम आपसी यात्रा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए तौर-तरीके तय करने हेतु उनके साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

ग्राम के विकास के लिए समर्पित
फिरोज बेग
ग्राम प्रधान पद के युवा, शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी
ग्राम पंचायत रेहड़



आवश्यकता है
जामिया इस्लामिया अरबिया मुरादिया स्कूल, चरथावल रोड
(English Medium - कक्षा 1 से 5 तक)
विद्यालय हेतु एक योग्य एवं अनुभवी प्रधानाचार्य (Principal) तथा प्रशिक्षित अध्यापकों (Teachers) की आवश्यकता है।
प्रधानाचार्य के लिए योग्यताः
स्नातक/स्नातकोत्तर (शिक्षा में वरीयता) B.Ed
अध्यापक के लिए योग्यताः
स्नातक/स्नातकोत्तर (संबंधित विषय में) B.Ed/BTC
आकर्षक वेतन (योग्यता एवं अनुभव के अनुसार), अनुशासित एवं शैक्षणिक वातावरण
प्रवेश संबंधित सूचनाः प्रवेश प्रारंभ (Admissions Open)
मासिक शुल्कः 50 रु. मात्र, प्रवेश निःशुल्क (Free Admission)
स्थानः चरथावल रोडः इच्छुक अभ्यर्थी अपना Resume शीघ्र भेजें या संपर्क करें।
M. : 9368215210

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108



श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्योपैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

ADMISSION OPEN
Mom & Me
NURTURING WITH LOVE
PLAY | NURSERY | LKG | UKG | 1st to 4th
M.: 9997023008
Branch1- New Mandi, Near Bala ji Dham Chowk
Branch2- Circular Road, Opp. Canara Bank

जो माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई से संतुष्ट नहीं हैं और अपने बच्चों को किसी भी क़ीमत पर होशियार और सफल बनाना चाहते हैं तो संपर्क करें!
ESTD. 1995
Unique COACHING CENTRE
UNIQUE SUCCESS POINT
पहले देखे! फिर विश्वास करें!
FREE 10 DAYS DEMO
आपकी एक मीटिंग हमारे साथ आपके बच्चों का जीवन बदल सकती है!
BOTH U.P. & C.B.S.E. BOARD STUDENTS CLASS I TO X
+91 7505612792
+91 9412507193
DIR- LOKESH CHAUHAN
M.Sc (Phy.), B.Ed.